www.epaper.azadsipahi.in

17 अक्टूबर, 2025
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 355


समाज में वंचित और जरूरतमंद लोगों को अलग अलग माध्यम से सहायता पहुंच रही : हेमंत सोरेन









आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 17 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार में प्रत्याशी चयन में भाजपा ने साधे कई समीकरण

## ■ बदलाव की आंधी चलायी, तो उड़ गये स्पीकर समेत 18 बड़े चेहरे

## ■ 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रख तैयार किया 'चक्रव्यूह'

**आजाद सिपाही विशेष**

**बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ एनडीए के सबसे बड़े घटक भाजपा ने अपने 101 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इसके साथ ही पार्टी ने बिहार चुनाव के लिए तैयार अपनी रणनीति का भी परिचय दे दिया है। प्रत्याशी चयन में पार्टी ने हर उस पहलू का ध्यान रखा है, जिससे परिणाम पर थोड़ा भी प्रभाव पड़ता हो। भाजपा ने जहां प्रत्याशी चयन में 'बदलाव' को अपनाते हुए अपने 18 बड़े नेताओं का टिकट काट दिया है, वहीं 2024 में हुए लोकसभा चुनाव के परिणामों को भी ध्यान में रखते हुए एक विशेष 'चक्रव्यूह' तैयार किया है, ताकि प्रतिद्वंद्वी को घेरा जा सके। बिहार में भाजपा ने जो बदलाव की आंधी चलायी, उसमें तो विधानसभा अध्यक्ष समेत 18 विधायक उड़ गये, जिसका सियासी महत्व कमतर नहीं आंका जा सकता है। इस बदलाव के जरिये पार्टी ने यह संकेत दे दिया है कि उसके लिए व्यक्ति महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि परिणाम अधिक अहम है। पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और अमरेंद्र प्रताप सिंह जैसे दिग्गजों का टिकट काट कर साफ कर दिया है कि इस बार का बिहार चुनाव पार्टी के लिए कितना महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, सीट शेयरिंग से लेकर प्रत्याशी चयन तक में भाजपा ने सामाजिक और राजनीतिक समीकरणों का इतना अधिक ध्यान रखा है कि लगता है, उसकी चुनावी मशीनरी बेहद कुशलता और पूरी क्षमता से काम कर रही है। पार्टी ने प्रत्याशी चयन के दौरान नेताओं की निजी महत्वाकांक्षाओं पर जरा भी ध्यान नहीं दिया है, जो बताता है कि भाजपा बिहार में इस बार निर्णायक चुनाव लड़ रही है। भाजपा प्रत्याशियों की सूची की क्या है खासियत और क्या है भाजपा की रणनीति, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



राकेश सिंह
संपादक

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का काम तेजी से जारी है। छह नवंबर को होनेवाले पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन भरने का काम 17 अक्टूबर को खत्म हो जायेगा, जबकि 11 नवंबर को होनेवाले दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 20 अक्टूबर है। बिहार में सत्तारूढ़ एनडीए के घटक दलों, भाजपा, जदयू, लोजपा (आर), रालोमो और हम ने सीट शेयरिंग के फौरन बाद अपने-अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है।

### प्रत्याशी चयन में भाजपा की रणनीति

भाजपा ने अपने 101 प्रत्याशियों की जो दो सूची जारी की है, उसमें कई सियासी समीकरण साधे गये हैं। पार्टी ने जीत की उम्मीद में कुछ नये चेहरों को मैदान में उतारा है, तो कुछ पुराने और अनुभवी नेताओं को इस बार विराम भी दिया है। दूसरे शब्दों में कहें, तो भाजपा ने 'बदलाव की आंधी' का सिलसिला जारी रखते हुए बिहार में 18 पुराने चेहरों को इस बार चुनाव मैदान से बाहर रखा है, जो पार्टी के दिग्गज माने जाते हैं। इनमें जहां विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव हैं, तो मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह भी हैं। भाजपा प्रत्याशियों की सूची के विश्लेषण से साफ हो जाता है कि पार्टी ने इस बार किसी किस्म का रिस्क नहीं उठाया है। इतना ही नहीं, पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में कुछ सीटों पर मिली हार को भी ध्यान में रखा है और इस लिहाज से सामाजिक समीकरणों पर ध्यान दिया है।

### लोकसभा चुनाव की चूक को पहचाना है भाजपा ने

लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए को काराकाट, बक्सर, आरा और औरंगाबाद में बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा था। तभी एनडीए को यह समझ में आ गया था कि चूक कहां हुई है। अब भाजपा और उसके सहयोगी जदयू की तरफ से जारी उम्मीदवारों की सूची से इतना साफ लग रहा है कि उसके फोकस पर कौन से वोटर हैं। भाजपा और जदयू ने अपने-अपने कोटे से 14 ऐसे उम्मीदवारों को तरजीह दी है, जो एक ही जाति के हैं। मकसद साफ है कि इन वोटरों को गोलबंद कर अपने पाले में लाना, जिनके चलते लोकसभा चुनाव 2024 में नुकसान हुआ।

### भाजपा की सूची में सात कुशवाहा प्रत्याशी

भाजपा ने सात कुशवाहा उम्मीदवार उतारे हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों में कुशवाहा मतदाताओं की एक बड़ी जमात ने महागठबंधन को वोट किया था। इससे दक्षिण बिहार की लोकसभा सीटों के एक बड़े हिस्से में एनडीए खेमे को भारी नुकसान हुआ।

एनडीए को समझ में आते देर नहीं लगी कि उसके कुशवाहा वोट बैंक में लालू यादव ने सेंध लगा दी। इसी के चलते एनडीए को आरा, काराकाट, बक्सर और औरंगाबाद में हार का सामना करना पड़ा।

ऐसे में अब इन वोटरों को फिर से पाले में लाने की कोशिश की जा रही है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए कुशवाहा वोटरों में सेंधमारी से बचने के लिए सक्रिय हो चुका है।




### एनडीए ने ऐसे बनाया चक्रव्यूह

एनडीए खेमे में बड़ी संख्या में कुशवाहा उम्मीदवारों का चयन इस विधानसभा चुनाव में कुशवाहा वोटरों को अपने पक्ष में बनाये रखने की एनडीए की नयी कोशिश को साफ दिखा रहा है। भाजपा के कुशवाहा चेहरे और उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को तारापुर से विधानसभा चुनाव लड़ने का टिकट दिया गया है। जदयू ने मीनापुर से अजय कुशवाहा, जीरादेई से भीष्म कुशवाहा, महनार से उमेश सिंह कुशवाहा, विभूतिपुर से रविना कुशवाहा और जगदीशपुर से भगवान सिंह कुशवाहा को मैदान में उतारा है।

### भाजपा ने टिकट काटने में भी देरी नहीं की

भाजपा ने बिहार में इस बार बदलाव का जो सिलसिला जारी रखा है, उससे राजनीतिक हलकों में खलबली है। पार्टी ने जिन 18 दिग्गजों का टिकट काटा है, उनमें विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव भी शामिल हैं। कई बार के विधायक रहे और कई भूमिका का निर्वहन करने वाले नंदकिशोर यादव को इस बार विराम दिया गया। ये मंत्री भी रहे, भाजपा के बिहार अध्यक्ष भी रहे। इस बार भाजपा ने युवा नेता रत्नेश कुशवाहा पर दांव खेला है। इसी तरह अरुण सिन्हा कुम्हरार से करीब 20 वर्षों से विधायक रहे हैं। भाजपा के प्रारंभ से ही नेता रहे। काफी मिलनसार रहने के कारण ये जनता के बीच लोकप्रिय भी रहे। पार्टी के सचेतक भी रहे। पर उम्र की आड़ में इनका टिकट काट दिया गया। यहां से भाजपा ने युवा चेहरे संजय गुप्ता को उम्मीदवार बनाया है। आरा से अमरेंद्र प्रताप सिंह सीटिंग विधायक थे। उम्र के कारण इनका भी टिकट कटा। ये कृषि मंत्री भी रहे। भाजपा ने इस बार युवा नेता संजय टाइगर को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने औराई से पूर्व मंत्री रामसूरत राय को चुनावी जंग से बाहर किया। इन पर सरकार में मंत्री रहने के दौरान ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर नीतीश की नजर टेढ़ी हो गयी थी। तब भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग की उस वक्त की गयी सारी ट्रांसफर-पोस्टिंग रद्द कर दी गयी थी। अब पार्टी ने उनका टिकट काट दिया और उनकी जगह रमा निषाद को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह रीगा से मोतीलाल प्रसाद की जगह बैद्यनाथ प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है। मोतीलाल प्रसाद बिहार सरकार में मंत्री भी रहे हैं। पर इन पर एंटी इनकंबेंसी और कार्य की दक्षता को ले कर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। भाजपा ने अलीनगर से मिश्रीलाल यादव की जगह मैथिली ठाकुर को और गौड़ा बौराम से स्वर्णा सिंह की जगह उनके पति सुजीत सिंह को उम्मीदवार बनाया है। सीतामढ़ी से मिथिलेश कुमार की जगह सुनील पिंटू को उम्मीदवारी दी गयी है। ये 2019 के चुनाव में जदयू के टिकट पर चुनाव लड़कर सांसद बने। भाजपा ने राजनगर सुरक्षित सीट से पूर्व मंत्री रामप्रीत पासवान की जगह सुजीत पासवान को अपना उम्मीदवार बनाया है। नरपतगंज से मौजूदा विधायक जयप्रकाश यादव का टिकट काटकर देवंती यादव पर भरोसा जताया गया है। कटोरिया सुरक्षित सीट से पार्टी ने निक्की हेंब्रम का टिकट काटकर पूरनलाल टुडू को उम्मीदवार बनाया है। मुंगेर से विधायक प्रणव कुमार का टिकट काटकर पार्टी ने कुमार प्रणय को उम्मीदवार बनाया। बाढ़ से ज्ञानेंद्र ज्ञानू का टिकट काट कर डॉ सियाराम सिंह को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। छपरा से विधायक सीएन गुप्ता का टिकट काटकर छोटी कुमारी को उम्मीदवार बनाया गया है। गोपालगंज से विधायक कुसुम देवी का टिकट काट कर सुभाष सिंह को उम्मीदवार बनाया गया। रामनगर से विधायक भागीरथी देवी की जगह नंदकिशोर राम को उम्मीदवार बनाया गया है। नरकटियागंज से विधायक रश्मि वर्मा की जगह संजय पांडेय पर पार्टी ने भरोसा जताया है। इसी तरह पीरपैंती से विधायक ललन पासवान की जगह मुरारी पासवान को उम्मीदवार बनाया गया है। रामनगर से भागीरथी देवी का टिकट काट कर नंद किशोर राम को टिकट दिया गया है।

भाजपा की सूची को देख कर साफ हो जाता है कि पार्टी बिहार के चुनाव में इस बार एक अनोखी रणनीति अपना रही है, जिसमें आक्रामकता के साथ सियासी समीकरण और जातीय गोलबंदी का अचुक मिश्रण है।

---

# डेढ़ साल से अटकी 15वें वित्त की राशि, ठप पड़ा पंचायत का विकास



**डंडई प्रखंड की सभी 9 पंचायतों में सड़क, नाली, जलमीनार समेत सभी विकास कार्य ठप**

**जनता का गुस्सा प्रतिनिधियों पर, चुनाव में सबक सिखाने की दे रहे धमकी**

**जितेंद्र यादव**

**डंडई/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में कुल 9 पंचायत हैं। इन पंचायतों को विकास मद में वर्ष 2024-25 व वर्ष 2025-26 का 15वें वित्त की राशि नहीं मिलने के कारण पंचायत से होने वाला सभी विकास कार्य बाधित है। सरकार द्वारा पंचायत को विकास मद की राशि नहीं दिये जाने के कारण पंचायत का विकास रुक गया है। एक तरफ सरकार गांव, गरीब, किसान को सुदृढ़ करने की बात करती है, दूसरी तरफ समस्त विकास मद की राशि पर कुंडली मारकर बैठी हुई है। ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था कैसे सुदृढ़ होगा यह सोचनीय है। दो वित्तीय वर्ष की राशि पंचायत को नहीं मिली है।

जबकि वित्तीय वर्ष का डेढ़ वर्ष गुजर गया। पंचायत में विकास कार्य ठप होने से पंचायत के लोग गुस्से में पंचायत प्रतिनिधियों को खरी खोटी सुना रहे हैं। साथ ही अगले पंचायत चुनाव में प्रतिनिधियों को सबक सिखाने की धमकी भी दे रहे हैं। चुनाव के दौरान पंचायत प्रतिनिधि मतदाताओं को तरह-तरह के विकास कार्यों का प्रलोभन देकर उनका समर्थन प्राप्त किया था। विकास मद की राशि नहीं मिलने से प्रतिनिधियों को डर सताने लगा है कि पांच वर्ष में तीन वर्ष गुजर गये, पर पंचायत का विकास नगण्य है। ऐसे में दोबारा वोट मांगने मतदाताओं के पास कैसे जायेंगे। सरकार द्वारा पंचायत के विकास के लिए राशि निर्गत नहीं किये जाने के कारण मजदूरों को अपने पंचायत में रोजगार भी नहीं मिल पा रहा है। पंचायत से होने वाले सभी विकास कार्य बाधित हैं। पंचायत की सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। वहीं अधिकतर जलमीनार और हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं। सड़क निर्माण, नाली निर्माण, हैंड पंप का अधिष्ठापन, जलमीनार का अधिष्ठापन, पुल-पुलिया का निर्माण, डोभा और टीसीबी निर्माण, मेड़बंदी सहित सभी तरह का निर्माण कार्य बाधित है।



"राशि के अभाव में पंचायत का सभी विकास कार्य बाधित हैं। पंचायत को राशि का आवंटन होता तो सड़क निर्माण, नाली निर्माण, चबूतरा निर्माण, जलमीनार की मरम्मति सहित हर तरह का विकास कार्य संचालित होता, जिससे पंचायत के मजदूरों को भी पंचायत स्तर पर रोजगार मिलता। सरकार को अविलंब सभी पंचायत को राशि आवंटित करनी चाहिए ताकि लाभ लोगों को मिल सके।
- सुनीता देवी, मुखिया रारो पंचायत



"दो वित्तीय वर्ष से विकास मद का कोई राशि पंचायत को आवंटित नहीं हुई है। जिसके कारण पंचायत का विकास कार्य ठप पड़ा हुआ है। बरसात में कई सड़क का मिट्टी मोरम बह गया है। नाली का अभाव है। राशि के अभाव में आवास योजना के सिवा कोई भी विकास का कार्य संचालित नहीं हो रहा है। जनता का कोपभाजन हम जनप्रतिनिधियों को बनना पड़ रहा है।
- सरिता कुमारी सिंह, मुखिया पचौर पंचायत



"पिछले दो वित्तीय वर्ष से फंड नहीं मिलने के कारण गांवों का विकास पूरी तरह ठप हो गया है। वहीं राशि के अभाव में अपने वायदों को पूरा नहीं कर पाने के कारण जनप्रतिनिधियों को जनता के सवालों का जवाब देना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में पंचायत प्रतिनिधि अपने आपको उपेक्षित एवं ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।
- कांति देवी, प्रखंड प्रमुख डंडई

---

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना मुर्मू सोरेन सहित 40 लोगों को स्टार प्रचारक बनाया गया

**घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए झामुमो ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में होने वाले घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना मुर्मू सोरेन सहित 40 लोगों को शामिल किया गया है। स्टार प्रचारकों की सूची में हेमंत सोरेन (पार्टी अध्यक्ष), प्रो स्टीफन मरांडी, सरफराज अहमद,



बैद्यनाथ राम, मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, विनोद कुमार पांडेय, फागू बेसरा, दीपक बिरुवा, सुप्रियो भट्टाचार्य, मिथिलेश कुमार ठाकुर, बसंत सोरेन, जोबा मांझी, योगेंद्र प्रसाद, अभिषेक प्रसाद, हेमलाल मुर्मू, सुदिव्य कुमार,



विजय हांसदा, डॉ महुआ माजी, हफिजुल हसन, विकास मुंडा, डॉ लुईस मरांडी, अंजनी सोरेन, समीर मोहंती, मंगल कालिंदी, संजीव सरदार, भूषण तिर्की, निरल पूर्ति, दशरथ गागराई, सुखराम उरांव, मो ताजुद्दीन राजा, उमाकांत रजक, आलोक सोरेन, जगत माझी, रामसुर्या मुंडा, कुणाल षाड़ंगी, रामलाल मुंडा, लक्ष्मण टुडू और बारी मुर्मू मुख्य रूप से शामिल है। इस संबंध में केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत आयोग को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि आसन्न घाटशिला विधानसभा उप चुनाव 2025 में चुनाव प्रचार अभियान को अपनी स्वीकृती प्रदान करते हुए पार्टी के स्टार प्रचारकों द्वारा उपयोग में लायी जाने वाली गाड़ियों का घाटशिला विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र सीमा के अंदर परिचालन की अनुमती के लिए पास निर्गत करने की मांग की है।

# 'सोमेश सोरेन को जिताकर हेमंत सरकार को मजबूत करें'

**इंडिया अलायंस एकजुट, मंच पर झामुमो के साथ दिखे कांग्रेस-राजद-सीपीआइ नेता**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** घाटशिला के जेएन प्लेस में आयोजित प्रेस वार्ता में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी , भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह, राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष शंभू चौधरी, सीपीआइ के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अंबुज कुमार ठाकुर, जिला कार्यकारी सदस्य विक्रम कुमार, जिला परिषद डॉ परितोष सिंह, पार्टी के जिला संयोजक मंडली के प्रमुख बाघराय मार्डी, कांग्रेस प्रदेश सचिव सनत काल्टू चक्रवर्ती, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। इस दौरान आगामी उप चुनाव की तैयारियों, महागठबंधन की एकजुटता और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। सभी ने एक स्वर में कहा कि झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन को जीताकर हेमंत सोरेन सरकार को मजबूत बनाये रखना है।



www.epaper.azadsipahi.in
17 अक्टूबर, 2025
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 355

140 करोड़ हिंदुस्तानियों की होगी 21वीं सदी : मोदी



# झारखंड में एसआइआर: 12 लाख नाम हटाने की तैयारी

**दिसंबर में शुरू होगा अभियान**
**अगले साल मार्च तक पूरा होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) से पहले झारखंड की मतदाता सूची से लगभग 12 लाख नामों को हटाने के लिए चिह्नित किया है। ये नाम जुलाई में शुरू किये गये प्रारंभिक कार्य के परिणामस्वरूप हटाये जा रहे हैं, जिनमें मृत्यु, निवास परिवर्तन और डुप्लिकेट रिकॉर्ड से जुड़ी प्रविष्टियां शामिल हैं। राज्य की वर्तमान मतदाता सूची में लगभग 2.64 करोड़ मतदाता हैं। अधिकारियों का कहना है कि बिहार चुनाव के बाद झारखंड में एसआइआर दिसंबर में शुरू हो सकता है और यह प्रक्रिया अगले साल मार्च तक पूरी हो जायेगी।




अधिकारियों के अनुसार चुनावी मशीनरी नयी दिल्ली से हरी झंडी से मिलने के बाद बूथ स्तर तक एसआइआर शुरू करने के लिए तैयार है। बिहार में सुप्रीम कोर्ट की परीक्षा में खरा उतरने के बाद अब इस प्रक्रिया पर अधिक स्पष्टता है।

उन्होंने आगे कहा कि वे राजनीतिक दलों द्वारा एसआइआर के बारे में फैलायी जा रही किसी भी गलत सूचना को दूर करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

उन्होंने आगे कहा कि दरअसल बिहार में विभिन्न दलों द्वारा छेड़े गये विवादों से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला है।

## एसआइआर कोई नागरिकता परीक्षण नहीं है

चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार झारखंड में फर्जी जन्म प्रमाण पत्रों और आधार कार्डों के प्रचलन से अवगत होने के बावजूद एसआइआर कोई नागरिकता परीक्षण नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत हमारा अधिदेश 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी पात्र भारतीय नागरिकों का पंजीकरण करना है, चाहे उनका धर्म, जाति या सामाजिक स्थिति कुछ भी हो। मांगे गये दस्तावेज - जैसे आधार या जन्म प्रमाण पत्र - केवल जन्मस्थान और जन्मतिथि सत्यापित करने के लिए हैं, नागरिकता की स्थिति निर्धारित करने के लिए नहीं। इसलिए हम झारखंड में अवैध बांग्लादेशी या नेपाली नागरिक की पहचान नहीं करेंगे।

# समाज में वंचित और जरूरतमंद लोगों को अलग अलग माध्यम से सहायता पहुंच रही : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने इप्सोवा के दिवाली मेला का किया उद्घाटन
- इप्सोवा को उसके सामाजिक सरोकार के लिए दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन गुरुवार को इंडियन पुलिस सर्विस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (इप्सोवा) की ओर से डोरंडा के जैप-1 मैदान में आयोजित तीन दिवसीय दिवाली मेला के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इप्सोवा कोई नया नाम नहीं है। यह संस्था एक लंबा सफर तय कर चुकी है। इस दौरान इस संस्था द्वारा समाज की मुख्यधारा से अलग-थलग, दबे-कुचले एवं वंचित लोगों को अलग-अलग माध्यमों से सहायता प्रदान की गयी। यह सिलसिला निरंतर जारी है। मैं इप्सोवा को उसके सामाजिक सरोकार के लिए बधाई देता हूं। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, एडीजी प्रिया दुबे और इप्सोवा की अध्यक्ष शिखा गुप्ता समेत अन्य सदस्यगण मौजूद थीं।



## इप्सोवा सामाजिक कार्यों का निर्वहन करती है : सीएम

सीएम ने कहा कि इप्सोवा ऐसी संस्था है, जो व्यस्त समय के बीच सामाजिक कार्यों का निर्वहन करती आ रही है। इसके सदस्य जरूरतमंदों की मदद के लिए लगातार काम कर रहे हैं। ऐसे में आज जरूरी है कि समाज के हर जरूरतमंद को हम अपने साथ खड़ा कर सकें, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री ने इप्सोवा दिवाली मेला में हिस्सा लेने पहुंचे सभी लोगों को शुभकामनाएं दी।

## एक नये लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रयासरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस महकमा इस राज्य के लोगों की जान-माल की सुरक्षा को समर्पित है। इप्सोवा भी एक ऐसी संस्था है, जो पुलिस पदाधिकारियों के परिजनों द्वारा संचालित किया जा रहा है। यह संस्था सामाजिक कार्यों से जुड़ी हुई है तथा पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करती आ रही है। इस तरह के मेलों के माध्यम से आप एक नये लक्ष्य की तरफ बढ़ने के लिए प्रयासरत हैं। मुझे पूरी उम्मीद है इप्सोवा के जो भी लक्ष्य है, वे निश्चित तौर पर हासिल होंगे।

# घाटशिला उपचुनाव: सोमेश सोरेन और बाबूलाल सोरेन आज करेंगे नामांकन




**झामुमो और भाजपा के नेताओं का होगा जुटान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला उपचुनाव को लेकर झामुमो और भाजपा ने अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। झामुमो ने पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन और भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को उम्मीदवार बनाया है। दोनों दल के प्रत्याशी शुक्रवार को नामांकन दाखिल करेंगे। इस मौके पर भाजपा और झामुमो के बड़े नेताओं का घाटशिला में जुटान होगा। झामुमो प्रत्याशी के नामांकन में स्वयं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन रहेंगी। वहीं, भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य नेताओं के मौजूद रहने की उम्मीद है। नामांकन के मौके पर दोनों दल अपनी शक्ति का भी प्रदर्शन करेंगे। झामुमो अपने उम्मीदवार के पक्ष में सर्कस मैदान में सभा का आयोजन किया है। वहीं, भाजपा की ओर मऊभंडार स्थित फुटबॉल मैदान में सभा आयोजित की गयी है। दोनों दलों के वरिष्ठ नेता अपने-अपने प्रत्याशी के पक्ष में जनता से वोट की अपील करेंगे।

# बिहार विधानसभा चुनाव: हंगामे के बीच कांग्रेस की सूची जारी

**भाजपा ने तीसरी और जदयू ने दूसरी सूची जारी की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने कुटुंबा से प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम समेत कुल 22 सीटों पर उम्मीदवार घोषित किये हैं। कांग्रेस ने रणनीति के तहत एक-एक सीट का नाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये सार्वजनिक करना शुरू किया है। दिल्ली में हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में नामों पर अंतिम मुहर लगने के बाद प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और विधायक दल के नेता शकील अहमद पटना पहुंचे। राजधानी लौटते ही इन नेताओं ने अधिकृत उम्मीदवारों को सिंबल बांटने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

## महागठबंधन में कुछ सीटों पर अभी भी सहमति नहीं

उधर, महागठबंधन के भीतर सीट बंटवारे पर अब भी कुछ सीटों को लेकर सहमति नहीं बन पायी है। गठबंधन के सूत्रों के मुताबिक जिन सीटों पर पेंच फंसा है, उन्हें बातचीत के जरिये जल्द सुलझा लिया जायेगा। सूत्रों का यह भी कहना है कि शुक्रवार को महागठबंधन की ओर से आधिकारिक तौर पर सीटों के बंटवारे का एलान कर दिया जायेगा।

## कांग्रेस ने 22 उम्मीदवारों का किया एलान

बिहार कांग्रेस ने कुल 22 उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। हालांकि कांग्रेस की बिक्रम सीट अब पार्टी के अंदर ही हॉट सीट बन गयी है। इस सीट पर भाजपा से आये अनिल कुमार को टिकट देने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को एयरपोर्ट पर ही बवाल काटा था। हाल ये हो गया कि बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, प्रदेश



अध्यक्ष राजेश राम और सीएलपी लीडर शकील अहमद खान को वहां से भाग कर निकलना पड़ा। इस दौरान एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट भी हुई।

## भाजपा के सारे उम्मीदवारों के नाम हो गये घोषित


**पटना (आजाद सिपाही)।** बिहार चुनाव के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी हो गयी है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने कोटे की बची सभी 18 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिये हैं। भाजपा ने राघोपुर सीट से आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के सामने भी अपना प्रत्याशी उतार दिया है। तीसरी सूची में रामनगर, नरकटियागंज, बगहा, चिरैया, कोचाधामन समेत अन्य विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित किये गये हैं। इससे पहले जारी दो सूचियों में पार्टी 71 और 12 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है। भाजपा ने एनडीए के तहत अपने कोटे के सभी 101



उम्मीदवारों के नाम जारी कर दिये हैं। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के सामने एनडीए प्रत्याशी के रूप में भाजपा के सतीश कुमार यादव मैदान में उतरेंगे। इस सीट से वे लगातार चुनाव लड़ते आये हैं। 2015 और 2020 के चुनाव में तेजस्वी ने सतीश यादव को हराया था। हालांकि, 2010 में सतीश यादव ने जेडीयू के टिकट पर लड़कर राघोपुर से तेजस्वी की मां एवं पूर्व सीएम राबड़ी देवी को 13 हजार वोटों से हरा दिया था।

## जदयू के भी सारे उम्मीदवार घोषित

**पटना (आजाद सिपाही)।** जदयू ने गुरुवार को अपने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी। लिस्ट में 44 लोगों के नाम हैं। इससे पहले बुधवार को 57 प्रत्याशियों का एलान किया गया था। पार्टी इस बार 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सभी सीटों पर उम्मीदवारों का एलान हो गया है। जदयू ने 101 उम्मीदवारों में




कुल 13 महिलाओं को शामिल किया है। चार मुस्लिम चेहरों को भी टिकट दिया गया है। वहीं, 37 से ज्यादा सिटिंग विधायक और 12 मंत्री हैं।

# धनबाद सदर अस्पताल के दो डॉक्टरों ने दिया इस्तीफा

**वेतन में देरी के कारण मानसिक तनाव में थे दोनों**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद सदर अस्पताल के दो वरिष्ठ डॉक्टरों, डॉ आर कुमार और डॉ पीपी पांडेय ने वेतन भुगतान में अनियमितताओं का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया है। अस्पताल प्रबंधन को लिखे अपने त्यागपत्र में दोनों डॉक्टरों ने कहा कि पांच से छह महीने तक वेतन का इंतजार करने से अस्पताल में अपनी सेवा जारी रखना मुश्किल हो गया था। डॉक्टरों ने बताया कि रोजाना छह से आठ घंटे काम करने और एक सौ से ज्यादा मरीजों की देखभाल करने के बावजूद उन्हें अनियमित वेतन भुगतान का सामना करना पड़ा, जिसके कारण अंततः उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। दोनों डॉक्टरों को ज़िला प्रशासन ने जिला खनिज निधि ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत संविदा के आधार पर नियुक्त किया था।

## कोई जानकारी नहीं: सिविल सर्जन

दो डॉक्टरों द्वारा इस्तीफा दिये जाने के मामले में सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने कहा कि उन्हें इस्तीफों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल के डॉक्टरों को सितंबर तक का वेतन भुगतान किया जा रहा था। डॉ विश्वकर्मा ने कहा कि दोनों डॉक्टरों ने शायद सीधे उपायुक्त कार्यालय को अपना इस्तीफा सौंप दिया होगा। उन्होंने आगे कहा, उन्हें इस्तीफा भेजने से पहले स्वास्थ्य विभाग को सूचित करना चाहिए था, क्योंकि इससे मरीजों के इलाज में दिक्कत आ सकती थी। अगर कोई समस्या आती है, तो उसकी जिम्मेदारी उनकी होगी।

## कुड़मी समाज को एसटी में शामिल करने का विरोध

# आदिवासी संगठनों की हुंकार रैली आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में कुड़मी समाज को एसटी सूची में शामिल करने की मांग के विरोध में आदिवासी संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। आदिवासी संगठनों ने शुक्रवार को हुंकार रैली का आयोजन किया है। प्रभात तारा मैदान में आयोजित होनेवाली रैली में केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा, मुख्य पहान जगलाल पहान की अगुवाई में पूरे दल-बल के साथ आदिवासी परिधान,पारंपरिक हरवे हथियार एवं आदिवासी वाद्य यंत्र लेकर शामिल होंगे। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलु मुंडा ने कहा कि यह पहला अवसर है, जब सभी आदिवासी संगठन एक मंच पर एकजुट हो रहे हैं। रैली में सात प्रस्ताव पारित किये जायेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमशाही मुंडा ने कहा कि कुड़मी समाज की एसटी मांग असंवैधानिक है और टीआरआइ ने इसे खारिज किया है। वहीं, आदिवासी बचाओ मोर्चा ने करमटोली केंद्रीय धुमकुड़िया में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर अपनी रणनीति का खुलासा किया। टीएसी सदस्य नारायण उरांव ने कहा कि आदिवासी समाज अपनी अस्मिता और अस्तित्व की रक्षा के लिए खड़ा है। उन्होंने बताया कि झारखंड की 33 जनजातियों ने केंद्र से केवल उन्हीं समुदायों को एसटी सूची में शामिल करने की मांग की है, जो आदिवासी होने की संवैधानिक और सांस्कृतिक शर्तें पूरी करते हैं। आदिवासी नेताओं का कहना है कि आदिवासी समाज अपनी पूजा पद्धति, पाहन व्यवस्था और धार्मिक जमीनों की रक्षा के लिए हुंकार रैली बुला रहा है। झारखंड उलगुलान मंच के अध्यक्ष जॉनसन गुड़िया ने कहा कि आदिवासी अब अपने हक और अधिकार की लूट बर्दाश्त नहीं करेंगे।





# पलामू में मोबाइल टावर नहीं हुआ चालू, तो ग्रामीणों ने फूंक दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** मोबाइल टावर चालू नहीं होने और नेटवर्क नहीं आने पर ग्रामीणों ने टावर को ही फूंक दिया। यह घटना पलामू के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कादल कुर्मी गांव के पराही टोला की है। ये घटना बुधवार देर रात की है, जबकि पूरा मामला गुरुवार को सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले में छानबीन कर रही है।

**टावर लगने के बाद कंपनी का सिम खरीदा:** पराही टोला में एक वर्ष पहले सरकारी क्षेत्र के कंपनी ने मोबाइल टावर को खड़ा किया था। टावर लगने के बाद इलाके में नेटवर्क की मौजूदगी को लेकर ग्रामीणों को जानकारी दी गयी। इसके बाद ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सिम कार्ड भी खरीद लिया। सिम खरीदने के बावजूद नेटवर्क नहीं आ रहा था जिस कारण ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती गयी।



## टावर कंपनी ने लिखित शिकायत नहीं की

हुसैनाबाद एसडीपीओ मोहम्मद याकूब ने बताया कि ऐसी जानकारी मिली है कि नाराज ग्रामीणों ने ही मोबाइल टावर को जलाया है पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। मोहम्मदगंज के थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने बताया कि मोबाइल टावर कंपनी की तरफ से पुलिस को अभी तक लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। कंपनी ने पुलिस को बताया है कि वह मामले में खुद से जांच करेंगे की शार्ट सर्किट से आग लगी है या किसी ने जलाया है। उसके बाद ही पुलिस को आवेदन सौंपा जायेगा।

## दुबई में घायल झारखंडी मजदूर ने लगायी मदद की गुहार, कंपनी ने छोड़ा साथ



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विदेश में रोजगार के सपने लेकर गये हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अलखरी खुर्द निवासी मंगर महतो के 39 वर्षीय पुत्र दशरथ महतो इस वक्त दुबई में बेहद बुरे हालात से गुजर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर केंद्र और राज्य सरकार से मदद की गुहार लगायी है। वीडियो में उन्होंने बताया कि उन्हें पिछले महीने 6 सितंबर 2025 को काम के दौरान उनके आंख में गंभीर चोट लगने से समस्या खड़ी हो गयी है। वह शानवसी कंस्ट्रक्शन इंजीनियरिंग ग्रुप कंपनी में काम करता था। कंपनी ना ही उन्हें इलाज कर रही है ना ही उन्हें वेतन दे रही है। जिससे उन्हें परिवार भी काफी परेशान है और घर पर आर्थिक संकट छा गया है। दशरथ महतो अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य हैं। उसके कंधे पर पूरे परिवार की परवरिश की जिम्मेवारी हैं। उनके घर में उसकी बूढ़ी माता-पिता, पत्नी, पुत्र विजय कुमार (17), अजय कुमार (15) और बेटी पम्मी कुमारी (13) शामिल है। आर्थिक तंगी के वजह से दशरथ महतो के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और घर में राशन की किल्लत है। परिजनों ने भी राज्य और केंद्र सरकार से मांग की है कि उनके आंख का बेहतर इलाज करवाई जाये और कंपनी के द्वारा बीमा राशि की भी दिलायी जाये। सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने की सरकार से मदद की अपील। प्रवासी श्रमिकों के लिए काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकन्दर अली ने दशरथ महतो के परिवार से मिलकर केंद्र और झारखंड सरकार से मदद अपील की है। सिकन्दर अली बताया कि रोजी-रोटी के लिए लाखों लोग परदेश की ओर रूख करते हैं। इस दौरान कई घटनाएं घटित होती हैं, जो काफी दर्दनाक होती है। ना चाहते हुए भी इंसान को जीविकोपार्जन के लिए घर से बाहर जाना पड़ता है। ऐसे में सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

## जिला प्रशासन एक्शन मोड में, अवैध शराब और अतिक्रमण पर गिरी गाज

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में विधि-व्यवस्था बनाये रखने और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार छापेमारी अभियान चलाए जा रहे हैं। सतगांवा थाना क्षेत्र के कोठियार के जंगल में अवैध शराब भट्ठी और जावा महुआ को नष्ट किया गया। जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम चुटियारो की झाड़ियों में संचालित अवैध शराब भट्ठी का विनष्टीकरण किया गया। इसके अलावा डोमचांच थाना क्षेत्र में नगर पंचायत के सिटी मैनेजर समेत अन्य कर्मियों के सहयोग से संयुक्त अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान डोमचांच बाजार में झारखंड म्युनिसिपल एक्ट के अंतर्गत विभिन्न धाराओं में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध चालान काटा गया। सिगरेट व तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री पर कार्रवाई और जुर्माना जबकि डोमचांच थाना अंतर्गत विभिन्न दुकानों में छापेमारी कर सिगरेट और तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री पर कोटपा के तहत कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया। जिला प्रशासन की यह कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

## अवैध लकड़ी का बोटा जब्त



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गयपहाडी से वन विभाग के अधिकारियों ने अवैध लकड़ी का बोटा पकड़ा है। बरकट्ठा बीट क्षेत्र वनपाल संटू कुमार ने मिली सूचना पर कार्रवाई किया। अधिकारियों ने ग्राम गयपहाडी निवासी गांगो महतो पिता गणपत महतो के घर के पास जंगल से अवैध रूप से काटकर रखा गया। अक्सी लकड़ी का 40 बोटा बरामद किया। जिसे कलहाबाद जंगल से काटकर विरान के लिए रखा गया था। इसको लेकर फॉरेस्टर संटू कुमार ने बताया कि मामले में गांगो महतो, टेकाली राणा, अर्जुन प्रसाद समेत अन्य लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। छापामारी अभियान में वनरक्षी अमन कुमार, सिकन्दर साव, राजेंद्र कुमार समेत अन्य वनकर्मी शामिल थे।

## खैरा में कुएं से हाथी शावक का सफल रेस्क्यू करने वालों को किया गया प्रोत्साहित



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** मंगलवार रात खैरा में सरयू महतो के कुएं में गिरे हाथी के शावक को ग्रामीणों के सहयोग से वन विभाग ने सुरक्षित रेस्क्यू किया था। ग्रामीणों द्वारा किये गये इस कार्य की सराहना हर ओर हो रही है। ग्रामीणों ने 8 घंटे कड़ी मशक्कत कर हाथी के शावक को कुएं से रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला था। कुएं में दो मोटर पंपो से बगल के कुओं से पानी भरा गया और जेसीबी से रास्ता बनाया गया था। ग्रामीणों द्वारा किये गये इस कार्य के लिए गुरुवार को डीएफओ कार्यालय में ग्रामीणों को बुलाकर डीएफओ मौन प्रकाश ने उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने रेस्क्यू टीम में शामिल सभी लोगों को प्रोत्साहित किया। मौके पर खैरा मुखिया कुमारी माधुरी, पप्पू कुमार, मनोज कुमार, मिथिलेश कुमार, उमेश कुमार, राजकुमार सिंह, सरयू महतो, राजेंद्र रजक, कौलेश्वर महतो, लूटन राम, छोटी राम आदि शामिल रहे।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने चलाया जांच अभियान

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** दीपावली पर्व को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। त्योहार के दौरान बाजार में मिठाइयों की बढ़ती मांग को देखते हुए बुधवार को शहर के विभिन्न मिठाई दुकानों में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने औचक जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान फूड इंस्पेक्टर ने दुकानों में रखी मिठाइयों, खोवा, घी, तेल और अन्य सामग्रियों की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। इस क्रम में कई दुकानों पर स्वच्छता मानकों का उल्लंघन और भंडारण में लापरवाही पायी गयी। संबंधित दुकानदारों से मौके पर स्पष्टीकरण मांगा गया, जबकि अनियमितता पाये जाने पर जुर्माना भी लगाया गया। फूड इंस्पेक्टर ने बताया कि सासाराम से आने वाले खोवा और लड्डू के नमूने जांच के लिए गये हैं। रिपोर्ट आने के बाद संबंधित दुकानदारों पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि कोडरमा जिले के सभी मिठाई दुकानों की जांच लगातार की जा रही है। प्रशासनिक टीम ने दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी कि दीपावली के दौरान मिलावटी मिठाई बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। मौके पर मौजूद कोडरमा के अंचल अधिकारी ने कहा कि त्योहार के समय आम जनता के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देश दिया गया है कि दीपावली तक लगातार जांच अभियान जारी रखा जाये ताकि बाजार में केवल शुद्ध और सुरक्षित मिठाइयां ही बिकें। प्रशासन की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया है।

# धनतेरस को लेकर सजा बाजार, कल उमड़ेंगे खरीदार

**बाजार में दिख रही रौनक, ऑटोमोबाइल शोरूम और ज्वेलरी शॉप पर दिख रही भीड़**

दीपक सिंह





**हजारीबाग।** धनतेरस और दीपावली को लेकर हजारीबाग के बाजार सज गये हैं। तांबा, पीतल, स्टील और कांसा धातुओं की परंपरागत बर्तन बाजार सजने से चमक बढ़ने लगी है। कारोबारियों की मानें तो इस बार पिछले वर्ष की तुलना में बर्तन के बाजार में कीमतें भी बढ़ी है। बाजार पंडित का अनुमान है कि हजारीबाग जिले में पचास करोड़ से अधिक के व्यापारिक कामकाज का अनुमान धनतेरस में हैं। दीपावली के आगमन ने पूरे शहर को खुशियों की चादर में लपेट लिया है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहे, बाजार और गलियां अब दीपों, झालरों, मोमबत्तियों और फूलों से सजी हुई हैं। शहर के पंच मंदिर चौक,झंडा चौक और पैगोडा चौक सहित पूरे शहर में दीपावली की तैयारी चरम पर है। दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों को आकर्षक रोशनी, रंगीन झालरों, फूलों और सजावटी सामग्रियों से सजा दिया है। घर सजाने की वस्तुओं रंगोली, तोरण, डेकोरेटिव बल्ब और मिट्टी के दीयों की मांग में भारी बढ़ोतरी देखी जा रही है। बाजार में इस बार चाइनीज और स्वदेशी दोनों तरह के सजावटी बल्बों की भरमार है। चाइनीज बल्बों की कीमत 50 रुपये से लेकर 500 रुपये तक है, जबकि स्वदेशी सजावटी बल्ब 200 रुपये से शुरू होकर दो हजार रुपये तक के दामों में उपलब्ध हैं। मिट्टी के दीये और सुगंधित मोमबत्तियां इस बार भी ग्राहकों की पहली पसंद बने हुए हैं। धनतेरस को लेकर बाजारों में खरीदारी का उत्साह चरम पर है। परंपरागत रूप से शुभ माने जाने वाले बर्तन और झाड़ू की बिक्री ने दुकानदारों के चेहरे पर रौनक ला दी है। पीतल, तांबा, स्टील और चांदी के बर्तनों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी हुई है। वहीं शुभ संकेत के रूप में खरीदे जाने वाले फूल झाड़ू और नारियल झाड़ू की मांग भी बढ़ गयी है। धनतेरस पर सोना और चांदी की खरीद भी शुभ मानी जाती है। यही कारण है कि ज्वेलरी की दुकानों में कीमत में इजाफा के बाद भी इस समय भीड़ उमड़ रही है। कई ज्वेलर्स ने अपने ग्राहकों के लिए विशेष छूट और ऑफर भी शुरू किये हैं। वाहन बाजारों में भी अभूतपूर्व रौनक देखी जा रही है। स्कूटी, मोटरसाइकिल, कार और एसयूवी की बिक्री में इस बार जीएसटी घटने के बाद वृद्धि हुई है। वाहन शो-रूमों पर नयी गाड़ियों की बुकिंग और डिलीवरी का दौर लगातार जारी है। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की बात करें तो इस बार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव, कूलर और अन्य घरेलू उपकरणों पर आकर्षक ऑफर और छूट ने ग्राहकों को अपनी ओर खींचा है। जीएसटी स्लैब में की गई कटौती ने बाजारों में नई जान फूंक दी है। व्यापारी वर्ग भी उम्मीद जता रहा है कि इस दीपावली पर व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। स्टील बर्तन, लकड़ी के फर्नीचर, प्लास्टिक आइटम, इलेक्ट्रिकल वस्तुएं और घरेलू उपयोग की सैकड़ों चीजें दुकानों पर सजी हैं। हर ओर केवल एक ही माहौल है दीपों की लौ, खुशियों की चमक और उत्सव का उल्लास। दीपावली से पहले ही हजारीबाग का बाजार इस कदर जगमगा उठा है कि मानो पूरा शहर खुद एक दीप बन गया हो।

# पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का उद्घाटन

**झारखंड राज्य में उद्यान विकास योजना का प्रथम प्रशिक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** उद्यान विकास योजना अंतर्गत पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन दारू प्रखंड के रामदेव खरिका पंचायत सचिवालय में प्रखंड प्रमुख, कुमारी इंदु के कर कमलों से किया गया। जिला उद्यान पदाधिकारी, जयंत कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मशरूम उत्पादन रोजगार को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध, होगा। उन्होंने कहा कि इसे अपनाकर आपसब आत्मनिर्भर बन सकती है। उन्होंने मशरूम उत्पादन के लाभ और उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम हजारीबाग सदर प्रखण्ड के दो स्थानों पर - 75, दारू प्रखंड में - 40, विष्णुगढ़ प्रखंड में - 45 लाभुक प्रशिक्षणार्थियों को दिया जा रहा है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख, कुमारी इन्दु ने कहा कि उद्यान विकास योजना का यह कार्यक्रम अद्भुत है। मशरूम उत्पादन कर हम अपने जीविकोपार्जन के साथ-साथ आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने मशरूम की उपयोगिता और पौष्टिकता पर विस्तार से चर्चा किया। संस्था एपीपी एग्रीगेट, खूंटी के निदेशक, प्रभाकर कुमार ने मशरूम उत्पाद से बनने वाले विविध सामग्रियों और व्यंजनों की जानकारी देते हुए कहा कि हम मशरूम उत्पादन का मूल्यसंबर्द्धन कर अधिक से अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। उन्होंने मशरूम उत्पादन के बाजारीकरण को बढ़ावा देने के लिए यथासंभव सहयोग करने की बात कही। उन्होंने मशरूम उत्पादन के पद्धतियों और उपयोग होने वाले सामग्रियों को विस्तार से बताया। एपीपी एग्रीगेट के राज्य प्रमुख और मुख्य प्रशिक्षक, अनमोल कुमार ने दारू प्रखंड में मशरूम के औषधीय गुणों की जानकारी दिया। साथ ही विविध रोगों के उपचार में मशरूम की उपयोगिता की जानकारी दिया। प्र शिक्षिका, रूकमिणी देवी ने प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम उत्पादन के विभिन्न आयामों की जानकारी विस्तार से दिया। हजारीबाग सदर प्रखंड में प्रशिक्षिका, गजाला परबीन ने मशरूम के महत्व और प्रकार पर विस्तार से जानकारी दिया। विष्णुगढ़ प्रखंड में प्रशिक्षक, नवीन पांडेय ने मशरूम उत्पादन के लाभ और व्यापार व्यवस्था पर विस्तार से प्रकाश डाला। उद्यान मित्र, विजय कुमार और सुरेश ने कार्यक्रम के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए व्यवस्था में अपना योगदान दिया।

## टीम ने कई मिठाई दुकानों की जांच की, लगा जुर्माना



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** त्योहार सीजन को देखते हुए गुरुवार को मरकच्चो प्रखंड के चौक चौराहों पर प्रखंड प्रशासन की टीम ने कई मिठाई दुकानों की जांच की। दरदाही चौक पर तीन दुकान और मरकच्चो ब्लॉक चौक पर तीन दुकान पर छापा मारा। इस दौरान स्वच्छता मानकों के उल्लंघन और मिठाइयों की गुणवत्ता पर लापरवाही पाये जाने पर इन छह दुकानों पर पांच पांच हजार का जुर्माना लगाया गया। अभियान का नेतृत्व अंचलाधिकारी मरकच्चो परमेश्वर कुशवाहा कर रहे थे। उनके साथ अभियान में फूड इंस्पेक्टर कोडरमा अभिषेक आनंद, थाना प्रभारी नंदकिशोर तिवारी सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। टीम ने दुकानों में मिठाई के निर्माण तिथि, रखरखाव, स्वच्छता व्यवस्था और इस्तेमाल किया जा रहे सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। अंचलाधिकारी ने बताया कि दीपावली व छठ पर्व को देखते हुए मिलावटी मिठाइयों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए यह जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने दुकानदारों को साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने की सख्त चेतावनी दी।

## 25 दिवसीय लाह चूड़ी निर्माण का प्रशिक्षण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नावाडीह पंचायत में मुख्यमंत्री लघु और कुटीर उद्यम विकास बोर्ड और छोटा नागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में कौशल उन्नयन योजना के तहत 25 दिवसीय लाह चूड़ी निर्माण के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें विभिन्न प्रकार की लाह की आकर्षक चूड़ियां बनाने उसमें मोतियां बैठाने, विभिन्न प्रकार की रंगों की डिजाइन वाली चूड़ियां बनाने और इसकी मार्केटिंग करने से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कौशल उन्नयन योजना इन सभी प्रशिक्षण प्राप्त ग्रामीण महिलाओं को उन्हें स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने और उनके आय के स्रोत में वृद्धि करने और उनके सपनों को साकार करने की दिशा में एक सोपान का काम करेगी। उक्त जानकारी प्रखंड उद्यमी समन्वयक लेखराज कुमार ने दी।

## वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

# कार्यकर्ता घर-घर जाकर अभियान को सफल बनायें : जेपी पटेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को लेकर कोई झारखंड कार्यालय विष्णुगढ़ में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी और संचालन पूर्व विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल को बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर अभियान की सफलता निर्भर करती है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर अभियान को सफल बनायें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जात की नहीं जमात की राजनीति करती है। वह हिंदू मुस्लिम को जोड़कर चलने में विश्वास करती है। जनता के हक अधिकारों की लड़ाई हमारे नेता राहुल गांधी सड़क से सदन तक लड़ रहे हैं। संविधान बचाने की बात कर रहे हैं। आम अवाम के अधिकारों के संरक्षण की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज तक भाजपा ने विदेशों से काला धन का पैसा वापस नहीं लाया और जनता के खातों में 15-15 लाख रुपया नहीं जमा किये। कांग्रेस में जीएसटी का विरोध किया ताकि महंगाई कम हो और सरकार को मनाना पड़ा। जिसकी जितनी आबादी उतनी भागीदारी की मांग के कारण केंद्रीय सरकार को जातीय जनगणना की घोषणा करना पड़ा। कांग्रेस मजबूती के लिए हम सबको जन समस्याओं के प्रति गंभीर और जवाबदेह होना होगा । उन्होंने कहा कि संगठन मजबूती के लिए पंचायत और बुथ स्तर पर कमेटी का गठन करना आवश्यक है। बैठक में मुख्य रूप से अब्बास अंसारी, उत्तम महतो, त्रिवेणी मंडल, सुरेंद्र मिश्र, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, गणपत स्वर्णकार, रामजन्म राय, सुनील वर्मा, पूनम कुमारी, शिवप्रसाद लाहकार, कमरुल अंसारी, हेमलाल साव, गुलाब राम, उमा देवी, कौशल्या देवी, मिट्ठू यादव, बुधन महतो, जाकिर हुसैन, महादेव मंडल, सुरेश मंडल, दिनेश मंडल, चेतलाल महतो, सुरेश महतो, महेंद्र कुमार, परमेश्वर महतो, अनिल महतो, रोहित कुमार, फूलचंद महतो, हरि यादव, मनोज राम, लखन महतो, वासुदेव महतो, कालेश्वर महतो, सज्जन शर्मा, मुन्नीलाल महतो, भागीरथ पासवान अबरार अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## छठ घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आश्रम रोड स्थित कौण्डिन्य पब्लिक स्कूल के इको क्लब के विद्यार्थियों ने छठ पर्व को लेकर छठ घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छ घाट, स्वच्छ वातावरण और सुरक्षित पर्व का संदेश देना था। बच्चों ने पूरे जोश और जिम्मेदारी के साथ घाट की सफाई की। उन्होंने वहां फैले प्लास्टिक, बोतलें और अन्य कचरे को इकट्ठा कर उचित स्थान पर डाला। साथ ही घाट पर उपस्थित लोगों से अपील किया कि पूजा-पाठ के बाद स्थल को गंदा न छोड़ें और प्रकृति की रक्षा में सभी अपना योगदान दें। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संजय सिन्हा, एडमिन शिवानी मिश्रा, इको क्लब की मेंटर मीनू कुमार, कई गैर-शिक्षण कर्मचारी, शिक्षक उपस्थित थे। सभी ने मिलकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और स्वयं भी सफाई अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि छठ पर्व प्रकृति, जल और सूर्य उपासना का प्रतीक है। यदि हम अपने घाटों और जलस्रोतों को स्वच्छ रखेंगे, तो यह न केवल हमारी संस्कृति की रक्षा होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुंदर पर्यावरण का उपहार भी बनेगा। विद्यालय के सीइओ विक्रांत सिंह ने विद्यार्थियों की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। जब बच्चे स्वयं सफाई और स्वच्छता का कार्य करते हैं, तो यह पूरे समाज के लिए प्रेरणा का कार्य बन जाता है। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर यह संकल्प लिया कि आने वाले समय में भी इस प्रकार के जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया जाता रहेगा।

## स्किल डेवलपमेंट आर्ट प्रतियोगिता



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित बी.एम. मेमोरियल स्कूल में निर्देशक संदीप कुशवाहा के निर्देशानुसार स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 5 से 10 वीं तक के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विषयों पर आधारित - मॉडल तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र- छात्रों द्वारा बनाये गये मॉडलों की शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सराहना की और उनसे संबंधित प्रश्न भी पूछे गये। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभा को निखना है। तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल का विकास करने के उद्देश्य से मॉडल निर्माण कार्य करवाया गया। निर्देशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि ऐसे आयोजन इन छात्रों को आत्मनिर्भरता और रचनात्मकता की दिशा में प्रेरित होते हैं। मौके पर बी.एम.मेमोरियल स्कूल के उपनिर्देशक पिंटू कुशवाहा, प्राचार्य कैलाश कुमार, विद्यालय शिक्षा अध्यक्ष रंजीत कुमार, उपप्राचार्य पूनम कुमारी, ब्रह्मदेव सिंह चौहान, आनंद राज, सुमित कुमार, महेंद्र विश्वकर्मा, मुकेश कुमार दास, सोनू कुमार, कृष्ण यादव, राजेश कुमार, ऋषभ अग्रवाल, शंकर महतो, कुलदीप रंजन, एरिका टोप्पो, अनु कुमारी, देवंती कुमारी, अंजली मिश्रा, गंगा भारती, अफसाना परवीन, स्नेहा कुमारी, अंजनी कुमारी, सावित्री टुडू, रेखा कुमारी, अन्नीदिता दास, विकास ठाकुर, सुभाष प्रसाद, रंजन कुमार, आदित्य कुमार सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

## कोडरमा ब्लू ने पिंक को चार विकेट से हराया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे केडीसीए जूनियर टैलेंट सर्च क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को सीएच हाई स्कूल मैदान में कोडरमा ब्लू और कोडरमा पिंक टीम के बीच मैच खेला गया। कोडरमा पिंक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 22 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 109 रन बनाये। इसमें सत्यम ज्योति ने सर्वाधिक 34 रन, प्रिंस राज 27 रन और मयंक ने 14 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए कोडरमा ब्लू टीम की ओर से आदित्य पांडे और हर्षित पासवान ने 2 - 2 विकेट और अंकित और हंसराज ने एक-एक विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी कोडरमा ब्लू की टीम ने 18.5 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर विजय लक्ष्य को हासिल कर लिया। कोडरमा ब्लू की ओर से आदित्य पांडे ने 44 रन, हसनैन राजा ने 14 रन और तन्मय ने 12 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए कोडरमा पिंक की ओर से मयंक और अक्षय ने तीन-तीन विकेट लिए। बेहतर खेल के लिए आदित्य पांडे को मैन ऑफ द मैच केडीसीए सचिव दिनेश सिंह और धर्मेंद्र कौशिक के हाथों दिया गया। मैच में अंपायर आनंद पंडित, प्रिंस पांडेय और स्कोरर सत्यम कुमार थे। मौके पर केडीसीए पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कर्णपुरा इंटर महाविद्यालय बड़कागांव में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीकरी ओपी थाना प्रभारी रामकुमार राम उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रामसेवक ने अध्यक्षीय भाषण के साथ की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशा आज युवाओं, विशेषकर किशोर अवस्था के विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित कर रहा है। समाज से नशा जैसी बुराइयों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी रामकुमार राम ने विद्यार्थियों को नशा से दूर रहने का संदेश दिया और नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को आत्म-सुरक्षा से संबंधित कई उपयोगी सुझाव भी दिये। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में प्रो. आशा कुमारी, प्रो. अक्षय कुमार पांडे, प्रो. सुमेधा कुमारी, प्रो. शिवम कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थीं। छात्र-छात्राओं में करिश्मा कुमारी, प्रिया कुमारी, नेहा, अर्जुन, मनजीत आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

## बिना चालान बोल्डर लदा वाहन जब्त

**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** एसडीओ रिया सिंह ने चंदवारा क्षेत्र में अभियान चलाकर बिना चालान बोल्डर लदा और एक ओवरलोड छड़ लदा वाहन को जब्त किया है। गुरुवार को कोडरमा थाना क्षेत्र के बागीटांड़ लोकाई रोड में जांच अभियान चलाया गया, जिसमें एक बिना चालान गिट्टी लोड ट्रक को जब्त किया है। एसडीओ ने बताया कि इन पर डीटीओ व खनन विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## घर बंद कर बाहर जाने से पहले पुलिस को दें सूचना : सदर थाना प्रभारी

चतरा (आजाद सिपाही)। त्योहारों के मौसम में घरों से लोगों के बाहर जाने और चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी को देखते हुए सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने आम जनता से अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपने घर को बंद कर कहीं बाहर जा रहा है, तो वह इसकी जानकारी नजदीकी पुलिस थाना को मौखिक या लिखित रूप में जरूर दें। थाना प्रभारी ने कहा कि जानकारी मिलने पर थाना की गश्ती टीम संबंधित इलाके में विशेष निगरानी रखेगी, जिससे चोरी जैसी घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है। लोगों का सहयोग जरूरी है ताकि मिलजुलकर असामाजिक तत्वों की हर हरकत पर रोक लगायी जा सके। विपिन कुमार ने लोगों से यह भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वाहन या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों के हौसले पस्त करने का सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रशासन हर स्थिति में जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है और किसी भी सूचना को गोपनीय रखा जाएगा। संपर्क के लिए सदर थाना प्रभारी ने मोबाइल नंबर: 9304264254 जारी किया है।

## चुटूपालू घाटी में एक और सड़क हादसा, चीख और चीत्कार से लोग सहमे

# सरिया लदे ट्रेलर ने यात्रियों से भरी बस, टेंपो और कार को मारी टक्कर, दर्जन भर घायल





आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में गुरुवार को एक और सड़क हादसे से लोग सहम गये। घटना इतना भयावह था कि कई लोगों की जान चली गयी। हालांकि इस घटना में किसी की भी मौत नहीं हुई, लेकिन पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनका इलाज सदर अस्पताल में किया गया। घटना के बाद रांची से रामगढ़ आने वाली मार्ग घंटो जाम हो गयी। इधर घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सड़क के बीचो-बीच पड़ी बस और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन के माध्यम से साइड हटवाया जिसके बाद यातायात चारों रूप से चालू हो सकी।

### घायलों का सदर अस्पताल में किया गया उपचार

इधर गंभीर रूप से घायल बस यात्रियों को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल चार लोगों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। घायलों में चौपारण हजारीबाग निवासी 21 वर्षीय नदिया फिरदौस पिता मो जुबेर अहमद, ईटखोरी चतरा निवासी 65 वर्षीय शंकर सिंह पिता स्व भानु सिंह, 36 वर्षीय ममता देवी पति रणधीर कुमार, 18 वर्षीय साक्षी कुमारी पिता संतोष सिंह, 30 वर्षीय रितु सिंह पति अरविंद सिंह में मुख्य रूप से शामिल हैं। जबकि, मामूली रूप से घायल आठ-दस यात्रियों को प्राथमिक उपचार कर अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार गुरुवार की अपराह्न करीब एक बजे रांची की ओर से आ रहे एक सरिया लदा एक ट्रेलर संख्या जेएच 02बीआर 1357 का अचानक ब्रेकफेल हो गया। इससे ट्रेलर पूरी तरह से अनियंत्रित होकर आगे चल रहे एक निशा रानी नामक यात्री बस संख्या जेएच 02बीआर 2310 की पीछे से धक्का मार दिया। इससे बस डिवाइडर से टकराते हुए पलट गया। इस दौरान सड़क पर आगे-पीछे चले एक कार संख्या जेएच 01एफयू 9367 व एक टेंपो संख्या जेएच 01आइपी 2714 भी ट्रेलर की चपेट में आ गया। इससे कार सवार चार लोग और आटो चालक बाल-बाल बच गये। वहीं, डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी छोर में जाकर पलट गया। इस घटना में बस चालक सहित सवार दर्जनों यात्री घायल हो गये। ट्रेलर के चालक व खलासी घायल हो गये। घटना के बाद यहां कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गयी। सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना पुलिस व एनएचएआइ की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस में लादकर इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गये।

### दो घंटे तक घाटी रहा जाम

दुर्घटना के बाद करीब दो घंटे पर घाटी में जाम की स्थिति कायम हो गयी। आवागमन बाधित हो गया। पुलिस ने क्रेन व हाइड्रा के माध्यम से दुर्घटनाग्रस्त बस व ट्रेलर को बीच सड़क पर से हटवाकर आवागमन सामान्य कराया।

## आरएच पब्लिक स्कूल में पीटीएम



कुजू (आजाद सिपाही)। आरएच पब्लिक स्कूल बुढ़ाखाप (रामगढ़) में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित सह अभिभावक-शिक्षक संग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अभिभावकों ने बच्चों की अध्ययन प्रगति, अनुशासन और व्यवहार पर शिक्षकों ने आवश्यक चर्चा की। वहीं, शिक्षकों ने विद्यार्थियों का समग्र विकास पर उपयोगी सुझाव दिया। विद्यालय के टॉपर रूपेश कुमार महतो को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन प्रीति महतो ने कहा कि विद्यालय परिवार का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों में अच्छे संस्कार, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। वहीं, निदेशक संतोष कुमार महतो ने कहा कि अर्धवार्षिक परीक्षा विद्यार्थियों के प्रयासों का मूल्यांकन है। हमें खुशी है कि हमारे विद्यार्थी निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं। अभिभावकों और शिक्षकों का संयुक्त प्रयास ही बच्चों की सफलता की कुंजी है। वहीं, प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थी का नियमित अध्ययन व समय का सदुपयोग ही सफलता का आधार है। इस अवसर पर शिक्षक आरएन उपाध्याय, शिव प्रसाद, घनश्याम कुमार, विकास कुमार, संतोष महतो, कौलेश्वर महतो, देवन्ती कुमारी, कविता कुमारी, शहनाज प्रवीण, रेखा कुमारी, पबिता कुमारी, संगीता कुमारी, किरण कुमारी, लक्ष्मी, अंजु कुमारी, बबीता कुमारी, ममता कुमारी, वीना कुमारी शामिल रहे।

## पानी और बिजली की समस्याओं को लेकर राजू यादव ने प्रबंधन से की बात



उरीमारी (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ( इंटक ) के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में पोटंगा वर्कशॉप में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को पीओ दिलीप कुमार और परियोजना अभियंता तौशीफ सुलेमान के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गयी। मुख्य रूप से चेक पोस्ट कॉलोनी में पानी की गंभीर समस्या, उरीमारी क्षेत्र में शाम को एक घंटे की बिजली कटौती, एक नवंबर को कोल इंडिया स्थापना दिवस पर कर्मचारियों को पदोन्नति देने की मांग, और गलत डिगनेशन में कार्यरत कर्मचारियों को सही पदनाम देने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गयी। इस दौरान प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि जब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं आ जाता, तब तक शाम की बिजली कटौती को एक घंटे से घटाकर केवल आधे घंटे तक सीमित किया जायेगा। बताया गया कि नया ट्रांसफार्मर आने में 15 से 20 दिन का समय लग सकता है। पानी की समस्या को लेकर भी प्रबंधन ने गंभीरता जतायी और जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। बैठक में जी .आर . भगत, गणेश राम, बाल्मिकी यादव, राजकुमार सिंह, अली हसन खान, लखन साव, राधे श्याम रजक समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बच्चों ने निकाली मौन रैली




हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। स्थानीय रामनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय के हजारों बच्चों द्वारा मौन धारण कर रैली निकाली गयी। जिसमें स्कूली बच्चे वॉक फॉर डिस्लेक्सिया का बैनर लिए थे। यह रैली विद्यालय परिसर से हंटरगंज मुख्य बाजार का भ्रमण किया। इस कार्यक्रम से बच्चों द्वारा यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि डिस्लेक्सिया एक बीमारी है। जिसे जागरूक रहने इस बिमारी पर विजय प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार ने बताया की डिस्लेक्सिया को हिंदी में अपपठन या वर्ण अक्षमता कहा जाता है। यह वह विकार है, जो पढ़ने या समझने और भाषा संबंधी कार्यों को प्रभावित करता है। जिसमें अक्षरों और शब्दों को पहचानने में कठिनाई होती है। यह बहुत सामान्य स्थिति है, जो बच्चों में विशेष रूप से देखने को मिलती है। लेकिन यह व्यक्ति की बुद्धिमत्ता को प्रभावित नहीं करता। उन्होंने बताया कि यह मुख्य रूप से इस बात पर निर्भर करता है कि दिमाग शब्दों या अक्षरों को कैसे संसाधित करता है। इसमें ध्वनियों की पहचान, ध्वनि संबंध और वर्तनी में कठिनाई हो सकती है। बच्चे अक्सर उल्टे अक्षर लिख सकते हैं या पढ़ते समय शब्दों को उलट पलट कर सकते हैं। इसकी शुरुआती पहचान और सहायता से बच्चों की पढ़ाई और भाषा कौशल में सुधार किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में विनय कुमार सिंह, उमेश कुमार, आशुतोष कुमार सिंहा, डॉ पुरुषोत्तम कुमार सिंह, दीपक कुमार, उच्च विद्यालय के सभी शिक्षक और हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## जिला स्तरीय बैंड प्रतियोगिता का आयोजन

# कस्तूरबा आवासीय विद्यालय कैथा बना चैंपियन



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। झारखंड शिक्षा परियोजना रामगढ़ के तत्वावधान में खेलो झारखंड अंतर्गत सीएम एसओई गांधी मैमोरियल +2 उच्च विद्यालय रामगढ़ में गुरुवार को बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल तीन विद्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कैथा, ऐला एग्लाइज स्कूल भुरकुंडा और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातू की टीम ने भाग लिया। सभी विद्यालयों के बालिकाओ की टीम ने कई अलग अलग देश भक्ति गीत पर बैंड का प्रदर्शन किया। कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कैथा की टीम ने शानदार बैंड का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तरीय बैंड प्रतियोगिता का विजेता रही। वही दूसरे स्थान पर केजीबीभी पतरातू रही।

**विजेता टीम को विशेष शिविर आयोजित कर प्रशिक्षण दिया जायेगाः नीलम :** वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने कहा कि विभागीय निर्देशानुसार बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें केजीबीभी की बच्चियों के द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया। बैंड में भी रामगढ़ जिला राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में इस बार बेहतर प्रदर्शन करेगी। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन ने कहा कि विजेता टीम को विशेष शिविर आयोजित कर प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिससे बच्चियों और बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। वहीं सिख रेजिमेंट सेंटर रामगढ़ से आए निर्णायक सूबेदार मेजर कुलवंत सिंह और हलवदार प्रदीप सिंह ने बच्चों को उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि विद्यालय के बच्चों के बैंड प्रदर्शन देखकर बहुत ही खुशी हो रही है। इस तरह के प्रतियोगिता आयोजित होते रहनी चाहिए।

**विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और मेडल देकर किया सम्मानित :** वहीं एडीपीओ नलिनी रंजन, सूबेदार मेजर कुलवंत सिंह हवलदार प्रदीप सिंह ने विजेता टीम और उपविजेता टीम को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया। विजेता टीम राज्य में आयोजित बैंड प्रतियोगिता में रामगढ़ ज़िला का प्रतिनिधत्व करेगी। मौक प्रएपीओ कुमार राज, इप्शिता तिर्की, प्राचार्य डॉ संतोष कुमार अनल, शारीरिक शिक्षा शिक्षक मिथलेश कुमार रविदास, शेखर कुमार दीपक कुमार सिंह, निरंजन कुमार, सुनील कुमार, रवींद्र कुमार, आलोक मिश्रा, धर्मजीत सिंह, सुशांत सिंह सहित कई शिक्षक इस प्रतियोगिता में मौजूद रहे।

## मोबाइल दुकान के वृहत शोरूम का उद्घाटन



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। विगत लगभग 30 वर्षों से सेवारत ज़िले की प्रथम मोबाइल बिक्री केंद्र के एक बृहत शोरूम का शुभारंभ गुरुवार को पुन: किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष और प्रसिद्ध समाजसेवी हीरालाल जैन ने फीता व दीप प्रज्वलित किया। मौके पर प्रतिष्ठान के संचालक श्रवण जैन और तिनष जैन ने बताया कि हमारा प्रतिष्ठान शहर का सबसे पुराना और विश्वास प्रतिष्ठान है। अपने ग्राहकों को देश की सभी प्रमुख मोबाइल कम्पनियां सैमसंग, नोकिया, रेडमी, ओप्पो, एप्पल आदी की मिश्रित रेंज प्रदान करने के लिए हमने अपने प्रतिष्ठान का विस्तार एक बड़े शोरूम के रूप में किया है। हम अपने नवीन प्रतिष्ठान में सभी बड़ी कंपनियों के मोबाइल के नवीनतम संग्रह के साथ उनके स्पेयर पार्ट्स और उनकी रिपेयरिंग की भी पूरी सुविधा प्रदान करेंगे। साथ ही सौरभ जैन ने बताया कि शुभारंभ के शुभ अवसर पर हम अपने ग्राहकों को मोबाइल आदि की खरीदारी पर नि:शुल्क उपहार भी प्रदान कर किया जायेगा। साथ ही ग्राहकों को संतुष्ट करना ही हमारा परम धर्म है। शुभारंभ के अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र जैन, सचिव योगेश जैन, रघु जैन, सुशील जैन, देवेन्द्र जैन, सौरभ जैन, राजेंद्र सैनी, प्रीतम सिंह कालरा, अमित जैन आदि उपस्थित थे।

## पांडेयपुरा छठ पूजा समिति की नयी कमेटी गठित, मुंशी साहनी फिर बने अध्यक्ष



हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। पांडेयपुरा छठ पूजा समिति की अहम बैठक ललकीमट्टी छठ घाट के समीप संपन्न हुई। बैठक में पुराने कमिटी को भंग कर नये कमिटी का चुनाव किया गया। बैठक की अध्यक्षता अशोक राजक ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से मुंशी साहनी को पुन: अध्यक्ष चुना गया, बिरेंद्र प्रजापति को सचिव, कोषाध्यक्ष विनय प्रजापती, उपाध्यक्ष मिथलेश प्रजापति, उप सचिव पिंटू प्रजापति, उपकोषाध्यक्ष विकाश कुमार (विक्की) को बनाया गया। वहीं सक्रिय सदस्य के रूप में रंजित ठाकुर, रोहित रजक, राहुल रंगीला, उदय प्रजापति, गणेश कुमार, शशि कुमार, रवि कुमार, राहुल रजक, दीपक पासवान उचित सिंह, आशीष यादव का चयन किया गया। बैठक में छठ पूजा के आयोजन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। इस बार भी कृत्रिम घाट बनाया जायेगा ताकि पूजा स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा हो। साथ ही आसपास के लोगों को पूजा में कोई परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा। महिलाओं के लिए विशेष रूप से वस्त्र चेंजिंग रूम का निर्माण किया जायेगा। साफ-सफाई और लाइटिंग की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा। अध्यक्ष मुंशी साहनी ने बताया कि इस बार पूजा में भव्य पंडाल का निर्माण कर उसमें चलायमान प्रतिमाओं को स्थापित करने के साथ ही सुंदर व आकर्षक सजावट, रोशनी की और श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का व्यवस्था और अच्छी व्यवस्था करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है।

## दुर्घटना में व्यक्ति की हुई मौत

टंडवा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सराढु में बीते बुधवार को घर की ढलाई कार्य चल रहा था। जिसमें मुरपा निवासी राजू पासवान पिता स्वर्गीय रामपुरुष पासवान कार्य कर संध्या में अपने घर वापस जाने के दौरान सराढु स्थित पुल पार करने के दौरान अज्ञात वाहन के बचाव के चक्कर में मोटरसाइकिल सहित नीचे गिर पड़ा, जिसके कारण राजू पासवान की मौके पर मौत हो गयी। 35 वर्षीय मृतक राजू पासवान पत्नी सहित दो बच्चे छोड़ चले गये, लोगों की कहना कि अत्यंत गरीब के कारण मजदूरी कर भरण पोषण किया करता था। स्थानी लोगों ने बताया कि अगर ठेकेदार द्वारा पुल में रैलिंग दिया होता तो दुर्घटना से बच सकता था। इस घटना सुन मौके पर सराढु पिकेट पुलिस पहुंच जांच पड़ताल की और मृतक को पुल के नीचे से ऊपर किया गया। वहीं लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष शीतली देवी ने आरोप लगाते हुए बताई की सराढु- सोपाराम जाने वाली मुख्य सड़क को पूर्व पूजा कंट्रक्शन कंपनी द्वारा बनाया गया था, लेकिन ना हीं कंपनी द्वारा पुल में रैलिंग दिया गया। जिसके कारण आए दिन राहगीरों की दुर्घटना में जान गवानी पड़ रही है। ग्रामीण-परिजनों ने आरोप लगाया कि पथ प्रमंडल विभाग की लापरवाही के कारण सराढू पुल में संध्या के रात्रि को मजदूर की मौत हो गयी, पथ प्रमंडल विभाग द्वारा सराढू-सोपारम और गाड़ीलौंग नदी में रैलिंग निर्माण का टेंडर निकाला गया था, लेकिन दो वर्ष बीतने के बाद भी रैलिंग का निर्माण नहीं करवाया गया। इस दुर्घटना का जिम्मेवार पथ विभाग के अधिकारी व ठेकदार की लापरवाही साफ दिखाई देता है। इसके पूर्व भी कई लोगों की जान जा चुकी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि रैलिंग निर्माण के नाम पर लीपापोती कर टेंडर की रकम को वारे - न्यारे कर लिया गया है। सड़क सुरक्षा-समिति की गठन हो और जांच कर दोषी ठेकेदारों पर कार्रवाई किया जाये।

# अवैध अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। पुलिस ने हंटरगंज थाना क्षेत्र के चतरा - डोभी मुख्य पथ पर गोसाईंडीह चेकपोस्ट के समीप एक किलो 90 ग्राम अफीम के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि 15 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दो संदिग्ध अफीम तस्करों द्वारा एक बाइक से हंटरगंज होते हुए बिहार ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना के आलोक में एसडीपीओ के नेतृत्व में हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार द्वारा गोसाईंडीह चेकपोस्ट के समीप वाहन चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोका गया। उनकी तलाशी लेने पर राजकुमार गंझू के पास से एक किलो नब्बे ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त प्रमेश्वर कुमार ( 20 वर्ष) और राजकुमार गंझू ( 24 वर्ष), दोनों लावालौंग थाना क्षेत्र के जिरौन गांव के रहने वाला है। पुलिस ने अफीम के साथ दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन और JH13K-3724 नंबर की होंडा साइन मोटरसाइकिल जब्त किया है। दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत हंटरगंज थाना कांड संख्या 178/25 दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गयी है।

# संपूर्णा संकट मोचन फाउंडेशन के बैनर तले ग्रामीण महिलाओं ने किया सीएचसी में धरना-प्रदर्शन




आजाद सिपाही संवाददाता

मांडू। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू की कुव्यवस्था और स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही को लेकर संपूर्णा संकट मोचन फाउंडेशन के बैनर तले गुरुवार को सैकड़ों महिला ग्रामीणों ने अस्पताल गेट के सामने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि विगत कुछ दिनों पहले स्वास्थ केंद्र पर चिकित्सक के नहीं रहने के कारण मांडू चट्टी आजाद मुहल्ला निवासी मुबारक हुसैन की मां का इलाज के अभाव में मौत हो गयी। वहीं मांडू चट्टी गरगाली निवासी देव कुमार शर्मा की धर्मपत्नी रेशमी कुमारी के प्रसव में एएनएम की बरती गयी लापरवाही से सही उपचार के लिए मरीज को अन्य अस्पतालों का चक्कर लगाना पड़ा रहा है। वही थाना क्षेत्र के बलसगरा निवासी किरण देवी की पुत्री का भी इलाज चिकित्सक के नहीं रहने के कारण काफी विलंब से किया गया था। आये दिन केंद्र पर स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी की शिकायतें मिलती रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि केंद्र में पदस्थापित चिकित्सक, बीपीएम और एएनएम के कार्यकाल के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं काफी खराब हो गयी हैं। महिलाएं ने पांच सूत्री मांगों को लेकर एक ज्ञापन केंद्र के चिकित्सक पंचम घासी को सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि एएनएम स्नेहलता की लापरवाही के लिए विभागीय कार्रवाई हो, केंद्र पर चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाये, उपकरणों को सुचारू रूप से संचालित करना व दवा का सही से वितरण, केंद्र में प्रसव कराने आई महिलाओं से पैसे वसूली पर अंकुश लगाना सहित 108 एम्बुलेंस की कमी को दूर करना मांग शामिल है। इसके पूर्व महिलाओं ने मांडू डीह काली मंदिर चौक से हाथों में बैनर, तख्ती लेकर पैदल मार्च निकाला। वहीं संपूर्णा संकट मोचन फाउंडेशन की निदेशक अमीषा प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार बेहतर स्वास्थ सुविधा बहाल करने को लेकर करोड़ो रुपये खर्च करती है, परंतु सीएचसी में स्वास्थ सेवा बेहाल है। मौके पर डोली देवी, किरण देवी, मालती देवी, रेखा चंदन, प्रतिमा देवी, रूबी देवी, अनिता देवी, अरुणा देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

**अस्पताल के प्रभारी है जिम्मेदार :** इस मामले को लेकर निदेशक अमीषा प्रसाद ने बताया कि जब से मांडू में प्रभारी डॉ रश्मि रोमिला सांगा आए हैं, तब से स्वास्थ्य केंद्र की बहुत सारी शिकायतें आ रहीं है। अस्पताल का संचालन ठीक ढंग से नहीं हो रहा है।

## महिला के गले से चेन की छिनतई

कुजू (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र के भरेचनगर सांडी स्थित आदर्श कॉलोनी में बाइक सवार अपराधी ने एक महिला के गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गया। घटना गुरुवार की सुबह की है। जहां कालोनी निवासी रंजू चौधरी पति डीएन चौधरी दूध लेने जा रही थी। इसी बीच एक काले रंग की केटीएम बाइक सवार ने उन्हें धक्का मारने का प्रयास किया। परन्तु वह बच गयी। जिसके बाद उनके दूध लेकर वापस लौटने के दौरान वही बाइक सवार विजय शर्मा नामक व्यक्ति का घर का पता पूछने के बहाने उनके पास आया और झटके से उनके गले से सोने की चेन छीनकर रामगढ़ की ओर फरार हो गये। घटना के बाद महिला की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गयी। जिसके बाद घटना की सूचना कुजू पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। बताया जाता है कि सोने की चेन का वजन लगभग 25 ग्राम था।


## शपथ पत्र

शपथ पत्र क्र.सं. 26915 दिनांक 14.10.2025

मै चंचला देवी पति - बसंत कुमार सिह, उम्र 48, धर्म - हिन्दु, जाति - राजपुत, पेशा- गृहणी, साकिन - हरहद, ग्राम पंचायत + पोस्ट - जोगीयारा, थाना- प्रतापपुर, जिला चतरा शपथ पूर्वक ध्यान करती हूँ कि :

1. यह कि कुन्दन कुमार सिंह मेरा पुत्र है।
2. यह कि मेरे पुत्र का परिवारिक अनुसार जन्म तिथि - 18.11.2011 है।
3. यह कि आधार कार्ड सं. 8170 6851 7280 का जन्म तिथि 2010 ई. है जो कि असत्य है।
4. यह कि उक्त परिवारिक अनुसार जन्म तिथि 18.11.2011 ई. वास्ते शपथ पत्र दे रहीं हूँ।

## दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व रेलवे, राउरकेला निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **ई-निविदा सूचना सं.: 02-टेंडर-ईएलसीओएन-सीकेपी-25-26, दिनांक: 15.10.2025।** **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** चक्रधरपुर मंडल में एमसीएल डिपाजिट कार्य के लिए बरपाली लोडिंग बल्ब लाइन (47.70 किमी.) पर 25 केवी ओएचई की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत। **लागत:** ₹ 24,86,23,012। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 13,93,100। **पूरा करने की अवधि:** 18 (अट्ठारह) महीने। **निर्धारित तारीख:** 14.11.2025। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस मद के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-731)

## पूर्व मध्य रेल

### निविदा सूचना

**ई: निविदा सूचना सं. एस.जी. 664-16-संकेत-2025-26**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई: निविदा आमंत्रित की जाती है।

**1. कार्य का नाम :** एनसीएल, जिला सोनभद्र, उत्तर प्रदेश की बीना-ककरी समामेलन परियोजना के आगामी सीएचपी और सिलो (9.5 एमटीपीए) को रेल संपर्क प्रदान करने के लिए एसएंडटी से संबंधित कार्य हेतु। **2. कार्य का आकलित मुल्य :** ₹ 2,02,15,071.43 (लगभग), **3. कार्य का अग्रधन राशि :** ₹ 2,51,100.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 03.11.2025 (12:00 बजे)। **5.** ऐसी ई: निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

**द्रष्टव्य :-** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करे।

**वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, धनबाद**
**पीआर/1158/डीएचएन/एस एण्ड टी/टी/25-26/40**

# सीट शेयरिंग पर गठबंधनों में असंतोष

गठबंधन की राजनीति में सहयोगी दलों के बीच रूठना-मनाना आम बात है। खासकर जब चुनाव सिर पर हो, तो नाराजगी का इस्तेमाल किया जाता है अपना वजन बढ़ाने के लिए। बिहार में फिलहाल यही होता दिख रहा है। एनडीए और महागठबंधन - दोनों खेमों से आ रही खबरें इशारा दे रही हैं कि साथी दलों के बीच खींचतान अब भी खत्म नहीं हुई।

**संतुलन बनाने में दिक्कत :** बिहार की लड़ाई इस बार प्रशांत किशोर के आने से त्रिकोणीय हो गयी है। हालांकि अब मुख्य टक्कर एनडीए और महागठबंधन के बीच मानी जा रही है और इन दोनों ही अलायंस में दलों के बीच सीटों का संतुलन बैठाना चुनौतीपूर्ण रहा है। इस लिहाज से सीट बंटवारे की पहले घोषणा करके एनडीए ने बाजी मार ली।

**एनडीए की परेशानी :** जदयू और बीजेपी में बराबरी का समझौता होना और बाकी पार्टियों को भी अडजस्ट कर देना सियासी रूप से बड़ी उपलब्धि मानी गयी थी। लेकिन, आरएलएसपी प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा का कहना कि 'एनडीए में सब ठीक नहीं है', अलग ही कहानी बयां कर रहा है। भले ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि 'जीतेगा तो एनडीए ही', लेकिन तब तक सीट बंटवारे को लेकर उनके असंतोष की खबरें फैल चुकी थीं। जीतनराम मांझी भी कह चुके हैं कि उनकी पार्टी को कम सीटें मिली हैं।

> **जदयू और बीजेपी में बराबरी का समझौता होना और बाकी पार्टियों को भी अडजस्ट कर देना सियासी रूप से बड़ी उपलब्धि मानी गयी थी। लेकिन, आरएलएसपी प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा का कहना कि 'एनडीए में सब ठीक नहीं है', अलग ही कहानी बयां कर रहा है।**

**महागठबंधन में अस्पष्टता :** दूसरे पक्ष को देखा जाये, तो वहां ज्यादा ऊहापोह और अस्पष्टता नजर आती है। सीट बंटवारे का ऐलान होने से पहले ही आरजेडी ने सिंबल बांटने शुरू कर दिए थे, जिन्हें बाद में वापस लिया गया। उधर सीपीआइ ने भी महागठबंधन में सीट शेयरिंग से पहले अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी। विपक्षी एकता के लिए यह कोई अच्छी तस्वीर नहीं है।

**आरजेडी-कांग्रेस की रस्साकशी :** महागठबंधन में इस असमंजस की वजह आरजेडी और कांग्रेस के बीच की रस्साकशी है, जहां साफ दिख रहा है कि दोनों दल खुद को दूसरे पर हावी दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। इसका थोड़ा-बहुत अंदाजा पहले से था। कांग्रेस अपने लिए ज्यादा और कुछ खास सीटों की मांग करती रही है। ऊपर से मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर भी सहमति नहीं बन पाई है।

**आाज नामांकन की आखिरी तारीख :** राज्य में पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 17 अक्टूबर है। सीटों को लेकर अभी तक फैसला लटके होने से उम्मीदवारों की तैयारियों पर तो असर पड़ ही रहा है, वोटर भी अनिर्णय की स्थिति में हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार देश के 89.2 प्रतिशत दुग्ध उत्पादों में किसी न किसी प्रकार की मिलावट पायी गयी। राष्ट्रीय स्तर पर दुग्ध उत्पादन का आकलन करें, तो देश में कुल 14 करोड़ लीटर दूध उत्पादित होता है, जबकि दैनिक खपत लगभग 65 करोड़ लीटर है। मांग व आपूर्ति में स्थित यह भारी अंतर कैसे पाटा जाता होगा, इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। त्योहारों के दौरान मिठाइयों की बढ़ती मांग के दृष्टिगत पर्याप्त दूध कहां से आता है, यह भी किसी बड़े रहस्य से कम नहीं।**

# सेहत से खिलवाड़ करते मिलावटखोर

दीपिका अरोड़ा




**धवलता में जहरीले तत्वों की कलुषता घोलती मिलावट न केवल सामूहिक रूप में समाज के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करके अनेकानेक व्याधियों को न्योता देने का सबब बन रही है, बल्कि मानवीय मूल्यों पर घात करते हुए सामाजिक एवं नैतिक माहौल भी अस्वस्थ बना रही है। मिलावट का धंधा करने वाले दगाबाज लोगों पर नकेल कसना अत्यावश्यक है।**

मिलावट के इस दौर में असली-नकली में भेद करना बेहद मुश्किल जान पड़ता है फिर चाहे वे मानवीय संबंध हों या फिर दैनिक उपभोग में प्रयुक्त होने वाले खाद्य पदार्थ। सहायक धंधे के तौर पर आरंभ हुई श्वेत क्रांति तक मुनाफाखोर की बदनीयती से काले धंधे में तबदील हो चुकी है। विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार देश के 89.2 प्रतिशत दुग्ध उत्पादों में किसी न किसी प्रकार की मिलावट पायी गयी।

राष्ट्रीय स्तर पर दुग्ध उत्पादन का आकलन करें, तो देश में कुल 14 करोड़ लीटर दूध उत्पादित होता है, जबकि दैनिक खपत लगभग 65 करोड़ लीटर है। मांग व आपूर्ति में स्थित यह भारी अंतर कैसे पाटा जाता होगा, इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। त्योहारों के दौरान मिठाइयों की बढ़ती मांग के दृष्टिगत पर्याप्त दूध कहां से आता है, यह भी किसी बड़े रहस्य से कम नहीं।

जाहिर तौर पर नियमित आपूर्ति की इस भरपाई में एक बड़ा अंश वास्तव में कृत्रिम दूध का है, जिसे नकली दूध कंपनियों द्वारा विविध प्रकार के रसायनों की सहायता से तैयार किया जाता है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण उत्पादित 68.7 प्रतिशत दूध के मानकों पर खरे न उतर पाने की बात पूर्व में ही बता चुका है।

> **आंकड़े अमृतसर, गुरदासपुर, संगरूर तथा फतेहगढ़ साहिब जैसे जिलों में सर्वाधिक मामले दर्ज होने का खुलासा करते हैं।**

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के तहत भारत में प्रतिदिन बिकने वाले 64 करोड़ लीटर दूध में से 50 करोड़ लीटर दूध नकली या मिलावटी होता है। भारत के 70 प्रतिशत से अधिक दुग्ध उत्पाद राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते। समृद्ध प्रांतों की श्रेणी में शुमार होने वाला पंजाब प्रांत भी इस विषय में अपवाद नहीं कहा जा सकता। राज्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की एक रिपोर्ट बताती है कि शुद्धता जांचने हेतु लिए गये दूध के नमूनों में अधिकांश न केवल गुणवत्ता-परीक्षण में असफल पाये गये, बल्कि 41 प्रतिशत में स्वास्थ्य के लिहाज से घातक तत्व भी मौजूद रहे।

बीते दिनों दूध और डेयरी उत्पादों में मिलावट के विरुद्ध की गयी एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार की ओर से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने जवाब दायर करते हुए एक स्टेटस रिपोर्ट पेश की। सरकार की ओर से प्रदत्त जानकारी के अनुसार 2 जनवरी, 2019 से लेकर 31 दिसंबर, 2024 तक राज्य में कुल 2,191 मामलों का निपटारा किया गया। इनमें लगभग 95 प्रतिशत मामलों में दंड लगाया गया। जुर्माने के रूप में वसूल की गयी कुल राशि 3,04,75,720 आंकी गयी।

आंकड़े अमृतसर, गुरदासपुर, संगरूर तथा फतेहगढ़ साहिब जैसे जिलों में सर्वाधिक मामले दर्ज होने का खुलासा करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक मिलावट का यह क्रम न सिर्फ दूध उत्पादों तक ही सीमित रहा अपितु पनीर, दही, खोया, मक्खन, मिठाई, देसी घी आदि से लेकर आइसक्रीम, नमकीन, हल्दी एवं मिर्च पाऊडर, गुलाब शरबत, खाद्य तेलों तक में मिलावट देखने को मिली। पांच वर्षों में दर्ज 2,191 मामले स्वतः ही हालात की गंभीरता दर्शाते हैं। ऐसी अवस्था में व्यवस्थात्मक प्रबंधन पर सवालिया निशान उठना भी स्वाभाविक है। दोषियों की धर-पकड़ व भारी-भरकम जुर्माने के बावजूद यह धंधा क्यों और कैसे फल-फूल रहा है? या तो मुनाफाखोरों में कानून के प्रति भय ही नहीं अथवा तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार उन्हें मनमर्जी करने की इजाजत दे रहा है।

दूध-दही बहाने वाले भारतवर्ष के इतिहास में एक ऐसा भी समय रहा, जब लगभग हर घर में ही पशुधन हुआ करता था। दूध से मुनाफा कमाना तत्कालीन समाज की दृष्टि में हेय था, लेकिन आज समय पूर्णतः परिवर्तित हो चुका है। अब इस कारोबार में न केवल जम कर मुनाफाखोरी होती है, बल्कि मिलावट की आशंका भी बराबर बनी रहती है। खास कर त्योहार के दिनों में यह सिलसिला चरम पर पहुंच जाता है। मिलावटखोरी की यह प्रक्रिया लोगों के स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव छोड़ेगी, इससे धंधेबाजों को भला क्या लेना-देना? उनका लक्ष्य तो मात्र पैसा बटोरना ही है, कोई जिए या मरे उनकी बला से!

संपूर्ण आहार के रूप में लिया जाने वाला दूध शरीर के लिए अमृत समान है, जो कि सभी आवश्यक तत्वों की पूर्ति करने में समर्थ माना गया है किंतु यदि दूध के नाम पर जहरीले तत्व शरीर में घुल जायें तो इसका परिणाम भी तो सर्वथा विपरीत ही होगा न? मिलावट का यह गोरख धंधा शरीर पर अनेक दुष्प्रभाव छोड़ देता है।

धवलता में जहरीले तत्वों की कलुषता घोलती मिलावट न केवल सामूहिक रूप में समाज के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करके अनेकानेक व्याधियों को न्योता देने का सबब बन रही है, बल्कि मानवीय मूल्यों पर घात करते हुए सामाजिक एवं नैतिक माहौल भी अस्वस्थ बना रही है। मिलावट का धंधा करने वाले दगाबाज लोगों पर नकेल कसना अत्यावश्यक है। जनता की सेहत से खिलवाड़ करना कोई मामूली मुद्दा नहीं, इसे संजीदगी से लेना चाहिए। आवश्यक है कि विभिन्न माध्यमों से मिलावट जांचने संबंधी विधियों को लेकर पर्याप्त जन-जागरूकता फैलाई जाये। प्रशासनिक स्तर पर इस संदर्भ में युद्धस्तरीय जांच-पड़ताल होने के साथ दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जानी चाहिए, अन्यथा जैसे कि विश्व संगठन की रिपोर्ट ने आशंका जताई है, मिलावट का यह सिलसिला 2025 में 87 प्रतिशत भारतीयों के स्वास्थ्य को घातक बीमारियों का शिकार बना सकता है।

## कोल्हान की खबरें

### परसूडीह में पुलिसवाले पर मकान कब्जा करने और अवैध निर्माण का आरोप



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** परसूडीह के तिलकागढ़ में रैयतदार के द्वारा किराये के मकान में रह रहे पुलिसकर्मी पर कब्जा करने और खाली जमीन पर अवैध निर्माण कराने का गंभीर आरोप सामने आया है। गुरुवार को पीड़ित रैयतदार आसवान सरदार ने परसूडीह थाना और अंचल कार्यालय पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत की और न्याय के लिए गुहार लगायी। पीड़ित आसवान सरदार ने बताया बीते 2014 में सनातन सरदार नामक पुलिसकर्मी ने उनकी पत्नी के साथ किराये पर मकान लिया था। जिसका मासिक किराया 800 तय हुआ था। लेकिन 11 वर्षों में सिर्फ 24,000 ही किराया दिया। अब वह बलपूर्वक निर्माण कार्य करा रहा है और मकान से मूल मालिक को ही बेदखल करने की कोशिश कर रहा है। पीड़ित परिवार के अनुसार बीते डेढ़ माह से निर्माण कार्य जारी है। स्थानीय स्तर पर शिकायतों के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। पीड़ित परिवार ने बताया पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी से भी गुहार लगा चुके है। अब मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ कार्यालय और परसूडीह थाना में शिकायत दर्ज की गयी। पीड़ित परिवार की परेशानी को देखते हुए अंचल कार्यालय और पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

### भाजपा की नामांकन सभा में जुटेंगे प्रत्येक बूथ से 20-20 कार्यकर्ता : अभय सिंह




**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन शुक्रवार को नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन को लेकर भाजपा नेताओं की ओर से खास तैयारी की गयी है। इस संबंध में वरीय भाजपा नेता और चुनाव का प्रबंध संभाल रहे अभय सिंह ने बताया कि नामांकन से पूर्व मऊभंडार ताम्र प्रतिभा मैदान में चुनावी सभा की जायेगी। सभा को प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, सांसद विद्युतवरण महतो समेत कई बड़े नेता संबोधित करेंगे। एनडीए प्रत्याशी के नामांकन में आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो, विधायक सरयू राय, लोजपा (आर) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ से 20-20 कार्यकर्ता यानी छह हजार कार्यकर्ता सभा में शामिल होंगे। साथ ही कई अन्य समर्थक भी नामांकन सभा में शामिल होंगे। कहा कि बाबूलाल सोरेन के रुप में पार्टी ने लोकप्रिय नेता को प्रत्याशी बनाया है जिससे भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित है। पार्टी कार्यकर्ता प्रत्याशी को जीताने का संकल्प ले चुके है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार की सभा के बाद घाटशिला में गजब का उत्साह पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही स्थानीय लोगों के बीच देखने को मिलेगा। अभय सिंह ने आम जनता से चुनावी सभा में शामिल होने का आह्वान किया है। मौके पर जिलाध्यक्ष चंडीचरण साव, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश साव उपस्थित थे।

# टाटा स्टील को मिला वर्ल्ड स्टील सेफ्टी एंड हेल्थ एक्सीलेंस 2025 का सम्मान

> **अब टाटा स्टील वैश्विक मान्यता सम्मान प्राप्त कर देश की एकमात्र स्टील कंपनी बन गयी है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील को वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन के द्वारा सेफ्टी एंड हेल्थ एक्सीलेंस रिकग्निशन 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार कंपनी को प्रोसेस सेफ्टी मैनेजमेंट श्रेणी में उसके अभिनव प्रोजेक्ट रेल आधारित हॉट मेटल ट्रांसपोर्ट में सुरक्षा यंत्रित प्रणाली के माध्यम से हॉट मेटल के रिसाव को रोकने के लिए प्रदान किया गया।



अब टाटा स्टील लगातार तीसरा वर्ष यह वैश्विक मान्यता सम्मान प्राप्त कर देश की एकमात्र स्टील कंपनी बन गई है। टाटा स्टील ने प्रोजेक्ट में स्टील प्लांट के एक उच्च जोखिम वाले क्षेत्र से पिघले हुए लोहा ले जाने वाले टॉरपीडो लेडल कारों के पटरी से उतरने की ध्यान रखते हुए 62 किमी लंबे आंतरिक रेल नेटवर्क पर एक सेफ्टी इंस्ट्रूमेंटेड सिस्टम विकसित किया। इस प्रणाली में प्रॉक्सिमिटी और ऑप्टिकल सेंसर को ऑटोमेटेड लॉजिक कंट्रोलर से जोड़ा गया। जो मानवीय त्रुटियों को रोकता है और ट्रैक स्विचिंग में स्वतः सुरक्षा सुनिश्चित करती है। टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्थायित्व) राजीव मंगल ने कहा यह सम्मान टाटा स्टील की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कैसे नवाचार, ऑटोमेशन और टीमवर्क के जरिये उच्च जोखिम वाले संचालन को सुरक्षित बनाया जा सके। गौरतलब है वर्ल्ड स्टील हर वर्ष दुनियाभर की अग्रणी स्टील कंपनियों के बीच सुरक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट पहलों को सम्मानित करती है। इस वर्ष विश्व स्तर पर चुनी गयी पांच पहलों में टाटा स्टील की यह पहल शामिल है।

# गुवा सेल में संयुक्त यूनियनों का प्रदर्शन

## 25 अक्टूबर को आर्थिक नाकेबंदी की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुवा।** संयुक्त यूनियनों ने गुवा सेल प्रबंधन के खिलाफ जनरल ऑफिस के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान यूनियनों ने चेतावनी दी यदि एक सप्ताह के भीतर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो 25 अक्टूबर को आर्थिक नाकाबंदी की जायेगी। गुरुवार को प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए मजदूर नेता रामा पांडेय ने कहा अब की लड़ाई आर या पार की होगी। इसमें सारंडा के ग्रामीण भी मजदूरों के साथ उतरेंगे। यूनियनों ने आरोप लगाया सेल प्रबंधन लगातार झूठे आश्वासन देकर मजदूरों को भ्रमित कर रही है। उन्होंने बाहरी लोगों की नियुक्ति रद्द करने, स्थानीयों को रोजगार, रात्रि भत्ता और वार्षिक छुट्टियों में बढ़ोतरी, कुशलता आधारित अपग्रेडेशन, मेडिकल व पेंशन लाभों का भुगतान जैसी कुल एक दर्जन से अधिक बिंदुओं पर कार्रवाई की मांग की। यूनियनों ने याद दिलाया बीते 11 जुलाई 2024 को बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा व अन्य की उपस्थिति में प्रबंधन ने बाहरी नियुक्ति बंद करने का भरोसा दिया था। जिसे अब दोहराया जा रहा है। मौके पर झारखंड मजदूर संघर्ष संघ, बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन (इंटक), सीटू, झारखंड मजदूर मोर्चा यूनियन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पांच गांवों के मुंडा-मानकी और बड़ी संख्या में मजदूर शामिल रहे।

### डीसी लाउंज पर हमले पर भड़के विधायक दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने साकची और बिष्टुपुर स्थित डीसी लाउंज पर हुई नियोजित तोड़फोड़ की घटना को गंभीर बताते हुए एसएसपी को पत्र लिखकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।गुरुवार को विधायक ने पत्र में बिष्टुपुर थाना प्रभारी की भूमिका के जांच की भी मांग की।उन्होंने आरोप लगाया हमले के बाद जब साकची में लोगों ने हमलावरों की मोटरसाइकिलें रोकीं और साकची थाने को सूचना दी तो बिष्टुपुर थाना प्रभारी बिना सूचना दिए वहां पहुंचे। भीड़ को डांट फटकारा और हमलावरों की बाइकें छुड़वाकर मौके से चले गए।विधायक श्री राय ने इस घटना को अमानवीय और घृणित करार देते हुए कहा इससे थाना प्रभारी की संदिग्ध भूमिका और हमलावरों से सांठगांठ का संकेत मिलता है।उन्होंने कहा दोनों क्षेत्रों में दबंगों का एक समूह कारोबारियों और स्थानीय निवासियों को डराता-धमकाता और अपनी मर्जी थोपता है। विधायक ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने दोषी पुलिसकर्मी पर भी उसी तरह की कार्रवाई होने की बात कही।विधायक यह पत्र शहर में पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े करती है और मामले की पारदर्शी जांच की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

### सदर अस्पताल परिसर में अवैध निर्माण पर भड़के पूर्व बस्तीवासी



**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल परिसर में अवैध निर्माण को लेकर पूर्व बस्तीवासियों ने गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने डीसी के नाम पर आवेदन सौप कर मां मंगला पूजा स्थल, हनुमान मंदिर, सरकारी चापाकल, अस्पताल का पुराना गेट और 80 वर्ष पुराने इमली के पेड़ की सुरक्षा के लिए मांग की। मौके पर बस्तीवासी बसंत करवा, राजेन्द्र करवा समेत अन्य लोगों ने बताया उनके पूर्वजों ने कई वर्षों पूर्व इन धार्मिक स्थलों और पेड़ की स्थापना की थी। अस्पताल विस्तार के नाम पर उन्हें विस्थापित किया गया। लेकिन अब उसी जमीन पर एक स्थानीय व्यापारी द्वारा अवैध दुकान निर्माण कराया जा रहा जो अमान्य है। उन्होंने बताया निर्माण के दौरान मंदिर को क्षति पहुंची है, चापाकल टूट गया और इमली का पेड़ भी खतरे में है। उन्होंने कहा अस्पताल का पुराना गेट बंद होने से मरीजों की परेशानी भी बढ़ गयी है। बस्तीवासियों ने स्थल को धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत घोषित कर संरक्षित करते हुए अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो शांतिपूर्ण विरोध और वोट बहिष्कार के लिए बाध्य होंगे।

# धनतेरस से दीपावली तक मृदा शिल्प मेला का होगा आयोजन : एसडीएम



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** दीपावली के अवसर पर गढ़वा टाउनहॉल मैदान में 'मृदा शिल्प मेला' आयोजित किये जाने की योजना बनाई गई है। यह मेला धनतेरस से दीपावली तक तीन दिनों तक चलेगा। बतातें चलें कि विगत दिनों आयोजित 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम में स्थानीय कुम्हारों एवं मिट्टी की शिल्पकला से जुड़े कलाकारों ने दीपावली के आसपास अपने उत्पाद जैसे मिट्टी के दीये, बर्तन, मूर्तियां और खिलौने आदि बेचने के लिए दो-तीन दिन के लिए सुरक्षित स्थल उपलब्ध कराने की मांग की थी। कलाकारों ने बताया कि अब तक उन्हें चौक-चौराहों या सड़क के किनारे असुरक्षित माहौल में अपने उत्पाद बेचने पड़ते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा और यातायात दोनों प्रभावित होते हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए सदर एसडीएम संजय कुमार की पहल पर यह मेला आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। जिसका उद्देश्य स्थानीय कुम्हारों, शिल्पकारों एवं लघु व्यवसायियों को एक सुरक्षित और संगठित मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपने उत्पाद सहजता से विक्रय कर सकें और पारंपरिक मृदा कला को प्रोत्साहन मिल सके। मेला आयोजन का प्रस्ताव झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की ओर से किया गया है। इस मेला आयोजन में स्थानीय जेएमडी हीरो एजेंसी और कुछ स्थानीय स्वैच्छिक कार्यकताओं ने भी प्रायोजक (स्पोंसर) के रूप में सहभागी बनने की पेशकश की है। इस अवसर पर एसडीएम ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि दीपावली पर स्थानीय कुम्हारों के हाथों से बने दीये अवश्य खरीदें। कहा कि ग्रामीण आजीविका को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को अपने-अपने स्तर से सहयोग करना चाहिए। स्थानीय उत्पादों की खरीद से न केवल पारंपरिक कला जीवित रहती है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने किया मिठाई दुकानों का निरीक्षण

# 1230 किलो मिलावटी खाद्य सामग्री जब्त

## दो कारखानों में बनते पकड़ा गया मिलावटी लड्डू

### खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही संचालित करना सुनिश्चित करें : दीपश्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** दीपावली के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य सुरक्षा प्रशासन की ओर से गुरुवार को गढ़वा शहर अंतर्गत विभिन्न मिठाई कारखानों का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री ने निरीक्षण के क्रम में बनारसी स्वीट्स एवं वैष्णो स्वीट्स, कुंदन साव एवं फाल्गुनी यादव के कारखानों की जांच की। इस दौरान पाया कि बिहार के जमुई के रहने वाले सोनपुरवा स्थित कुंदन साव द्वारा बिना खाद्य लाइसेंस के अवैध रूप से मिलावटी बेसन लड्डु बनाया जा रहा था। कारखाने में हर जगह गंदगी थी। साफ-सफाई का घोर अभाव दिखा। साथ ही खाद्य सुरक्षा के अन्य मानकों का भी उल्लंघन पाया गया। इसके बाद कल्याणपुर स्थित जुटी मोड़ के पास फाल्गुनी कुमार यादव के यहां छापामारी की गई। वहां भी अवैध तरीके से बिना खाद्य लाइसेंस के मिलवाटी लड्डू बनाया जा रहा था। पूर्व में उपयोग की हुई मिठाई डिब्बों में रख कर विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में आपूर्ति की जा रही थी। इसके बाद अधिकारियों ने दोनों कारखानों से जांच के लिए नमूने संग्रह किये और कुल 1230 किलो मिलावटी खाद्य सामग्रियों को जब्त किया। लगे हाथ आगे की कार्रवाई खाद्य सुरक्षा की मानकों के अनुसार की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिन प्रतिष्ठानों के पास खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के मानकों के अनुसार लाइसेंस नहीं पाया गया उन्हें हिदायत दी गई कि जल्द से जल्द वैद्य खाद्य लाइसेंस के लिए खाद्य सुरक्षा कार्यालय में अपना आवेदन जमा करायें। निर्देश दिया गया कि वे अपना खाद्य कारोबार खाद्य सुरक्षा के मानकों के अनुरूप ही संचालन करना सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा कार्यालय के विवेक तिवारी, संतोष कुमार एवं बबलू पांडे उपस्थित रहे।



मिलावटी मिठाइयों की जांच करते खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी।

# दीपावली-छठ पर स्वदेशी सामानों को ही खरीदें : यदुनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पूर्व सांसद सह भाजपा निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम गांव-शहर हर जगह चलाया जा रहा है। इसे लेकर भाजपा कार्यकर्ता लोगों को जागरूक करने में जुटे हैं। 'स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। वे गुरुवार को स्थानीय परिषदन भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत जब आत्मनिर्भर बनेगा तभी देश विश्व गुरु बनेगा। देश में बने सामान का उपयोग करने से ही देश आगे बढ़ सकता है। जब लोकल सामानों का उपयोग किया जाएगा तो रोजगार-व्यापार का सृजन होगा। कहा कि विदेशी सामान का उपयोग जब कम होगा तो उससे लोकल व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। देश का पैसा देश में ही रहेगा। कहा कि दीपावली और छठ पूजा जैसे त्योहारों पर स्वदेशी सामानों की ही खरीदारी करें। इससे बीमारी से छुटकारा मिलेगी, क्योंकि बाहरी सामान रसायन युक्त होते हैं। प्रधानमंत्री ने स्वदेशी अभियान को लेकर कई योजनाएं चलाई है, जिसका लाभ देशवासियों को लेकर खुद को समृद्धिशाली बनाया जा सकता है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद, जिला प्रभारी बिपीन बिहारी सिंह महतो, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पाण्डेय, लातेहार जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, गढ़वा विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, विनय चौबे, संजय ठाकुर, बृजेंद्र पाठक और विकास तिवारी आदि मौजूद थे।


## समाहरणालय, लातेहार
### (भू-अर्जन शाखा)समाहर्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना
### (अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या– /भू0 अ0 दिनांक–

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–जडेयांग चादर–II थाना नं0–351 राजस्व, थाना–लातेहार पुलिस स्टेशन–लातेहार जिला लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–**राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक** अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौपा गया। S.I.A. प्रतिवेदन को भू–अर्जन अधिनियम 2013 के धारा–07 (2) उपधारा (1) के तहत् आक्कलन हेतु विशेषज्ञ समूह गठित किया गया एवं समूह के प्रतिवेदनानुसार भूमि अधिग्रहण करने की सहमति दी गई है। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार–संक्षेप यथा–निम्न है। कोल ब्लॉक निर्माण के दौरान ज्यादातर लोगों की जमीन अधिग्रहित किया जायेगा। परियोजना हेतु भू–अर्जन किये जाने की सहमति दी जाती है"। भू–अर्जन के कारण परिवारों के विस्थापित होने की संभावना है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1)(ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी को प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–जडेयांग चादर–II थाना नं0–351 राजस्व, थाना–लातेहार पुलिस स्टेशन–लातेहार जिला लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**121.00** एकड़ मानक माप का भूखंड, प्रारंभिक अधिसूचना किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | भूमि का वर्गीकरण | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | भू–अर्जन की जाने वाली भूमि का चौहदी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 155 | जडेयांग चादर–II | 69 | 629 | मकान मय शहन | 0.05 | 0.05 | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन एक्कीस अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात गुजकी देवी, पति–भूखल पाहन एक अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात गुजकी देवी, माके देवी वो करमी देवी वो धरमो देवी वो पोते देवी, पिता–भूखल पाहन चार अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तेतर पाहन, पिता–भुखल पाहन सोलह अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन एक्कीस अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात गुजकी देवी, पति–भूखल पाहन एक अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात गुजकी देवी, माके देवी वो करमी देवी वो धरमो देवी वो पोते देवी, पिता–भूखल पाहन चार अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तेतर पाहन, पिता–भुखल पाहन सोलह अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–रास्ता दक्षिण–631 पूरब–रास्ता पश्चिम–630 |
| 156 | जडेयांग चादर–II | 69 | 630 | टांड दो | 0.30 | 0.30 | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन एक्कीस अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात गुजकी देवी, पति–भूखल पाहन एक अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात गुजकी देवी, माके देवी वो करमी देवी वो धरमो देवी वो पोते देवी, पिता–भूखल पाहन चार अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तेतर पाहन, पिता–भुखल पाहन सोलह अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन एक्कीस अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात गुजकी देवी, पति–भूखल पाहन एक अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात गुजकी देवी, माके देवी वो करमी देवी वो धरमो देवी वो पोते देवी, पिता–भूखल पाहन चार अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तेतर पाहन, पिता–भुखल पाहन सोलह अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–निज दक्षिण–निज पूरब–631 पश्चिम–571 |
| 157 | जडेयांग चादर–II | 69 | 631 | टांड दो | 0.29 | 0.29 | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन एक्कीस अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात गुजकी देवी, पति–भूखल पाहन एक अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात गुजकी देवी, माके देवी वो करमी देवी वो धरमो देवी वो पोते देवी, पिता–भूखल पाहन चार अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तेतर पाहन, पिता–भुखल पाहन सोलह अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन एक्कीस अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात गुजकी देवी, पति–भूखल पाहन एक अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात गुजकी देवी, माके देवी वो करमी देवी वो धरमो देवी वो पोते देवी, पिता–भूखल पाहन चार अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तेतर पाहन, पिता–भुखल पाहन सोलह अंश समान, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–निज दक्षिण–एतवा उरांव पूरब–रास्ता पश्चिम–571 |
| 158 | जडेयांग चादर–II | 75 | 1040 | धान दो | 1.96 | 1.96 | भुनेश्वर ठाकूर, पिता–नन्दू ठाकुर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम | भुनेश्वर ठाकूर, पिता–नन्दू ठाकुर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम | उत्तर–पंडरा उरांव दक्षिण–गैनाल पिंट पूरब–रास्ता पश्चिम–1045 |
| 159 | जडेयांग चादर–II | 77 | 952 | टांड दो | 0.06 | 0.06 | मधवा भूइयां, पिता–धनुखधारी भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम | मधवा भूइयां, पिता–धनुखधारी भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम | उत्तर–सुकर भुंईया दक्षिण–निज पूरब–963 पश्चिम–954 |
| 160 | जडेयांग चादर–II | 77 | 953 | मकान मय शहन | 0.01 | 0.01 | मधवा भूइयां, पिता–धनुखधारी भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम | मधवा भूइयां, पिता–धनुखधारी भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम | उत्तर–954 दक्षिण–951 पूरब–952 पश्चिम–954 |
| 161 | जडेयांग चादर–II | 77 | 954 | मकान मय शहन | 0.09 | 0.09 | मधवा भूइयां, पिता–धनुखधारी भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम | मधवा भूइयां, पिता–धनुखधारी भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम | उत्तर–955 दक्षिण–945 पूरब–952 पश्चिम–रास्ता |
| 162 | जडेयांग चादर–II | 78 | 943 | मकान मय शहन | 0.07 | 0.07 | मधवा भूइयां, पिता–धनुखधारी भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम | मधवा भूइयां, पिता–धनुखधारी भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम | उत्तर–945 दक्षिण–944 पूरब–रास्ता पश्चिम–944 |
| 163 | जडेयांग चादर–II | 79 | 1071 | टांड दो | 1.89 | 1.89 | मडा भूइयां, पिता–रमन भूइयां जाति–भुइयां, निवासी–सेमरीया पत्रालय मुरूप | मडा भूइयां, पिता–रमन भूइयां जाति–भुइयां, निवासी–सेमरीया पत्रालय मुरूप | उत्तर–पुरानी परति दक्षिण–दशम भुईया पूरब–1073 पश्चिम–रास्ता |
| 164 | जडेयांग चादर–II | 89 | 1002 | धान दो | 1.30 | 1.30 | मंगरा उरांव, पिता–फागू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | मंगरा उरांव, पिता–फागू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–जंगल दक्षिण–सुखलाल भुईया पूरब–वन पश्चिम–रास्ता |
| 165 | जडेयांग चादर–II | 89 | 1015 | टांड दो | 0.98 | 0.98 | मंगरा उरांव, पिता–फागू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | मंगरा उरांव, पिता–फागू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–निज दक्षिण–चैतो उरांव पूरब–रास्ता पश्चिम–1034 |
| 166 | जडेयांग चादर–II | 89 | 1016 | धान दो | 0.78 | 0.78 | मंगरा उरांव, पिता–फागू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | मंगरा उरांव, पिता–फागू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–निज दक्षिण–निज पूरब–रास्ता पश्चिम–1019 |
| 167 | जडेयांग चादर–II | 92 | 810 (P) | टांड दो | 0.22 | 0.01 | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–सिदरा उरांव दक्षिण–पुरानी परति पूरब–810 अंष पश्चिम–817 |
| 168 | जडेयांग चादर–II | 92 | 815 (P) | टांड दो | 0.52 | 0.40 | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–रास्ता दक्षिण–सिदरा उरांव पूरब–815 अंष पश्चिम–823 |
| 169 | जडेयांग चादर–II | 92 | 819 | टांड दो | 0.30 | 0.30 | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–निज दक्षिण–बुद्ध उरांव पूरब–816 पश्चिम–820 |
| 170 | जडेयांग चादर–II | 92 | 966 | धान दो | 0.60 | 0.60 | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–चंपु उरांव दक्षिण–निज पूरब–968 पश्चिम–965 |
| 171 | जडेयांग चादर–II | 92 | 1036 | धान दो | 0.02 | 0.02 | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–चंदु ठाकुर दक्षिण–निज पूरब–1037 पश्चिम–1035 |
| 172 | जडेयांग चादर–II | 92 | 1039 | धान दो | 0.30 | 0.30 | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–अमृत ठाकुर दक्षिण–अमृत ठाकुर पूरब–1038 पश्चिम–1030 |
| 173 | जडेयांग चादर–II | 92 | 1046 | धान दो | 0.50 | 0.50 | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–चंदु ठाकुर दक्षिण–बांध पूरब–1045 पश्चिम–1055 |
| 174 | जडेयांग चादर–II | 92 | 1050 | धान दो | 0.56 | 0.56 | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | रती उरांव, पिता–सुकरा उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप व मंगरा उरांव वो वुदू उरांव वो सूकू उरांव वो सुकूवलाल उरांव, पिता–फागू उरांव, एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–सिदरा उरांव दक्षिण–कामेश्वर सिंह पूरब–1047 पश्चिम–965 |
| 175 | जडेयांग चादर–II | 94 | 578 | टांड दो | 3.55 | 3.55 | राधो साह, पिता–भिखारी साह, जाति–जयसवाल बनिया, निवासी–निजा ग्राम | सुमन कुमारी पति आनन्द कुमार गुप्ता जाति रौनियार | उत्तर–पंचु उरांव दक्षिण–रास्ता पूरब–613 पश्चिम–574 |
| 176 | जडेयांग चादर–II | 94 | 936 | टांड दो | 0.65 | 0.65 | राधो साह, पिता–भिखारी साह, जाति–जयसवाल बनिया, निवासी–निजा ग्राम | राधो साह, पिता–भिखारी साह, जाति–जयसवाल बनिया, निवासी–निजा ग्राम | उत्तर–पुरानी परति दक्षिण–चंदरू महतो पूरब–1103 पश्चिम–350 |
| 177 | जडेयांग चादर–II | 105 | 883 | टांड दो | 0.72 | 0.72 | लेदरीया, भूइयां, पिता–नगू भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–पकड़ार पत्रालय मुरूप | लेदरीया, भूइयां, पिता–नगू भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–पकड़ार पत्रालय मुरूप | उत्तर–बुद्धु पहान दक्षिण–नन्दु ठाकुर पूरब–881 पश्चिम–423 |
| 178 | जडेयांग चादर–II | 108 | 1068 | पुरानी परती | 2.07 | 2.07 | सत्यनरायण सिंह, पिता–हवलदार सिंह एक सौ अंश, जाति–राजपुत, निवासी–निज ग्राम व सुमित्रा देवी, पिता–जगदेव सिंह एक सौ सात अंश, जाति–राजपुत, निवासी–निज ग्राम | सत्यनरायण सिंह, पिता–हवलदार सिंह एक सौ अंश, जाति–राजपुत, निवासी–निज ग्राम व सुमित्रा देवी, पिता–जगदेव सिंह एक सौ सात अंश, जाति–राजपुत, निवासी–निज ग्राम | उत्तर–नहर दक्षिण–1069 पूरब–नहर पश्चिम–रास्ता |
| 179 | जडेयांग चादर–II | 110 | 930 | टांड दो नई परती | 0.93 | 0.93 | सरक भूइयां, पिता–पड़का भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–सेमरीया पत्रालय मुरूप | सरक भूइयां, पिता–पड़का भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–सेमरीया पत्रालय मुरूप | उत्तर–नंदु ठाकुर दक्षिण–निज पूरब–925 पश्चिम–355 |
| 180 | जडेयांग चादर–II | 110 | 932 | टांड दो नई परती | 0.65 | 0.65 | सरक भूइयां, पिता–पड़का भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–सेमरीया पत्रालय मुरूप | सरक भूइयां, पिता–पड़का भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–सेमरीया पत्रालय मुरूप | उत्तर–निज दक्षिण–दुर्गा उरांव पूरब–919 पश्चिम–933 |
| 181 | जडेयांग चादर–II | 114 | 887 | धान दो | 0.44 | 0.44 | सहदेव भूइयां, पिता–रोहन भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–आरागुड़ी पत्रालय मुरूप | सहदेव भूइयां, पिता–रोहन भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–जड़ेयांग | उत्तर–नंदु ठाकुर दक्षिण–रास्ता पूरब–रास्ता पश्चिम–417 |
| 182 | जडेयांग चादर–II | 116 | 622 | मकान मय शहन | 0.05 | 0.05 | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–619 दक्षिण–624 पूरब–623 पश्चिम–621 |
| 183 | जडेयांग चादर–II | 116 | 624 (P) | टांड दो | 0.47 | 0.26 | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–निज दक्षिण–हरकीशुन पूरब–637 पश्चिम–624 अंष |
| 184 | जडेयांग चादर–II | 116 | 827 | धान दो | 0.65 | 0.65 | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–रास्ता दक्षिण–निज पूरब–826 पश्चिम–841 |
| 185 | जडेयांग चादर–II | 116 | 828 | टांड दो | 0.56 | 0.56 | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–निज दक्षिण–पंडरा उरांव पूरब–रास्ता पश्चिम–839 |
| 186 | जडेयांग चादर–II | 116 | 852 | टांड दो | 0.04 | 0.04 | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–एतवा भुईया दक्षिण–निज पूरब–851 पश्चिम–853 |
| 187 | जडेयांग चादर–II | 116 | 853 | टांड दो | 2.66 | 2.66 | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | सुकरा भूइयां, पिता–वलदेव भूइयां, जाति–भुइयां, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–रास्ता दक्षिण–रास्त पूरब–रास्ता पश्चिम–854 |
| 188 | जडेयांग चादर–II | 117 | 1007 | टांड दो | 1.75 | 1.75 | सुखदेव उरांव, पिता–मंगरू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | सुखदेव उरांव, पिता–मंगरू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–पुरानी परति दक्षिण–जंगल पूरब–जंगल पश्चिम–मोटीआर |
| 189 | जडेयांग चादर–II | 118 | 860 | टांड दो | 1.35 | 1.35 | सुखलाल उरांव, पिता– फागु उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टेकही | सुखलाल उरांव, पिता– फागु उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टेकही | उत्तर–नाला दक्षिण–पुरानी परति पूरब–नदी पश्चिम–869 |
| 190 | जडेयांग चादर–II | 119 | 988 (P) | धान दो | 0.57 | 0.46 | सुखलाल उरांव, पिता– फागु उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम | सुखलाल उरांव, पिता– फागु उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम | उत्तर–निज दक्षिण–बिगु उरांव पूरब–988 अंश पश्चिम–1000 |
| 191 | जडेयांग चादर–II | 119 | 1003 | धान दो | 0.74 | 0.74 | सुखलाल उरांव, पिता– फागु उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम | सुखलाल उरांव, पिता– फागु उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम | उत्तर–मंगरा उरांव दक्षिण–सुकरा उरांव पूरब–998 पश्चिम–रास्ता |
| 192 | जडेयांग चादर–II | 121 | 625 (P) | टांड दो | 0.49 | 0.39 | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सुरज ठाकूर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–सुमा भुईया दक्षिण–रास्ता पूरब–625अंश पश्चिम–रास्ता |
| 193 | जडेयांग चादर–II | 121 | 626 | मकान मय शहन | 0.04 | 0.04 | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सुरज ठाकूर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–627 दक्षिण–रास्ता पूरब–625 पश्चिम–रास्ता |
| 194 | जडेयांग चादर–II | 121 | 627 | टांड दो | 0.05 | 0.05 | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सुरज ठाकूर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–पंचु उरांव दक्षिण–निज पूरब–625 पश्चिम–रास्ता |
| 195 | जडेयांग चादर–II | 121 | 837 | टांड दो | 1.28 | 1.28 | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सुरज ठाकूर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–रसबा उरांव दक्षिण–निज पूरब–834 पश्चिम–नदी |
| 196 | जडेयांग चादर–II | 121 | 911 | धान दो | 0.05 | 0.05 | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सुरज ठाकूर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–पंचु उरांव दक्षिण–नंदु ठाकुर पूरब–906 पश्चिम–615 |
| 197 | जडेयांग चादर–II | 121 | 923 | टांड दो | 0.21 | 0.21 | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सुरज ठाकूर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–928 दक्षिण–920 पूरब–922 पश्चिम–924 |
| 198 | जडेयांग चादर–II | 121 | 925 | धान दो | 0.70 | 0.70 | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सुरज ठाकूर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–मधु उरांव दक्षिण–कैलेश्वर पूरब–924 पश्चिम–930 |
| 199 | जडेयांग चादर–II | 121 | 979 | टांड दो | 0.57 | 0.57 | सुरज ठाकुर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सुरज ठाकूर, पिता–रामफल ठाकूर, जाति–हजाम, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–निज दक्षिण–पुरानी परती पूरब–983 पश्चिम–975 |
| 200 | जडेयांग चादर–II | 124 | 553 | टांड दो | 0.86 | 0.86 | सीदरा उरांव वो वुधराज उरांव वो लंगरू उरांव, पिता–शोमरा उरांव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सीदरा उरांव वो वुधराज उरांव वो लंगरू उरांव, पिता–शोमरा उरांव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–नाला दक्षिण–निज पूरब–557 पश्चिम–552 |
| 201 | जडेयांग चादर–II | 124 | 782 | टांड दो | 1.74 | 0.01 | सीदरा उरांव वो वुधराज उरांव वो लंगरू उरांव, पिता–शोमरा उरांव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सीदरा उरांव वो वुधराज उरांव वो लंगरू उरांव, पिता–शोमरा उरांव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–रति उरांव दक्षिण–रति उरांव पूरब–782 अंश पश्चिम–रास्ता |
| 202 | जडेयांग चादर–II | 124 | 816 (P) | टांड दो | 0.11 | 0.07 | सीदरा उरांव वो वुधराज उरांव वो लंगरू उरांव, पिता–शोमरा उरांव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सीदरा उरांव वो वुधराज उरांव वो लंगरू उरांव, पिता–शोमरा उरांव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–रति उरांव दक्षिण–नाला पूरब–816 अंश पश्चिम–819 |
| 203 | जडेयांग चादर–II | 124 | 1049 | धान दो | 0.18 | 0.18 | सीदरा उरांव वो वुधराज उरांव वो लंगरू उरांव, पिता–शोमरा उरांव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | सीदरा उरांव वो वुधराज उरांव वो लंगरू उरांव, पिता–शोमरा उरांव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–धामु उरांव दक्षिण–रति पूरब–1047 अंश पश्चिम–968 |
| | कुल– | | | | | 121.00 | | | |

PR 364321 Land Reforms(25-26)#D

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
लातेहार

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 17 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


## लोहरदगा में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत संबंधी कानूनी जानकारी देने के उद्देश्य से शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025 को कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर आवंटिका भवन ब्लॉक परिसर, लोहरदगा में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आयोजित होगा। इस शिविर में उपभोक्ताओं को विपत्र (बिल) संबंधित मामलों, एफआइआर की प्रक्रिया तथा अन्य विधुत से जुड़े कानूनी पहलुओं की जानकारी दी जायेगी। इस संबंध में विधुत विभाग के सहायक अभियंता अज्जू कच्छप ने बताया कि इस जागरूकता शिविर का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को विधुत कानूनों की सही जानकारी देना और विवादों से बचाव के उपाय बताना है। उपभोक्ताओं को बिजली चोरी, बकाया बिल और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में स्पष्ट जानकारी दी जायेगी, ताकि वे विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सकें।

# 2.69 करोड़ की 61 योजनाओं का उद्घाटन

खेल के विकास में धीरज प्रसाद साहू के परिवार का महत्वपूर्ण योगदान : डॉ रामेश्वर उरांव

जिला के युवा खेल और पढ़ाई में दें विशेष ध्यान : धीरज प्रसाद साहू




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बलदेव साहू कॉलेज स्थित स्टेडियम में विधायक मद से कुल 61 योजनाओं का उद्घाटन और 51 योजनाओं का शिलान्यास लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और उपायुक्त डॉ ताराचंद ने किया। कार्यक्रम में विधायक मद योजना अंतर्गत कुल 61 योजनाओं का उद्घाटन किया गया जिनकी लागत 2.69 करोड़ रुपये है। वहीं 51 योजनाओं जिनकी लागत 2.42 करोड़ रुपये है उनका शिलान्यास किया गया। बीएस कॉलेज स्टेडियम में दर्शकों के बैठने के लिए कुर्सी लगाने, पीने के साफ पानी के लिए एक्वागार्ड, क्रिकेट का अभ्यास करने के लिए लाइट की सुविधा, मुख्य मंच पर टाइल्स लगाने का कार्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में कुश्ती खिलाड़ी अजीता उरांव, सुशांति कुजूर, सीता कुमारी, एथलेटिक्स की आराधना लकड़ा, शिवांगी किस्पोट्टा, निशांत भगत, क्रिकेट खिलाड़ी सुशांत साहू, पूजा कुमारी, रनबीर साहू को उनके विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, सचिदानंद चौधरी, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, बीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ शशि कुमार गुप्ता समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि लोहरदगा जिला में खेल के विकास में धीरज प्रसाद साहू के परिवार का बहुत बड़ा योगदान है। कई वर्षों से पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू का परिवार खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराता आ रहा है। पूर्व के वर्षों में जब लोहरदगा जिला में खेल के लिए बहुत सुविधाएं नहीं थीं तो वर्तमान क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कराया गया और यहां के खिलाड़ियों को एक मंच मिला। आज इस परिसर में कई तरह की खेल प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। भविष्य में बास्केटबॉल कोर्ट भी बनाये जाने योजना है जो जल्द पूरी होगी। यहां के युवा खेल में खूब मेहनत करें और जिला का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रौशन करें। जो सुविधाएं स्टेडियम में दी जा रही है उसकी सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाये।

### ललित नारायण स्टेडियम का होगा कायाकल्प

कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला में अवस्थित ललित नारायण स्टेडियम का भी कायाकल्प किया जायेगा। वर्तमान में स्टेडियम में खेल के विकास के लिए कार्य किये जा रहे हैं। आनेवाले समय में और भी कार्य इसमें किये जायेंगे। इसका आकार भी बढ़ाये जाने का प्रयास रहेगा। स्टेडियम के विकास को लेकर विभिन्न प्रस्ताव माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड के पास भेजे गये हैं। यहां के युवाओं अपील है कि आप खेल और पढ़ाई दोनों में ध्यान दें। खेल के क्षेत्र में जिला का नाम रौशन करें। भविष्य में बीएस कॉलेज स्टेडियम में भी कई तरह की सुविधाएं बढ़ायी जायेंगी।

### खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीकें सीखें

उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि जब भी कभी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने या संपर्क में आने का अवसर मिले तो आप सभी खिलाड़ी उनसे खेलों में अपनायी जानेवाली अंतरराष्ट्रीय तकनीकों को अवश्य सीखें। आज देश विदेश में झारखंड के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया हैं। यहां तक कि भारतीय हॉकी टीम में खूंटी, गुमला, सिमडेगा के खिलाड़ियों ने अपनी जगह बनायी है। झारखंड के हॉकी खिलाड़ी भारतीय हॉकी टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। आज विकास की परिभाषा में खेल का विकास भी जरूरी मानक है।

## रजवार कोल ब्लॉक विस्थापितों को अंधेरे में रखकर काम ना करे : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड (टीवीएनएल) की प्रस्तावित रजवार कोल ब्लॉक से विस्थापित होने वाले रैयतों ने गुरुवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव से चंदवा में मुलाकात की। लोगों ने अपनी समस्या रखी। बताया कि उक्त कंपनी को रजवार कोल ब्लॉक मिला है। इसके अंतर्गत चंदवा के तीन गांव विस्थापित होंगे। इसमें रेंची गांव भी शामिल है। लोगों ने बताया कि लगातार कंपनी के अधिकारियों द्वारा एनओसी को लेकर बैठक की जा रही है पर ग्रामीणों को अब तक यह नहीं पता है कि उनकी जमीन के एवज में उन्हें क्या मिलेगा?

प्रतुल ने कहा कि कंपनी को अपनी विस्थापन नीति तुरंत स्पष्ट करना चाहिए। प्रतुल ने कहा कि पूरे जिले में हाल में हुए सर्वे में बड़े पैमाने पर त्रुटि हुई है। ऑफलाइन रसीद में जमीन कुछ और ऑनलाइन में जमीन किसी और के नाम से दिख रहा है। अधिकतर भूमि अनाबाद बिहार सरकार में दर्ज कर दी गयी है। व्यक्तिगत वन पट्टा का आवेदन पर भी निष्पादन नहीं हो रहा है।

ग्रामीणों ने श्री शाहदेव से इस पूरे मामले में हस्तक्षेप कर जिला प्रशासन के सहयोग के साथ रैयतों की मदद करने की अपील की। इससे मूल रैयतों को विस्थापन संबंधी जानकारी स्पष्ट हो सके। लोगों की बात सुनकर श्री शाहदेव ने कहा कि एक भी रैयतों के साथ अन्याय नहीं होगा। जल्द ही वे इस मामले में गांव का दौरा करेंगे और ग्रामीणों के साथ एक वृहत बैठक करेंगे।

## हाथी और जंगली जानवरों से प्रभावित लोगों के बीच मुआवजा का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड स्थित फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में गुरुवार को वन विभाग के तत्वावधान में हाथी एवं अन्य जंगली जानवरों से प्रभावित लोगों के बीच मुआवजा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू उपस्थित रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने प्रभावित परिवारों के बीच कुल 11,05,697 (ग्यारह लाख पाच हजार छह सौ सत्तानवे) रुपये का मुआवजा चेक के माध्यम से वितरित किया। विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि हाल के दिनों में लोहरदगा जिला अंतर्गत कई क्षेत्रों में हाथियों और अन्य वन्य जीवों के हमलों से जनहानि एवं संपत्ति की क्षति हुई थी। अनेक लोगों के घर, फसलें और अनाज नष्ट हुए, जिससे ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। उन्होंने कहा कि प्रभावितों के आवेदन पर सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वन विभाग के माध्यम से मुआवजा प्रदान किया है ताकि लोगों को राहत मिल सके। पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा वनाच्छादित जिला है, जहां समय-समय पर हाथी और अन्य जंगली जानवरों के कारण जनहानि और फसल नुकसान होता रहता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा इसके लिए मुआवजा का प्रावधान किया गया है, जिससे आम जनता लिखित आवेदन के माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रभावित परिवारों की हरसंभव मदद की जायेगी। मौके पर शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सच्चिदानंद चौधरी, प्रभारी वनपाल विपिन टोप्पो, वनरक्षक पंकज सिंह, गौतम राम, शामूल अंसारी, सदरुल अंसारी, अनिस अहमद, ऐनुल अंसारी, असलम अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## उग्रवादी संगठन के नाम से सहिया को मिल रही धमकी

**लातेहार (आजाद सिपाही)।**



लातेहार सदर थाना क्षेत्र लातेहार में कार्यरत एक स्वास्थ्य सहिया को उग्रवादी संगठन जेजेएमपी की धमकी लगातार मिल रही है। सिविल सर्जन लातेहार राजमोहन खलखो ने बताया कि सहिया हेल्प टैक्स लातेहार से विगत एक महत्वपूर्ण अस्पताल में कार्य एमपीडब्ल्यू के द्वारा सहिया को कॉल कर गंदी-गंदी गालियां दी गयी थी। साथ ही सहिया के पद से हटाने की भी धमकी दी गयी थी। जिसको लेकर सहिया ने स्वास्थ्य विभाग लातेहार को आवेदन देकर जांच एवं कार्यवाही की मांग की थी। मगर एक माह बीत जाने के बाद भी अब तक जांच पूरा नहीं हो पाया है। वही मामले को लेकर आवेदन वापस लेने के लिए सहिया को लगातार फोन पर उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के नाम से धमकी दी जा रही है।

## सड़क पर गिरा हाइटेंशन तार, मची अफरा-तफरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह-मेदिनीनगर मुख्य पथ स्थित हिंदेहास के पास गुरुवार की अहले सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। अचानक 11 हजार वोल्ट का हाइ टेंशन तार टूटकर सड़क पर गिर पड़ा, जिससे वहां तेज आग लग गयी आग की लपटें कुछ ही देर में ऊंची उठने लगीं और आसपास अफरातफरी का माहौल बन गया। स्थानीय ग्रामीणों ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल पानी और बालू डालकर आग पर काबू पा लिया जिससे किसी बड़ी अनहोनी से बचाव हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गयी। करीब तीन घण्टे तक बिजली विभाग का कोई कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा था और टूटा हुआ तार सड़क पर पड़ा हुआ था। वही दूसरी और दोपहर में भाजपा कार्यालय के समीप भी 11 हजार हाइटेंशन तार अचानक गिर गया जिससे दुकानदार मनोज प्रसाद समेत कई लोग बाल बाल बच गये। उधर ग्रामीणों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मेंटेनेंस के नाम पर सिर्फ बिजली काट दी जाती है। लेकिन वास्तविक रखरखाव का काम नहीं होता। उनका कहना है कि यदि समय-समय पर जांच और मरम्मत होती, तो ऐसी घटनाएं नहीं घटतीं।

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और बिजली विभाग से इस लापरवाही की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही आग्रह किया है कि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो, इसके लिए पुख्ता इंतजाम किये जाये।

## कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली के अधिवक्ताओं के साथ मासिक समीक्षा बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित पीडीजे कार्यालय कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा ने कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली के अधिवक्ताओं के साथ मासिक समीक्षा बैठक की। जिसमें डालसा सचिव राजेश कुमार, एसडीओ सह जेल अधीक्षक अमित कुमार, जेलर सुबोध कुमार, एलएडीसीएस चीफ नसीम अंसारी, डिप्टी चीफ उमेश कुमार, नारायण साहू, असिस्टेंट इंद्राणी कुजूर, भूपेंद्र कुमार, सुदामा साहू उपस्थित रहे। इस दौरान अंडर ट्राइल प्रिजनर को लेकर भी चर्चा की गयी। जेल में ई- कियोस्क, महिला बंदियों के बच्चों के लिए पालना घर का निर्माण, साथ ही डालसा के अधिवक्तागण के लिए नए भवन जहां बंदियों को जानकारी दी जा सके का निर्माण को जल्द पूरा करने को कहा गया। पीडीजे ने ज्यादा से ज्यादा बंदियों तक कानूनी सहायता पहुंचाने पर बल दिया ।

## परदेस कमाने गया युवक लापता



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रदेश कमाने गये मजदूर रास्ते से लापता हो गया। सुराग नही मिलने पर पत्नी ने प्रशासन से सकुशल बरामदगी के लिये गुहार लगायी है। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत ग्राम निवासी सहवीर उरांव का 29 वर्षीय पुत्र नंदलाल उरांव 21 सितम्बर 2025 को हेसवे नावा टोली निवासी राममोहन नायक का पुत्र हलधर नायक के माध्यम से अपने गांव के साथी जितेंद्र उरांव, अनीश उरांव,सूरज उरांव एवं अन्य साथियों के साथ काम करने के लिये त्रिपुरा जा रहा था। उसी दौरान सूरज उरांव पखन टोली निवासी नंदलाल उरांव के साथ बदलापुर स्टेशन पर पानी या कोई वस्तु खरीदने के लिए उतरा जिसे ट्रेन छूट गयी। जिसे दोनों साथी बदलापुर रेलवे स्टेशन पर भटकते रहे। जिसके बाद से नंदलाल उरांव का कोई पता नही चला है। जबकि सूरज घर आ गया। हलधर नायक नंदलाल का लापता होने की सूचना तथा उसका मोबाइल उसके घर पर किसी दोस्त के माध्यम से भेज कर खबर करवा देता है कि नंदलाल उरांव लापता हो गया है। जिसकी सूचना पत्नी मालती कुमारी को मिलते ही सेन्हा थाना में घटित घटना से अवगत कराते हुए पति नंदलाल उरांव को सकुशल बरामद करने का अनुरोध करती है। परंतु अनुरोध के 15 दिन बीत जाने के बाद भी किसी प्रकार का सहयोग और कोई सुराग नहीं मिला।

## जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बहाल हो : विकास तिवारी



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार चतरा सांसद प्रतिनिधि विकास तिवारी ने गुरुवार को लातेहार जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीइओ) एवं जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसइ) से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिले की शैक्षिक व्यवस्था, विद्यालयों में पठन-पाठन की स्थिति तथा शिक्षकों की उपस्थिति और अनुशासनात्मक कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। सांसद प्रतिनिधि ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना समय की मांग है। उन्होंने ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और शिक्षकों को नियमित रूप से विद्यालयों में समय पर पहुँचने के लिए ठोस पहल करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई और स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी और शिक्षा अधीक्षक ने सांसद प्रतिनिधि को आश्वस्त किया कि विभाग लगातार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में कार्य कर रहा है और भविष्य में और सख्ती बरती जायेगी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि विकास तिवारी ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों का भविष्य संवार सकती है, इसलिए विद्यालयों की व्यवस्था मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। आपसी समन्वय बनाकर प्रत्येक शिक्षक शिक्षण पाठ योजना (लेसन प्लान) के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान भाजपा के लातेहार जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे उपस्थित रहे।

## 29 नवंबर को 'सर्वधर्म सामूहिक विवाह' का आयोजन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारत के वीर शहीदों की स्मृति और सम्मान में भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट, लोहरदगा ने समाज में एक अनोखी पहल की है। ट्रस्ट द्वारा उन गरीब परिवारों के लिए, जो आर्थिक तंगी के कारण अब तक विवाह नहीं कर पाये हैं और पति-पत्नी की तरह साथ रह रहे हैं, एक सर्वधर्म सामूहिक विवाह समारोह 2025 आयोजित किया जा रहा है। यह सामूहिक विवाह 29 नवंबर को संपन्न होगा। इस आयोजन का उद्देश्य ऐसे सभी जोड़ों को कानूनी और सामाजिक मान्यता दिलाना है ताकि महिलाओं को अपने पति के घर में पत्नी का वैधानिक अधिकार प्राप्त हो सके। भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज महतो ने बताया कि यह कदम समाज में व्याप्त असमानता को दूर करने और उन महिलाओं को सम्मानजनक स्थान दिलाने की दिशा में एक सच्ची कोशिश है, जो बिना विवाह के रह रही हैं।

## दो वर्ष से रुकी 15वें वित्त आयोग की राशि तुरंत जारी करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा झारखंड की 15वें वित्त आयोग की राशि केन्द्र सरकार द्वारा निर्गत नहीं किये जाने के विरोध स्वरूप कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने अपने पंचायत में सत्याग्रह अभियान चलाया और राशि जल्द निर्गत करने की मांग केंद्र सरकार से की है। अभियान में उपस्थित किसानों से कहा कि पंद्रहवें वित्त मंद की राशि केन्द्र सरकार से दो वर्ष से 2024-25 और 2025-26 के लिए झारखंड को अबतक नहीं मिली है। इसके कारण पंचायती राज संस्थाओं को भी 15वें वित्त आयोग की राशि नहीं मिल पायी जिससे पंचायतों की छोटे बड़े काम ठप हो गया है। केंद्र सरकार द्वारा राशि रोके जाने से पंचायत स्तर पर विकास कार्य ठप पड़ गया है। ग्रामीण इलाके की विकास में पंचायतों की अहम भूमिका होती है, इसके बाद भी पंचायती राज संस्थाओं की राशि रोक दिया गया है। इस कारण पंचायतों में विकास का काम पूरी तरह ठप हो गया है। पंचायतों को राशि नहीं मिलने की वजह से पंचायत में चापानल, जलमीनार, कूप, नाली मरम्मत, पीसीसी पथ, पेबर ब्लॉक पथ, चबूतरा, अखरा, पुलिया, शौचालय निर्माण जैसी योजनाएं बंद हो गयी हैं। पंचायत के प्रतिनिधियों ने बताया कि वह अपने तीन साल के कार्यकाल में पिछले दो साल से वित्तीय सहायता की इंतजार में समय गुजर रहा है। राशि नहीं मिलने से पंचायत प्रतिनिधियों में केंद्र और राज्य सरकार के प्रति आक्रोश है। पंसस अयुब खान ने झारखंड की 15वें वित्त आयोग की राशि तुरंत जारी करने की मांग केंद्र सरकार से किया है। अभियान में पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, पूर्व मुखिया रामधनी भगत, द्वारीका गंझु, रामवृक्ष गंझु, उमा देवी, सावित्री देवी, सुनिता देवी, महेन्द्र गंझु, रमेशर गंझु, मनोज गंझु, सुरेस गंझु, रामधनी भगत, मारकुस केरकेट्टा, बिमल गंझु, दीपक सुरीन सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## संगठन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा करना : देवी सिंह



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यालय उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड मंत्री राम लगन महतो द्वारा सभी का परिचय कराया गया। जिसके तत्पश्चात प्रांत संगठन मंत्री द्वारा सनातन समाज को संगठित रखने को लेकर विचार व्यक्त करते हुए सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा तथा संवर्धन के लिए निरंतर कार्य करने को मुख्य कर्तव्य बताया गया। उपस्थित जनसमूह ने धर्म और संस्कृति की रक्षा हेतु एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया पूजा अर्चना के पश्चात उन्होंने कहा यह कार्यालय विभिन्न गतिविधियों का केंद्र बनेगा। जिस पर बताते हुए कहा गया कि संगठन का मुख्य उद्देश्य है। लोगो को जागरूक कर समाज हित में कार्य करने के लिये प्रेरित करना जिसे धार्मिक, समाजिक,सांस्कृतिक और अन्य सभी बिन्दुओ पर पौनी नजर बना रहना चाहिये तथा प्रत्येक दिन भक्ति भजन आरती एवं संगठन के कार्यों को सफल बनाने में सभी का योगदान सुनिचित करना ही मुख्य कर्तव्य है। कार्यक्रम समापन के पश्चात विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष रंजीत साहू ने आभार प्रकट करते हुए समापन की घोषणा किया। उद्घाटन कार्यक्रम में लोहरदगा जिला मंत्री रंजीत कुमार साहू, विभाग मंत्री कुलदीप सिंह, सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष रंजीत साहू, मंत्री राम लगन महतो, बजरंग दल संयोजक सुरेंद्र साहू के अलावे संतोष महतो, अजीत महतो,सार्जेंट रूपेश कुमार,राजेंद्र साहू, सत्यम अग्रवाल, संतोष साहू समेत विश्व हिंदू परिषद के अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## बरवाडीह में पंचायत समिति की बैठक



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को प्रखंड सभागार में प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज,उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल बीपीओ अंसारी और विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत पूर्व के बैठक में हुई समीक्षा पर कार्रवाई का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बैठक में खाद्य आपूर्ति विभाग, मनरेगा, स्वास्थ्य शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग समेत कई विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति पर गहनता से चर्चा हुई। मौके पर प्रमुख सुशीला देवी ने प्रखंड अंतर्गत लात पंचायत के ग्राम बेरे आंगनबाड़ी सेविका चयन प्रक्रिया में सवाल खड़ा करते हुए कहा कि फर्जी ग्राम सभा के माध्यम से आंगनबाड़ी सेविका का चयन हुआ है। बताया कि ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों का फर्जी हस्ताक्षर हुए हैं जैसे पंचायत के मुखिया ईश्वरी देवी का फर्जी हस्ताक्षर,पोषक क्षेत्र के बाहर के लोगों का हस्ताक्षर, जगदीश सिंह जिसका हस्ताक्षर क्रम संख्या 36 पर दर्ज है जो कि मृत व्यक्ति है। उन्होंने सदन के माध्यम से प्रास्ताव लाया है कि चयनित सेविका को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए। वहीं पसंस प्रवीण कुमार के द्वारा सदन के माध्यम से 15 वें वित्त आयोग से क्रियान्वित जल मीनार का अधिष्ठापन, मरम्मती से संबंधित आय और व्यय का ब्यौरा उपलब्ध कराने को कहा गया।

## दीपावली में घर के लिए स्टाइलिश फर्नीशिंग की खरीददारी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** इस दीपावली घर का मेकओवर करने के लिए बाजार सज चुका है। घर में टंगे बोरिंग पर्दे सोफा कवर और कुशन को लोग बदलने की होड़ में लग गये हैं। घर की सुंदरता बढ़े इसलिए स्टाइलिश फर्नीशिंग की खरीददारी भी लोगों ने शुरू कर दी है। इस बार बाजार में स्टाइलिश फ्लोरिंग से लेकर कर्टेन, कारपेड, डाइनिंग टेबल रनर, टेबल स्टैंड, टेराकोटा की साइड स्टैच्यू की बड़ी रेंज मार्केट में आयी है। बजट के हिसाब से लोग अपने घर के इंटीरियर में चार चांद लगा सकते हैं। फर्नीशिंग आयटम में इस बार कई ब्रांडेड कम्पनियां ग्राहकों को 40 से 50 प्रतिशत की छूट दे रहे हैं तो वहीं लोकल कम्पनी भी 15 से 30 प्रतिशत का डिस्काउंट ऑफर कर ग्राहकों को लुभा रही है। घर को सजाने की बात की जाये तो सबसे पहले ड्राइंग रूम से इसकी शुरूआत होती है। ड्राइंग रूम को सजाने के लिए पर्दे, सोफा कवर, सोफा कुशन, टेबल मैट, डोर मैट के डिजाइनर पीस बाजार में हैं। ब्रांडेड हों या लोकल सभी की डिमांड ज्यादा है। शहर के अपर बाजार, महावीर चौक, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक में ब्रांडेड से लेकर लोकल आयटम का बड़ा कलेक्शन है। यहां इन दिनों सुबह से शाम तक खरीददारों की भीड़ जुटी है। दुकानदार ने बताया कि लोग कम बजट में अच्छे पर्दे खोज रहे हैं। पर्दे के रंग दीवार के कंट्रॉस्ट में चल रहा है। इसमें ब्राइट कलर के पर्दे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। इसके अलावा कैटलॉग को देखकर ग्राहक पर्दे सिलने का भी ऑर्डर दे सकते हैं। इसमें सिलाई का एक्स्ट्रा चार्ज 100 रूपये लगेगा। पर्दे में पैचवर्क पर्दा ज्यादा पसंद किया जा रह है। इसमें फूल और पत्तियों का पैच लगा होता है। इसके अलावा रॉयल लुक देते हुए प्लेन पर्दे के साथ बनारसी और जयपुरी टच वाले कपड़ा लगा पर्दा काफी पसंद किया जा रहा है।

### ऑनलाइन शॉपिंग ने दुकानदारों का निकाला दिवाला

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** वैसे तो दिवाली के मौके पर हर तरफ बाजार गुलजार रहते हैं, लेकिन इस साल की दिवाली ने दुकानदारों का दिवाला निकाल दिया है। ऑनलाइन शॉपिंग में इस फेस्टिव सीजन ऑफरों और डिस्काउंट की वजह से कस्टमर्स बाजार का रुख कर रहे हैं और न ही दुकानदारों के चेहरे पर रौनक देखने को मिल रही है। ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ता बाजार और उसपर मिल रही भारी भरकम डिस्काउंट से दुकानों पर कस्टमर कम देखने को मिल रहे हैं। दरअसल, जिस बेस प्राइस पर दुकानदार प्रोडक्ट खरीदकर ग्राहकों को बेचते हैं, अमूमन उसी या फिर उससे भी कम कीमत पर वही समान ऑनलाइन प्लेटफार्म पर आसानी से उपलब्ध है। लिहाजा ऑनलाइन के बढ़ते चलन की मार बाजार में साफ दिख रहा है। फेस्टिव सीजन में दुकानों में उम्मीद के मुताबिक बिक्री नहीं होने और ऑनलाइन शॉपिंग की तरफ ग्राहकों के बढ़ते रुझान ने लोकल मार्केट के व्यापारियों का दिवाला तो निकाल ही दिया है।

# जसीडीह में युवक की गला रेतकर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** जसीडीह थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव में शुक्रवार की देर रात एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान चपरिया गांव निवासी 22 वर्षीय रोहित यादव के रूप में हुई है। वह अपने पिता के साथ मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार, रोहित को किसी ने फोन कर घर से बुलाया था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। देर रात जब गांव के पास उसकी लाश पड़ी मिली, तो ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और इसकी जानकारी जसीडीह थाना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने एक महिला समेत तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए उनके नाम पुलिस को बताये हैं। हालांकि हत्या के पीछे की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। जसीडीह थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की गयी है। पुलिस आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और लोग घटना की निंदा कर दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

# डीसी ने थाना प्रभारी को बालू के अवैध परिवहन पर रोक लगाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** समाहरणालय के सभाकक्ष में पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में डीसी ने डीएमओ से पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की जानकारी ली, डीएमओ सुनील कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि सितंबर महीने में खनन विभाग स्तर से अबतक अवैध परिवहन और खनन कर रहे कुल 25 वाहनों को जब्त किया गया है साथ ही 15 लाख 6 हजार रुपये बतौर जुर्माना भी वसूला गया। वहीं कुल 5 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। वहीं जिला परिवहन कार्यालय के तरफ से 21 वाहनों को जब्त कर 5 लाख 75 हजार रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावे अलग-अलग अंचलों के द्वारा की गयी कार्रवाई में 17 वाहन जब्त किये गये है जिसमें सबसे अधिक छतरपुर में 5 वाहन जब्त किये गये हैं जबकि सदर, पांकी, नौडीहा बाजार, पांडु, उंटारी रोड, हुसैनाबाद, लेस्लीगंज, पड़वा, मनातू, मोहम्मदगंज और तरहसी में शून्य वाहन जब्त किये गये है। इस दौरान बैठक में डीएमओ श्री कुमार ने सभी को विभिन्न अंचलों जहां अवैध रूप से बालू का अवैध उठाव होता है से संबंधित सूची भी उपलब्ध कराया।

**अवैध बालू उठाव को लेकर कई अंचलों में कार्रवाई नहीं, यह दुर्भाग्यपूर्ण :** विभिन्न अंचलों से प्राप्त कार्रवाई की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पाया कि कई अंचलो से अवैध बालू उठाव से जुड़े एक भी वाहन को जब्त नहीं किया गया है। इसपर डीसी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होंने कहा कि आमजनों की ओर से इसपर लगातार शिकायतें प्राप्त होती रहती है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्य सचिव स्तर से भी बालू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश प्राप्त है। ऐसे में आप सभी थाना प्रभारी बिना किसी दबाव के अपने क्षेत्र में अवैध बालू के परिवहन पर पूर्ण रूप से लगाम लगाना सुनिश्चित करें इसके अलावे उन्होंने कहा कि चैनपुर अंचल अंतर्गत एक घटना हो जाती है तब अवैध क्रशर संचालित होने का मामला प्रकाश में आता है। इस तरह की घटना की पुनरावृति नहीं हो, यह सुनिश्चित होना चाहिए। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे वन प्रमंडल पदाधिकारी, तीनों एसडीओ, विभिन्न अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी सीओ, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# चोरी के सामान के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**उंटारी रोड/ पलामू।** जिले के उंटारी रोड थाने की पुलिस ने बिरजा गांव से हुई चोरी के आरोप में एक आरोपी को चोरी गये सामान के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उंटारी थाना प्रभारी संतोष गिरी ने बताया कि बिरजा गांव में अपनी रिश्तेदारी में मेराल थाने के तीसर टेटुका गांव से आये श्रवण चौधरी के आवेदन के आधार पर दर्ज प्राथमिकी के आलोक में पांडू अंचल के पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान के नेतृत्व में गठित टीम ने एक आरोपी लव कुमार को गिरफ्तार किया है जिसके पास से दो मोबाइल व चार पीस चांदी का बिछिया बरामद किया है। श्रवण चौधरी अपने रिश्तेदार के घर आया था उसी रात रिश्तेदार के घर हुई चोरी में उनका भी मोबाइल चोर ले गये थे। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त लव कुमार ने अपना जुर्म कुबूल करते हुए यह भी बताया है कि वह अन्य दो साथियों के साथ उसी रात सकेन्द्र चौधरी के घर से भी 2250 रुपये नगद समेत अन्य सामान की चोरी किया था। पुलिस अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान के नेतृत्व में गठित टीम में थाना प्रभारी संतोष गिरी, एएसआइ मुन्ना लाल जामदा, एएसआइ महादेव उरांव, हवलदार नरेश राम, आरक्षी नरु सिंह, विजय उरांव और चालक बलिराम सिंह शामिल थे।

# एके सिंह कॉलेज जपला में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन

विद्यार्थियों को समाज, राष्ट्र और विश्व मानवता के प्रति दायित्व जरूरी : प्रफुल्ल सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** एके सिंह कॉलेज, जपला में प्राचार्य डॉ राम सुभग सिंह की अध्यक्षता में विदाई-सह-स्वागत समारोह संपन्न हुआ। सत्र 2021-24 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह और सत्र 2025-29 के विद्यार्थियों का स्वागत समारोह हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के सचिव प्रफुल कुमार सिंह थे। कार्यक्रम में लगभग 400 विद्यार्थी उपस्थित थे। मंच संचालन जन्तु विज्ञान के प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने किया। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कॉलेज में अपने खट्टे-मीठे अनुभव साझा किये। साथ ही गायन, नृत्य और लघु नाटक भी प्रस्तुत किये। मौके पर कॉलेज सचिव प्रफुल कुमार सिंह ने कहा कि स्नातक की पढ़ाई आपके जीवन का एक पड़ाव था। इसके आगे जीवन का संघर्ष शुरू होगा। बेहतर जीवन के लिए आपको आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर तो होना ही होगा, पर यह भी ध्यान रहे कि आपको एक बेहतर इंसान और नागरिक भी बनना है। समाज, राष्ट्र और विश्व मानवता के प्रति भी आपका दायित्व है। प्राचार्य डॉ राम सुभग सिंह ने कहा कि शिक्षित होने का मतलब है प्रबुद्ध होना। असली शिक्षा वही है जो आपमें आलोचनात्मक चिंतन विकसित करे। आपको हर हाल में तार्किक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के अनुरूप अपना जीवन विकसित करना चाहिए। कार्यक्रम में कॉलेज के पदाधिकारी प्रो अशोक कुमार सिंह, प्रो सुधीर कुमार सिंह, प्रो शशि भूषण सिंह, प्रो राजेश कुमार सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे। विद्यार्थियों में शीलू सिंह, विद्धू, आलोक, रिंकी कुमारी, दिव्या कुमारी, नैन्सी कुमारी, प्रिया कुमारी इत्यादि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व प्राचार्य प्रो सूर्य मणि सिंह ने किया।

# जनता दरबार में कई मामलों का निबटारा

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघर गुरुवार को सूचना भवन, देवघर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी ने की। जनता दरबार में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आये लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं। इनमें भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान, अनुकम्पा नियुक्ति, बिजली बिल माफी, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, फसल बीमा, भू-राजस्व, पेंशन और आवास से संबंधित मामलों की शिकायतें प्रमुख रहीं। जिला परिवहन पदाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों की एक-एक कर समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि अन्य मामलों की भौतिक जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को सौंपने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सहायक नगर आयुक्त, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनता दरबार के माध्यम से प्राप्त सभी शिकायतों की नियमित निगरानी की जाएगी, ताकि किसी भी आम नागरिक की समस्या अनसुलझी न रहे।

# वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष के माता का दाह संस्कार संपन्न



**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष पूर्व जिप प्रतिनिधि पीपरा बरदग गांव निवासी संदीप पासवान की दिवंगत माता 58 वर्षीय मृदुला नंदिनी देवी का गुरुवार को गमगीन माहौल में पुनपुन नदी के उद्गम स्थल कुंड पर दाह संस्कार किया गया। दाह संस्कार में जिले और पलामू प्रमंडल क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिकारी गण एवं सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस दौरान दिवंगत सेविका के पति करमदेव पासवान ने मुखाग्नि दी। इस दौरान सभी ने मृत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवारों को ढाढस बंधाया। बता दें कि दिवंगत मृदुला नंदिनी देवी का बीते बुधवार को इलाज के दौरान रांची के एक अस्पताल में आकस्मिक निधन हो गया था। वे आंगनबाड़ी सेविका के तौर पर ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करते रहे। इनके निधन की खबर सुन अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि अर्पित करने को लेकर स्वजनों सहित ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। दाह संस्कार में वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू प्रमंडल के संरक्षक दशरथ पासवान, प्रमंडलीय अध्यक्ष सुनील पासवान, विनय मांझी, गढ़वा जिला अध्यक्ष चंदन पासवान, महासचिव रामचंद्र पासवान, पलामू जिला महासचिव संजय पासवान, अशोक पासवान, ललन पासवान, ब्रजेश पासवान, जितेंद्र पासवान, लेस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष अजय पासवान, नंदू पासवान, सुनील पासवान,मृदुल पासवान, मिथिलेश पासवान जिला परिषद सदस्य गढ़वा, मुखिया राजेश राजवंशी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए।

# मधुपुर लायंस क्लब ने अनाथालय के बच्चों के बीच सामग्री का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** लायंस क्लब ऑफ मधुपुर की महिला सदस्यों द्वारा गुरुवार को रामकृष्ण विवेकानन्द अनाथालय, 52 बीघा रोड, कालीपुर टाउन, मधुपुर तथा मधुपुर रेलवे स्टेशन परिसर में दीपावली के शुभ अवसर पर सेवा कार्य आयोजित किया गया। इस अवसर पर अनाथालय के बच्चों के बीच बर्तन, कॉपी, पेन, पेंसिल, लड्डू एवं पटाखों का वितरण किया गया, वहीं मधुपुर स्टेशन परिसर में वंचित एवं जरूरतमंद लोगों के बीच लड्डू वितरण किया गया। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और खुशियों की चमक ने कार्यक्रम को भावनात्मक और प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम में लायन रजनी, लायन आंचल, एवं लायन नेहा ने सक्रिय भागीदारी निभायी। इनके साथ क्लब अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक, सचिव लायन विजय आनंद लच्छीरामका, कोषाध्यक्ष लायन रामानुज मिश्रा, सह सचिव लायन राजेश तिवारी, लायन विनोद लच्छीरामका एवं लायन विशाल चौरसिया सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां साझा करते हुए, समाज में प्रेम, सहयोग एवं सेवा की भावना को सशक्त करने का संदेश दिया। इस अवसर पर लायन सहेला सरफराज ने कहा कि दीपावली का असली अर्थ तभी पूर्ण होता है जब हम किसी के जीवन में रोशनी भर सकें। बच्चों की मुस्कान हमारे लिए सबसे बड़ी दीवाली की खुशी है। सचिव लायन विजय लच्छीरामका ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में प्रकाश फैलाने का संदेश देता है। हमारे क्लब की महिला सदस्यों ने इस भावना को साकार कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह आयोजन 'वी सर्व' के आदर्श वाक्य को सच्चे अर्थों में सार्थक करता है और लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के सेवा-समर्पण की भावना को पुनः उजागर करता है।

# एलपीसी और म्यूटेशन में भी रिश्वतखोरी हावी, सपा ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिहरगंज प्रखंड, अंचल और नगर कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर : कमलेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/ पलामू।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी कमलेश कुमार यादव ने बयान जारी कर हरिहरगंज प्रखंड, अंचल तथा नगर पंचायत कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन कार्यालयों में भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि बिना रिश्वत दिए आम जनता का कोई काम नहीं हो रहा है।

उन्होंने कहा कि बिचौलियों का ऐसा नेटवर्क बना हुआ है कि आम आदमी को हर छोटी बड़ी सरकारी योजना का लाभ उठाने के लिए घूस देने पड़ रही है। उन्होंने विशेष रूप से शहरी और ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुए इस योजना की पहली और दूसरी किस्त कराने में भी लाभुकों से खुलेआम पैसे वसूले जा रहे हैं।

कमलेश यादव ने बताया कि पेंशन, एलपीसी मोटेशन सहित अन्य सामान्य प्रशासनिक कार्यों में भी बिना पैसे दिए कोई भी काम नहीं होता। आम जनता कार्यालयों के चक्कर काटते-काटते परेशान हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्व कर्मचारी से लेकर पदाधिकारी तक सब इस भ्रष्ट तंत्र में शामिल हैं और अधिकारियों को इन सभी गतिविधियों की जानकारी होने के बावजूद अब तक किसी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गयी है। सपा नेता ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों की पहचान कर जनहित में ठोस कार्रवाई नहीं की गयी तो सपा जन आंदोलन चलाने को बाध्य होगी। उन्होंने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा और उन्हें जन अदालत में जवाब देना ही होगा। इस मौके पर उनके साथ अनिल सौंडिक, पप्पू चौधरी, धनेश सिंह, काजू चौधरी, पवन कुमार सहित कई समर्थक उपस्थित थे।

# मानदेय भुगतान के लिए कृषक मित्रों की बैठक



**चैनपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड परिसर स्थित कृषि विभाग में प्रखंड के सभी कृषि मित्र ने प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित किया। बैठक में सभी कृषक मित्रों ने सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव और उपाध्यक्ष पद को निरस्त किया और सभी कृषक मित्रों ने निर्णय लिया कि आगामी बैठक 11 नवंबर 2025 को बैठक किया जायेगा जिसमें पुनः अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव का चुनाव किया जायेगा और सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न करायी जायेगी। वहीं बैठक में कृषक मित्रों ने अपनी मांगों को लेकर चर्चा की और सरकार से जल्द से जल्द बकाया मानदेय का भुगतान करने का आग्रह किया। कृषक मित्रों ने कहा कि वे लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें उचित मानदेय नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि हर महीने प्रोत्साहन राशि के रूप में मात्र 2 हजार रुपया मिलता आ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में सरकार के प्रति कृषक मित्रों ने जमकर नाराजगी जताई। सभी कृषक मित्रों ने सरकार से नाराज होकर हाईकोर्ट जाने का निर्णय लिया। मौके पर कृषक मित्र राजेंद्र यादव, विनोद बैठा, अनुज सिंह, मनोज पांडे, अनिल मेहता, शिवकुमार सिंह सहित दर्जनों कृषि मित्र बैठक में शामिल थे।

# पांकी में आत्मनिर्भर भारत संकल्प सभा आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता




**पांकी/ पलामू।** पांकी प्रखंड के लोहरासी रोड रेनू टॉकीज में गुरुवार को भाजपा की ओर से आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे मुख्य वक्ता के रूप मे शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप मे क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता, विपिन बिहारी सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता और अंग वस्त्र ओढ़ाकर किया गया। इस अवसर पर यदुनाथ पांडे ने कहा कि अपने दैनिक जीवन मे स्वदेशी का उपयोग कर देश के मजबूती की दिशा मे ले जाएं। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य पूरा कर सकें। उन्होंने छोटे उधमियों को प्रोत्साहन देकर देश के उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को स्वदेशी उपयोग करने का घर -घर पंहुचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि आज भारत देश मे सुई से लेकर जहाज तक बन रही है। जो भी वस्तु की खरीदारी करें भारत देश के प्रोडक्ट को देख कर खरीदारी करें। आने वाले दीपावली पर स्वदेशी वस्तुएं खरीदने का आह्वान किया। भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने किया जबकि संचालन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने किया। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रेम सिंह,जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, प्रो बच्चन ठाकुर, रोशन सिंह, सुनील प्रसाद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, सुनील कुशवाहा, लौरिक सिंह, साधु मांझी, श्यामनंदन ओझा, महेश यादव, भाजपा नेत्री नीलम देवी, रीमा शर्मा, सुधीर तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# एसबीआइ हरिहरगंज शाखा को सील करने की चेतावनी

**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज नगर पंचायत ने भारतीय स्टेट बैंक शाखा को बिना म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस संचालित होने के मामले में गंभीर चेतावनी दी है। नगर पंचायत कार्यालय द्वारा जारी पत्रांक 559 दिनांक 13 अक्टूबर 2025 के तहत बैंक को 30 अक्टूबर तक ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा बैंक परिसर को 3 नवंबर को सुबह 10 बजे सिल कर दिया जायेगा। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि भारतीय स्टेट बैंक हरिहरगंज शाखा बिना वैध अनुज्ञप्ति के नगर क्षेत्र में कार्यरत है। इस संबंध में पूर्व में 12 मार्च 2025 पत्रांक 166 और 22 अगस्त पत्रांक 469 को भी बैंक को सूचित किया गया था। लेकिन बैंक प्रबंधन की ओर से अब तक कोई जवाब या प्रतिक्रिया नहीं दी गयी है। उच्चाधिकारियों के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा गया है कि किसी भी व्यवसायिक प्रतिष्ठान को नगर क्षेत्र में कार्य करने के लिए ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य है। इस नियम का उल्लंघन किये जाने पर नगर पंचायत को कार्रवाई का पूरा अधिकार है। कार्यपालक पदाधिकारी फैजूर रहमान अंसारी ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा तक लाइसेंस नहीं लेने की स्थिति में 3 नवंबर को बैंक को सिल कर दिया जायेगा और इसके लिए संपूर्ण जवाबदेही बैंक प्रबंधन की होगी। इस पत्र की प्रतिलिपि जिला अग्रणी बैंक पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधक एसबीआइ डाल्टनगंज, अनुमंडल पदाधिकारी छतरपुर, उपायुक्त पलामू, उप विकास आयुक्त समेत संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करा दी गयी है।

# केजी स्कूल में राष्ट्रीय पोषण माह का समापन समारोह




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** केजी स्कूल परिसर में गुरुवार को राष्ट्रीय पोषण माह के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पलामू डीसी समीरा एस शामिल हुई इस दौरान जिले में संचालित 14 बाल विकास परियोजना कार्यालय की सेविका-सहायिकाओं द्वारा पोषण स्टॉल लगाया गया जिसके माध्यम से पूरे पलामू को सही खान-पान से ही स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया इसके पश्चात विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली सेविका,सहायिका और महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा पोषण समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केंद्र पोषण स्टॉल रहा इस समापन समारोह में नुक्कड़ नाटक के जरिये गर्भवती महिलाओं को विभिन्न प्रकार की जानकारियां प्रदान की गयी इसके अतिरिक्त अन्य कई कार्यक्रम आयोजित किये गये।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 17 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


# लीज क्षेत्र को छोड़ वन विभाग की भूमि पर लगातार हो रहा बॉक्साइट पत्थर का खनन

**फंदीफांस से अवैध कारोबारी मालामाल, सरकार को लग रहा चूना**

अंजुम/संतोष

**गुमला/बिशुनपुर।** बॉक्साइट माइंस के पट्टा धारक अपने लीज एरिया को छोड़कर वन विभाग की भूमि पर अवैध उत्खनन करते हैं> वाहन पकड़े जाने पर उसे अपना चालान देकर उस अवैध उत्खनन किए गये बाकसाइड को वैध बनाने का प्रयास करते हैं। यह हाल बिशनपुर प्रखंड के लगभग सभी बाकसाइड माइंस क्षेत्र का है। वन विभाग के पदाधिकारियों की मानें तो वन भूमि पर लगभग 10 स्थान पर अवैध खनन की सूचना विभाग को है। हालांकि पदाधिकारी ने यह साफ नहीं किया कि जिन 10 जगह की सूचना अवैध उत्खनन के लिए विभाग के पास है उसमें से कितना बॉक्साइट पत्थर का अवैध उत्खनन किया गया है, लेकिन एक अनुमान के अनुसार प्रतिदिन 25 से 30 ट्रक अवैध रूप से बॉक्साइट की धुलाई की जाती है और आराम से नेतरहाट घाटी को पार करते हुए अपने गंतव्य तक बॉक्साइट पत्थर पहुंचाए जाते हैं।

## अवैध खनन को कोड में कहा जाता है 'फंदीफांस'

इस अवैध बक्साइड खनन की बात करने या कोई गोपनीय जानकारी लेने के लिए क्षेत्र के लोग या मजदूर कोड भाषा का प्रयोग करते हैं। जिसे 'फंदीफांस' कहा जाता है। इस फंदीफांस ने कितने लीज धरकों, प्रहारियों और फंदीफांस माल ढोने वाले ट्रक मालिकों को करोड़पति बना दिया है। जबकि इसके चक्कर में सरकार को अरबों रुपए राजस्व का चूना भी लगाया जा चुका है। पर जब नीचे से ऊपर तक सब सेट हो तो फिर डर कैसा?

## पिछले छह महीने में आठ ट्रक पर हुए मुकदमे

स्थानीय फॉरेस्टर किशोर राम का कहना है कि पिछले 6 महीने में आठ ट्रक अवैध बॉक्साइट पत्थर की ढुलाई करते पकड़े जा चुके हैं। उन सभी आठ ट्रकों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पर हैरान करने वाली बात यह है कि वन क्षेत्र में किए गये अवैध खनन के बड़े-बड़े गड्ढे ये चीख-चीख कर कह रहे हैं कि यहां से सैकड़ों ट्रक बाकसाइड पत्थर निकाले जा चुके हैं। उधर, आसपास के ग्रामीणों की मानें तो प्रतिदिन 15 से 20 ट्रक बॉक्साइट पत्थर वन क्षेत्र की भूमि से निकल जाते हैं। अब ऐसे में बीते छह महीने के अंदर बॉक्साइट पत्थरों की अवैध ढुलाइ करते केवल आठ वाहनों पर कार्रवाई होना खुद में एक सवाल है।



## तत्कालीन मामले में आ रहा अवदेश सिंह का नाम

सूत्रों की मानें तो माइंस संचालक अवधेश सिंह और राजू सिंह द्वारा लीज से हटकर फॉरेस्ट क्षेत्र में अवैध उत्खनन करवाने का मामला सामने आता रहता हैं। अवैध खनन से लदी गाड़ी पकड़े जाने पर वे गाड़ी मालिक को अपने माईन्स के चालान को दिखाकर बॉक्साइट को लीगल बताते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इधर, हाल में ही में पकड़े गए ट्रक का संबंध अवधेश सिंह और उनके साथियों से है। हालांकि इस मामले में लोहरदगा वन विभाग के पदाधिकारी जांच का हवाला दे कर कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

## अवैध खनन से पूरा बॉक्साइट उद्योग हो रहा बदनाम : कमलजीत

गुमला जिला के बिशुनपुर प्रखंड के पश्चिमी पठार से लगातार हो रहे अवैध बॉक्साइट खनन पर अब ट्रक मालिकों का गुस्सा फूट पड़ा है। बानारी चेकपोस्ट पर वन विभाग द्वारा पकड़े गए अवैध बॉक्साइट लदे ट्रक के बाद, बॉक्साइट ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलजीत सिंह ने अवैध खनन करने वाले माफियाओं पर तीखा हमला बोला है। कहा कि छोटे-छोटे माइंस मालिक चोरी-छिपे खनन कर रहे हैं। यही लोग ओवरलोड ट्रक चलवाकर कम भाड़े में माल ढुलवा रहे हैं। नतीजा यह है कि पूरे बॉक्साइट लाइन की साख खराब हो रही है। वैध ट्रक मालिकों को घाटा उठाना पड़ रहा है।

## बैजनाथ जालान महाविद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय एनसीसी कैंप का समापन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय एनसीसी कैंप का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। जिसमें कैडेटों के बीच सांस्कृतिक नाच-गाना प्रतियोगिता कराया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को पुरस्कृत भी किया गया। इसमें सिसई बैजनाथ जालान महाविद्यालय के कैडेट नाच-गाना में प्रथम, सिमडेगा कालेज द्वितीय और उसुर्लाईन उच्च विद्यालय टोंगो तीसरे स्थान पर रही। इस दौरान गुमला केओ कालेज की कैडेट तासा झा द्वारा लिखी गयी पुस्तक 'कोदंड' कविता संग्रह का विमोचन प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती, लेफ्टिनेंट कर्नल पीबी शर्मा, महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ कृष्णा प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डॉ कृष्णा प्रसाद साहू ने पुस्तक की विशेषता पर चर्चा की। जबकि लेफ्टिनेंट कर्नल पीबी शर्मा ने कहा कि बैजनाथ जालान महाविद्यालय में हमने शिविर लगाया है। प्राचार्य, प्रधान लिपिक सहित कांलेज के सभी लोगों ने आशा से अधिक सहयोग किया। हमें उम्मीद नहीं थी की कैंप के लिए हमें इतनी अच्छी सुविधा मिलेगी। यहां के लोग अच्छे हैं। सारे कैडेट एवं हमारे जवान काफी मेहनत किये है। आज समापन समारोह में भी कांलेज के लोग बढ़ चढ़कर सहभागी बने। अगला कैंप भी हम बैजनाथ जालान महाविद्यालय में ही करेंगे। वहीं, प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती ने कहा कि 10 दिवसीय एनसीसी कैंप हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। कैडेटों में अनुशासन, लगन देख हमें अहसास हो गया कि आप का भविष्य अच्छा है। महाविद्यालय में कैंप की सफलता हमारे लिए गर्व की बात है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में जज की भूमिका डॉ पारंगत खलखो, प्रो विनीता गुड़िया, डॉ विष्णु देव तिवारी ने निभाया। इस मौके पर कालेज के प्रधान सहायक सुरेश साहू, रिसलदार जवाहर शाह, मेजर बीएल अमोका, सुबेदार श्यामा सुंदर, भोला प्रसाद शर्मा, ललेश कुमार, रीचनीच डोरजी, संजीव कुमार, मनोज बोरों, अमीत कुमार, सौरभ कुमार, लखविंदर सिंह, जून बोरदोलोई, साईको वाईफाई, प्रकाश सिन्हा और बैजनाथ यादव आदि उपस्थित थे।

## दुकानदारों को कम मुनाफा, ज्यादा बिक्री पर देना चाहिए जोर : रमेश कुमार चीनी




**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड चेंबर की बैठक में गुमला को रेलवे लाइन से जोड़ने और ट्रैफिक थाना शुरू कराने की पहल करने की मांग की गई है। यह मांग क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकरियों के समक्ष रखा। कहा कि लोहरदगा से गुमला होते हुए बानो तक रेलवे की काफी आवश्यकता है। उन्होंने खुदरा व्यवसायियों को ऑनलाइन मार्केट की वजह से प्रभावित होने पर बल देते हुए कहा कि कम कमाई ज्यादा बिक्री पर जोर देना चाहिए। साथ ही ग्राहकों से मधुर संबंध स्थापित करें, ताकि वो ऑनलाइन छोड़ स्थानीय बाजार से खरीदारी करें। कहा कि चुनाव से पूर्व चेंबर की टीम दो गुट में थी। लेकिन अब सभी एक साथ मिलकर चेंबर एवं व्यवसायी हित में काम करें। बैठक में निर्विरोध निर्वाचित होने पर चुनाव पदाधिकारी पवन शर्मा और विकास सिंह ने रमेश को प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, संथाल परगना के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, रोहित पोदार, रोहित अग्रवाल सहित अन्य थे।

# जिला खनन टास्क फोर्स की कार्रवाई छह हजार घनफीट अवैध बालू जब्त

### अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण में लिप्त किसी भी व्यक्ति पर होगी सख्त कार्रवाई : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीसी प्रेरणा दीक्षित के निर्देश के आलोक में जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को सिसई अनुमंडल क्षेत्र के उत्तरी बरगांव पंचायत क्षेत्र में जिला खनन टास्क फोर्स की टीम ने औचक जांच-छापामारी अभियान चलाया। कार्रवाई का नेतृत्व गुमला अनुमंडल पदाधिकारी ने किया। उनके साथ सिसई सीओ, जिला खनन पदाधिकारी, संबंधित पुलिस पदाधिकारी एवं खान निरीक्षक शामिल थे। जांच के क्रम में 0.62 और 0.55 एकड़ भूमि पर लगभग 6000 घनफीट बालू अवैध रूप से भंडारित पाया गया। जांच के दौरान जानकारी मिली कि सिसई थाना क्षेत्र के कुलंकेरी गांव निवासी मुन्ना सोनी एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा बिना अनुज्ञप्ति के अवैध रूप से बालू उत्खनन कर उसका भंडारण एवं व्यापार किया जा रहा था। उक्त स्थल पर किसी भी व्यक्ति के पास वैध भंडारण अनुज्ञप्ति नहीं पाई गई। इसके बाद जांच टीम ने मौके पर मौजूद अवैध भंडारित बालू को जब्त कर विधिसम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है। अवैध खनन से न केवल सरकारी राजस्व की क्षति होती है, बल्कि राष्ट्रीय संपदा का भी ह्रास होता है। वहीं, बालू के अवैध खनन एवं भंडारण में संलिप्त मुन्ना सोनी, बिरिया उरांव एवं शंकर टाना भगत सहित अन्य के विरुद्ध संबंधित अधिनियमों के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया है। डीसी प्रेरणा दीक्षित ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण में लिप्त किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की यह कार्रवाई आगामी दिनों में भी सतत रूप से जारी रहेगी।



अवैध बालू जब्त करने के बाद अधिकारी।

## कल्याण गुरुकुल के 95वें बैच के 30 प्रशिक्षणार्थियों को किया गया रोजगार के लिए फ्लैग-ऑफ




**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले में स्थित कल्याण गुरुकुल में गुरुवार को 95वें बैच के 30 प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के लिए फ्लैग-ऑफ किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार उपस्थित रहें। संबंधित पदाधिकारियों ने प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें मेहनत और लगन के साथ अपने कार्यस्थल पर जिले का नाम रोशन करने का संदेश दिया। इस दौरान जानकारी दी गई कि कल्याण गुरुकुल के माध्यम से अब तक 4500 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार से जोड़ा जा चुका है। संस्थान के माध्यम से युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर किया जा रहा है। इस अवसर पर गुरुकुल के प्रशिक्षक, कर्मी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन, 25 यूनिट रक्त संग्रह

**सिसई (आजाद सिपाही)।** गुमला डीसी प्रेरणा दीक्षित और सिविल सर्जन सदर अस्पताल के निर्देश एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ललिता कुमारी मिंज के आदेश पर सदर अस्पताल ब्लड बैंक और सिसई रेफरल अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से सिसई प्रखंड सह अंचल कार्यालय में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखण्ड वासियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और 42 लोगों ने पंजीयन कराते हुए रक्त जांच कराया। इस दौरान 25 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान भी किया। जबकि 17 लोग हीमोग्लोबिन कम होने के कारण रक्तदान नहीं कर सके। इससे पहले मुखिया रवि उरांव ने अपना रक्तदान किया। इसके बाद दिलशाद आलम, बंदी उरांव, सरफराज अंसारी, सुजीत जयसवाल, समाजसेवी मुकेश श्रीवास्तव डेविड, राकेश रंजन तिग्गा, सुनील उरांव बरगांव दक्षिणी पंचायत मुखिया शोभा देवी, विष्णु लोहरा, राजेश कुमार देवघरिया सहित कुल 25 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में भूरसो की मुखिया रेखा देवी एवं लकेया की मुखिया सुगिया देवी का सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर गुमला ब्लड बैंक सदर अस्पताल के लैब टेक्निशन राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि रक्तदान करना महादान है।

## 90 से अधिक लोगों को पर कार्रवाई 82 हजार रुपया जुर्माना भी वसूला

**बसिया (आजाद सिपाही)।** गुमला जिले में तेजी से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के उद्देश्य से गुरुवार को डीसी और एसपी के निर्देश पर डीटीओ ज्ञान शंकर जायसवाल एवं बसिया एसडीओ जयवंती देवगम की अगुवाई में थाना चौक, मोंटफोर्ट स्कूल और कॉन्वेंट स्कूल के पास व्यापक जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का खुलेआम उल्लंघन करने वाले 90 लोगों को जागरूक करने के साथ ही वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए उनसे कुल 82 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। उधर, डीटीओ, उनकी टीम और पुलिस कर्मियों के साथ मुख्य मार्गों पर तैनात होने और जांच करने के कारण वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। अभियान का मुख्य जोर दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता और चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट एवं काला शीशा पर था, जिन वाहनों पर काला शीशा लगा था उसे वाहन से काला शीशा उतारते हुए चालान काटा गया। डीटीओ ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर सुरक्षा बनाए रखने के लिए नियमों का निरंतर उल्लंघन करने वाले चालकों पर कड़ा नियंत्रण आवश्यक है। इस अभियान का प्राथमिक लक्ष्य सिर्फ जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं को शून्य पर लाना है। वहीं, जांच अभियान में मोटरयान निरीक्षक रॉबिन, अजय सिंह, प्रदीप कुमार तिर्की और डीटीओ कार्यालय के कर्मी-पुलिस शामिल रहे।

## ट्रैक्टर-टेंपो की टक्कर, आधा दर्जन से अधिक घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के इटकीरी चौक में गुरुवार की शाम ट्रैक्टर और टेंपो की सीधी टक्कर में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। उनकी पहचान अजान महतो, शीला देवी, गौरी देवी, गेंदा देवी, रोहित बैठा और धर्मदेव उरांव के रूप में हुई है। सभी को 108 और निजी एंबुलेंस से घाघरा सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद अजान महतो को रिम्स और चार अन्य को गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया। उधर, सूचना पाकर मुखिया राजेश बड़ाइक एवं पुलिस ने घायलों का हाल जाना।

## कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर मुंहबोले जीजा ने किया युवती से दुष्कर्म



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले में 18 वर्षीय एक युवती के कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। इस बाबत पीड़िता ने गुमला थाना में पश्चिम बंगाल के आसनसोल निवासी तपन कुमार घोष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि उसके घर के बगल में रहने वाली एक महिला की शादी तपन घोष नामक व्यक्ति से हुई थी, जिसे वह 'जीजा' कहकर संबोधित करती थी। आरोपी अक्सर उसे पढ़ाई-लिखाई के लिए प्रेरित करता था और उसका विश्वास जीत चुका था। विगत छह अक्टूबर को आरोपी तपन घोष युवती के हॉस्टल के बाहर पहुंचा और फोन कर बाहर बुलाया। इसके बाद उसने उसे अपनी बाइक पर बैठाकर शहर के लोहरदगा रोड स्थित लोहरदगा रोड स्थित होटल बिंदेश ले गया। वहां आरोपी ने पहले उसे खाना खिलाया। फिर कोल्ड ड्रिंक पिलाई। कोल्ड ड्रिंक पीते ही पीड़िता बेहोश हो गई। जब उसे होश आया, तो उसने खुद को होटल के कमरे में पाया और उसके साथ दुष्कर्म हो चुका था। अगली सुबह आरोपी ने युवती को उसके हॉस्टल के पास छोड़ दिया और फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता ने साहस जुटाकर पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश में छापामारी कर रही है।

## बंदोरा में फादर कॉन्सटंट लीवंस की पुण्यतिथि पर महातीर्थ यात्रा का आयोजन



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** छोटानागपुर के महान धर्म प्रचारक और समाज सेवक, ईश सेवक फादर कॉन्सटंट लीवन्स के आगमन की पुण्यतिथि पर वार्षिक बंदोरा महातीर्थ यात्रा समारोह का आयोजन गुरुवार को भक्तिभाव के साथ किया गया। यह धार्मिक अनुष्ठान फादर कॉन्सटंट लीवन्स के योगदान विशेषकर सामाजिक न्याय और शिक्षा के क्षेत्र में उनके कार्यों को समर्पित था। समारोह का आरंभ धार्मिक माहौल में हुआ, जिसमें सर्वप्रथम खीस्तीय विश्वासियों ने रोजरी माला का पाठ किया। इसके बाद शांति का ध्वज फहराया गया और अज्ञान पर विश्वास की विजय एवं ज्ञान के प्रसार के प्रतीक के रूप में पवित्र मशाल प्रज्वलित की गई। इस अवसर पर टो स डीकन की ओर से द्वारा फादर कॉन्सटंट लीवन्स के प्रेरक जीवन चरित्र और उनके खीस्तीय यात्रा के बारे में विस्तार से बताया गया। समारोह का मुख्य अनुष्ठान गुमला धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष विशप स्वामी डॉक्टर लिनुस पिंगल एक्का पवित्र मिस्सा बलिदान अर्पित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में फादर कॉन्सटंट लीवन्स को ईश्वर का एक महान उपहार बताया। कहा कि फादर लिवन्स हमारे लिए ईश्वर द्वारा भेजा गया एक खीस्तीय वरदान हैं। उनका संपूर्ण जीवन और उनका कार्य उस दैदीप्यमान मशाल के समान है, जो आज भी पूरे बरवे (छोटानागपुर) को ज्ञान और न्याय के प्रकाश से आलोकित कर रही है। इस अवसर पर, गुमला धर्मप्रांत के विकर जनरल फादर जैफ्रीनियुस तिर्की ने भी अपना महत्त्वपूर्ण संदेश दिया। कहा कि कॉन्सटंट लीवन्स का बरवे आने का मुख्य उद्देश्य धर्म का प्रचार नहीं, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक मुक्ति का आह्वान था। वहीं, विकर जनरल ने लोगों से उनके आदर्शों पर चलकर समाज को सशक्त बनाने की अपील की। इस मौके पर फादर खरीस्तोफर, फादर राजेन्द्र तिर्की, फादर जुएल कुजुर, फादर अगस्तुस कुजूर, लाजरूस बैंग, फादर फुलजेन्स सोरेंग, फादर डेविड कुजूर, फादर सिरिल आदि उपस्थित थे।

## किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बुरजू गांव में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रांगण में किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप मुखिया अजीत मनी पाठक और पूर्व मुखिया आदित्य भगत शामिल रहे। इस अवसर पर अजीत पाठक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में किसान मेला आयोजन होने से किसानों में बेहतर करने की ऊर्जा का संचार होता है। वैज्ञानिक तरीके से खेती कर आय को दोगुनी कर सकते हैं। वहीं, पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने कहा कि खेती-बाड़ी के समय बीतने के बाद किसानों के बीच प्रदान संस्था द्वारा किसान मेला आयोजित होने से उनके द्वारा की गयी खेती का मूल्यांकन भी हो रहा है। किसान मिश्रित खेती करें, तकनीकी रूप से खेती करें और सरकार के सभी सुविधा का लाभ उठाएं।

# सड़क से उड़ती धूल से मांझाटोली तीमुहान के लोग बेहद परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** 'चलती है गाड़ी तो उड़ती है धूल- जलते हैं दुश्मन तो खिलते हैं फूल...' यह शायरी कई वाहनों के पीछे लिखा लोगों ने देखा होगा। पर मांझा टोली तीमुहान में गाड़ी चलने से उड़ने वाली धूल ने दोस्त-दुश्मन सबके होश उड़ा दिए हैं। मांझा टोली तीमुहान के लोग इन दिनों नेशनल हाइवे सड़क से उड़ती धूल से काफी परेशान है। कुछ दिनों पूर्व यहां के लोग इसी सड़क में बने बड़े-बड़े गड्ढों से परेशान थे। झारखंड को छत्तीसगढ़ से जोड़ने वाली यह नेशनल हाईवे सड़क कुछ दिनों पहले बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील हो चुकी थी। इस खबर को आजाद सिपाही ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर का असर यह हुआ कि एनएच विभाग ने बोल्डर और डस्ट के मिश्रण से उन बड़े-बड़े गड्ढों को भरने के बाद उसपर रोलर चला कर सड़क का समतलीकरण कर दिया। हालांकि जब तक बोल्डर में मिले डस्ट में नमी थी तब तक तो सब कुछ ठीक-ठाक रहा, लेकिन पिछले एक हफ्ते से बारिश नहीं होने के कारण बोल्डर और डस्ट सूख गये। उस पर वाहनों के आवागमन से रास्ते में धूल उड़ने लगी। अब यह उड़ती धूल क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनकर उभरी है। आसपास के दुकानदार इस उड़ती धूल से काफी परेशान है। होटल, गैरेज और खाने-पीने की सामग्री की दुकानों में धूल घुस रहा है। यहां तक के इसी तीमुहान में दुर्गा मंदिर और एक मस्जिद भी है। दोनों धार्मिक स्थलों में धूल के कारण पूजा-इबादत में भी परेशानी हो रही है। जैसे ही कोई बड़ी गाड़ी या ट्रक रास्ते से गुजरती है तो धूल इस कदर उड़ती है कि सारा वातावरण धुआं-धुआं लगने लगता है। जिससे लोगों का सांस लेना भी दुभर हो गया है।




**e-Procurement Cell**
**Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi**
**JHARKHAND, RANCHI**

**Very Short Term e-Procurement Notice Tender Reference No.17/2025-26**

| SI. No | Name of Scheme | Estimated Amount (Lac) | Earnest Money (Lac) | BoQ Cost | Scheme Completion Date | Tools & Plant |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 6 ACR Building at KGBV Bero Ranchi | 91.63800 | 1.84 | 10000.00 | 12 month | कार्य के अनुरूप |
| 2 | Construction of New Class Room 3 ACR in the Campus of Jharkhand Balika Aawasiya Vidyalaya Mandar Ranchi | 61.20300 | 1.23 | 10000.00 | 12 month | कार्य के अनुरूप |
| 3 | Construction of 8 Classroom in Govt. Middle School Mandar | 117.61500 | 2.36 | 10000.00 | 12 month | कार्य के अनुरूप |
| 4 | Construction of 8 Classroom in Govt. UPG High School Under Chanho Block | 117.61500 | 2.36 | 10000.00 | 12 month | कार्य के अनुरूप |
| 5 | Construction of 4 Classroom for GMS Urdu Boys School Under Itki Block | 68.72200 | 1.38 | 10000.00 | 12 month | कार्य के अनुरूप |
| 6 | Construction of 4 Classroom for Govt. Middle School Chalagi under Lapung Block | 68.67200 | 1.38 | 10000.00 | 12 month | कार्य के अनुरूप |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | Date of Publication of Tender on Website | 17.10.2025 at 9:00 AM |
| 4 | Start Date of Submission of Bids | 17.10.2025 at 11:00 AM |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bids | 01.11.2025 at 11:00 AM |
| 6 | Date/Time of opening of Bid | 03.11.2025 at 2:00 PM |
| 7 | Name & Address of office Inviting tender e-Procurement Cell, | National Rural Employment Programme, Ranchi. |
| 8 | Helpline Number of e-procurement Cell | 94727-45569 |

**Any change can be seen on Website *http:// Jharkhandtenders.gov.in.***
***Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in.***

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Executive Engineer, National Rural Employment Program me, Ranchi

PR 364276 (NREP)25-26*D

# बाघमारा में नये आंगनबाड़ी केंद्र बनाने की घोषणा पर सवाल

## अब भी अधूरा है आठ साल पहले शुरू किया गया निर्माण

सुनील भंडारी/ सामिद खान



**महुदा (आजाद सिपाही)।** धनबाद के बाघमारा में नये आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की घोषणा पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने कहा है कि पदुगोड़ा पंचायत के कुलटांड़, राधानगर हरिजन टोला, भगतुडीह और धमाबाँध पंचायत के नीचे देवघरा जैसे गांवों में आठ साल पहले जो आंगनबाड़ी भवन 6.12 लाख प्रति भवन की लागत से बनने शुरू हुए थे, वे आज भी अधूरे पड़े हैं। ऐसे में नये केंद्रों के निर्माण का फैसला सही नहीं है। बकौल ग्रामीण, कुछ केंद्र की दीवारें बिना छत के आसमान ताक रही हैं, तो कुछ नींव से ऊपर उठ ही नहीं सके। ना वहां बच्चों की किलकारियां गूंजी , ना ही शिक्षा की कोई लौ जली। सबसे अहम बात यह है कि इन अधूरे बने केंद्रों को कागजो में पूर्ण दिखा दिया गया। इस पूरे मामले से इलाके के जन प्रतिनिधि और अधिकारी तक वाकिफ हैं। धनबाद जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से उठाने का वादा किया था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उपायुक्त आदित्य रंजन ने आंगनबाड़ी केंद्रों के सर्वेक्षण की बात कह कर उम्मीदें तो जगायी थीं, लेकिन वह सर्वेक्षण भी किन्हीं कारणों से नहीं हो सका।

अब जब बाघमारा में 252 समेत कुल 944 नये आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण की घोषणा की जा रही है, तो ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि क्या पहले से निर्मित अधूरे भावनों का क्या होगा। वहां के ग्रामीणों ने यह मांग रखी है,कि पहले उन अधूरे भवनों की उच्चस्तरीय जांच हो, भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारियों और ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई हो, और अधूरे आंगनवाड़ी केंद्रों को पूरा किया जाये। इन अधूरे केंद्रों का निर्माण भारत सरकार की समेकित बाल विकास योजना के तहत गरीब बच्चों को पोषण, देखभाल और प्रारंभिक शिक्षा देने की योजना के तहत किया गया था।

पादुगोड़ा के मुखिया महेश पटवारी और गांधीवादी समाजसेवी दीनानाथ केवट कहते हैं कि बाघमारा का यह मामला अकेला नहीं है। यह देश के उस तंत्र का प्रतीक है, जहां योजनाएं बनती हैं, बजट पास होता है, कागजों में काम होता है, लेकिन जमीनी हकीकत सन्नाटा होती है। और जब ये सन्नाटा बचपन की मुस्कुराहटों की कीमत पर हो, तो सवाल पूछना हमारा फर्ज. है। डीआरडीए के जिला परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार कहते हैं कि यह मामला जांच का विषय है। फिलहाल ऐसी कोई जानकारी उनके संज्ञान में नहीं है, परंतु जांच के बाद दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# बालूडीह में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने गुरुवार को बाबूडीह में जिला प्रशासन द्वारा बनाये गये मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर सांसद ने कहा कि यह धनबाद का सर्वश्रेष्ठ आंगनबाड़ी केंद्र है और निजी प्ले स्कूल से बेहतर है। उन्होंने कहा मां की गोद के बाद आंगनबाड़ी केंद्र से बच्चे का प्रारंभिक जीवन शुरू होता है। यहां जो सुविधाएं दी गयी है उससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने निहारिका आरव को अन्नप्राशन कराया एवं अंजू देवी एवं काजल देवी की गोद भराइ की।

वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती स्नेह कश्यप ने बताया कि यह धनबाद का पहला सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र है। इसमें बिजली, चापाकल, शौचालय, एलइडी टीवी, पोषण वाटिका, मॉड्यूलर किचन के साथ-साथ बच्चों के खेलने के लिए भी कई संसाधन उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनने से पहले यहां 20 से 25 बच्चे थे। इसका रूप बदलने से अब 40 से अधिक बच्चे केन्द्र में आते हैं। अभिभावक अपने से बच्चों को लेकर यहां आते हैं।

मौके पर धनबाद के विधायक के प्रतिनिधि मनोज मालाकार, पूर्व वार्ड पार्षद अशोक पाल, माननीय सांसद के प्रतिनिधि नितिन भट्ट, धनबाद अंचल के अंचल अधिकारी राम प्रवेश कुमार, डीएमएफटी के प्रोजेक्ट मैनेजर भावना कुमारी, अंकित सिन्हा, आकाश गुप्ता, सीडीपीओ अलका रानी, सुपरवाइजर कामिनी देवी, आरती देवी, प्रियंका देवी, संगीता देवी, सेविका ममता देवी, पुष्पा देवी, सहायिका बिंदु दवी के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

## स्वच्छता जागरूकता के लिए निकाली प्रभात फेरी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सीएसआइआर-केंद्रीय खनन एवं इंधन अनुसंधान संस्थान (सीएसआइआर-सीआइएमएफआर), धनबाद द्वारा 16 अक्टूबर को विशेष अभियान 5.0 स्वच्छता के संस्थानीकरण एवं लंबित मामलों के निपटान के अंतर्गत एकप्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग तथा सीएसआइआर, नई दिल्ली के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस प्रभात फेरी का उद्देश्य जन-जीवन में स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करना था। प्रभात फेरी सीएसआइआर-सीआइएमएफआर आवासीय परिसर से प्रारंभ होकरशहर के सिटी सेंटर होते हुए वापस सीएसआइआर-सीआइएमएफआर मे संपन्न हुआ। इसी प्रकार का प्रभात फेरी संस्थान के दिगवाडीह, धनबाद केंद्र में भी आयोजित किया गया। प्रभात फेरी का नेतृत्व प्रो एके मिश्रा, निदेशक, सीएसआइआर-सीआइएमएफआर ने किया। उनके साथ ई अमर नाथ, मुख्य वैज्ञानिक, सभी तीन प्रशासन नियंत्रक, सिद्धार्थ डे, आदित्य मैनाक एवं शंभु एस मंडल तथावित्त एवं लेखा अधिकारी, प्रियं मुखर्जी उपस्थित रहे। दिगवाडीह केंद्र में डॉ पीके बनर्जी, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं डॉ आशीष मुखर्जी, मुख्य वैज्ञानिक ने नेतृत्व किया। कार्यक्रम का सफल समन्वयन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी, डॉ राकेश कुमार, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक द्वारा किया गया। संस्थान के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने परिवार के साथ इस प्रभात फेरी में भाग लिया।कर्मचारियों एवं अधिकारियों की उत्साही भागीदारी ने स्वच्छता के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया।

## डीएवी मुमिडीह के छात्र-छात्राओं ने किया वृद्धाश्रम का भ्रमण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गुरुवार 16 अक्टूबर को डीएवी मुनिडीह के बच्चों ने टुंडी के कदैया ग्राम स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम का दौरा किया। बच्चों ने दिवाली जैसे पवित्र त्योहार में महिला व पुरुष बुजुर्गों के लिए सुबह का नास्ता, विस्दुर, केक, मिक्सचर आदि सामान भेंट की। पुस्तकीय ज्ञान के किए इस तरह का सामाजिक भ्रमण, सहयोग की प्रवृत्ति बच्चों को छोटी अवस्था से ही सिखानी है। जिस तरह बच्चों को बड़े-बुजुर्ग के संरक्षण और सहारे की जरूरत है वैसे ही एक वृद्ध को भी।बच्चों को देखकर-मिलकर वृद्ध बहुत ही खुश हुए उन्हें लगा कि उनके नाती-पाते उनसे मिलने आए हैं। वृद्धजनों ने छात्र-छात्राओं को प्यार भरा आशिर्वाद दिया और उनके अच्छे भविष्य एवं उन्नति की कामना की।स्कूल के प्रबंधन इंदु प्रसाद, नीता श्रीवास्तव, शड्डी भादव मौमिता विश्वास एस यादव,सबिता सिंह के सहयोग से विद्यार्थियों का यहां आना संभव हो पाया है। वृद्धाश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, सचिव डॉ डी शरण, कोषाध्यस ओकार मिश्रा कार्यकारिणी अल अध्यक्ष बरनवाल सुधीर ने विद्यार्थियों एवं प्राचार्य इन्दू प्रसाद का आभार एवं धन्यवाद दिया ।

## दीपावली और छठ पर्व को लेकर चला स्वच्छता अभियान



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल द्वारा आगामी दीपावली एवं छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए बोकारो टाउनशिप क्षेत्र में स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को और अधिक गति प्रदान की गयी है। बीएसएल के पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा इस विशेष स्वच्छता अभियान का उद्देश्य टाउनशिप के प्रत्येक क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और उत्सवमय वातावरण प्रदान करना है। यह अभियान नियमित सफाई कार्यों के साथ-साथ सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। टाउनशिप के सभी सेक्टरों एवं सार्वजनिक स्थलों में सफाई मित्रों की समर्पित टीम द्वारा घर-घर से कचरा संग्रहण, सड़कों, गलियों एवं जलाशयों की सफाई का कार्य पूरी तत्परता से किया जा रहा है। विशेष रूप से छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए विभिन्न तालाबों एवं जलाशयों की सफाई पर विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल एवं स्वच्छ परिवेश उपलब्ध हो सके। वर्तमान में टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्रों में 650 से अधिक डस्टबिन स्थापित हैं, जिनके माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। प्रतिदिन औसतन 100 से अधिक डस्टबिनों की सफाई एवं निकासी की जा रही है। इसके साथ ही बाजार क्षेत्रों, पूजा स्थलों, प्रमुख सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई एवं सजावट कार्य भी किए जा रहे हैं, जिससे टाउनशिप का प्रत्येक कोना स्वच्छता और सुंदरता की झलक प्रस्तुत कर सके। बीएसएल प्रबंधन ने टाउनशिप के सभी निवासियों से अपील की है कि वे स्वच्छ और सुंदर बोकारो के निर्माण में सक्रिय सहयोग दें।

# चास में मिठाई की दुकानों में गुणवत्ता की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार के निदेर्शानुसार गुरुवार को फूड इंस्पेक्टर प्रशांत राज एवं संजीव कुमार भैया ने चास शहर के विभिन्न मिठाई दुकानों की जांच की। उन्होंने दीपावली पर्व को लेकर मिठाई की बढ़ती मांग को देखते हुए दुकानों को साफ-सफाई एवं हाइजेनिक तरीके से दुकानों का संचालन का निर्देश दिया। इस दौरान फूड इंस्पेक्टर एवं उनकी टीम ने चास चेक पोस्ट, धर्मशाला चौक, अंतर्गत संचालित दर्जनों मिठाई दुकानों में मिठाइयों की गुणवत्ता की। साथ ही, सभी खाद्य प्रतिष्ठानों के फूड लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र व स्वच्छता मानकों की भी जांच हुई। सभी संचालकों को निर्देश दिया गया कि वे अज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त कच्चे माल का उपयोग मिठाई या खाद्य पदार्थों के निर्माण में न करें तथा स्वीकृत और प्रमाणित सामग्री का ही उपयोग करें।

वहीं, स्ट्रीट फूड वेंडर्स को खाद्य सामग्री को ढककर रखने, स्वच्छ पानी का उपयोग करने तथा अपने स्टॉल एवं कार्यस्थल की सफाई बनाए रखने का निर्देश दिए गए। मिठाई दुकानों, रिटेलर एवं मार्ट संचालकों को यह सुनिश्चित करने हेतु कहा गया कि सभी उत्पाद लेबलयुक्त एवं वैधता अवधि के साथ ही विक्रय किए जाएं। फूड इंस्पेक्टर ने बताया कि नगर आयुक्त के निदेर्शानुसार त्योहारों के मद्देनजर खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेगा।

## मारपीट कर छिनतई मामले में दो अपराधी गिरफ्तार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** 3 मार्च 2024 को कुमीर्डीह नगडा टोली में एक व्यक्ति से चार असमाजिक तत्वों के द्वारा मारपीट कर उसकी मोटरसाईकिल एवं रूपयों की छिनतई कर ली गयी थी। इस सम्बन्ध में बालीडीह थाना काण्ड सं0 71/24, दि० 11.03.24, धारा 341/ 323/ 379/ 427/504/506/34 भादवि दर्ज कर त्वरित गति से कार्य करते हुए घटना में संलिप्त दो अभियुक्तों को 24 घंटा के अन्दर गिरफ्तार करते हुए उनके निशानदेही पर छिनतई की गयी मोटरसाइकिल को बरामद किया गया था। इस घटना में सलिप्त करीब डेढ़ वर्ष से फरार चल रहे अभियुक्त प्रकाश बाउरी, उम्र करीब 20 वर्ष और अभियुक्त भरत मंडल, उम्र करीब 40 वर्ष, को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुअनि जितेन्द्र कु यादव, बालीडीह थाना, सअनि नवीन कुमार, बालीडीह थाना, आ-496 नरियानुस जोजो, आ-503 लालदेव मोची आदि छापेमारी दल में शामिल थे।

## वेतन भुगतान की मांग को लेकर मजदूरों को प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन




**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** निरसा स्थित इसीएल मुगमा एरिया अंतर्गत चापापुर टू में कार्यरत मजदूरों ने हाइ पॉवर कमिटी द्वारा मनोनीत वेतन भुगतान की मांग को लेकर प्रबंधन के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करते हुए कामकाज ठप कर दिया। साथ ही प्रबंधन विरोधी नारे भी लगाए जानकारी देते हुए बताया गया कि इसीएल प्रबंधन एवं चापापुर टू में कार्यरत कंपनी मजदूरों के प्रति हिटलरशाही रवैया अपनाते है। कभी भी मजदूर हित में नहीं सोचते है अंग्रेजी हुकूमत जैसा रवैया और वर्ताव मजदूरों के साथ करते है जो कि सरासर गलत है। इसका हम विरोध करते है जबतक हमलोगों को हाइ पॉवर कमिटी द्वारा मनोनीत वेतन भुगतान नहीं किया जाता है तबतक कंपनी एवं इसीएल प्रबंधन के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा और काम काज ठप रहेगा।

## सुदामडीह में कोयला लदा हाइवा जब्त

**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरखूटी से मोहलबनी जाने वाली सड़क पर बुधवार की देर रात कोयला से लदा ओभर लोड हाइवा को सुदामडीह थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने सदलबल के साथ मौके पर पहुंच चालक सहित हाइवा जप्त कर थाना लायी है। वहीं इस मामले में पुलिस पूछताछ में जुटी हुई है। वही बताया जाता है की उक्त हाइवा फोर पैच भौरा से कोयला लोड कर पांच नंबर रेलवे साइडिंग जाने के क्रम में बैक कर भाग रही थी । उसी दौरान पुलिस के हाथ चढ़ी। उक्त वाहन रांची के रामगढ़ निवासी नवीन सिंह का बताया जाता है। वही इस मामले में सुदामडीह थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने बताया की हाइवा रात्रि गस्ती में पकड़ा गया है जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

# सेल प्रबंधन से बात कर होगा पुनर्वास : एसडीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** गुरुवार को झुग्गी-झोंपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ के संरक्षक सह आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा मिलकर हवाई अड्डा से प्रभावित मीट-मुर्गा दुकानदारों को पुनर्वासित करने की मांग की। महासंघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा मंगलवार को उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा को सौंपे गये ज्ञापन की प्रति भी सौंपी गयी। साथ ही शीघ्र ही सभी मीट-मुर्गा दुकानदारों की समस्या का समाधान करने से संबंधित लंबी वार्ता की गयी। एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा ने सकारात्मक रूप से महासंघ की बातें सुनी। उन्होंने कहा कि हर हाल में बोकारो हवाई अड्डा शीघ्र प्रारंभ हो जायेगा। इसीलिए वर्षों से रोजगार कर रहे किसी मीट दुकानदार को हटाने से पूर्व पुर्नवासित किया जायेगा। इसके लिए सेल प्रबंधन से बात कर स्थान चिह्नित किया जायेगा।

## आइजीओटी प्लेटफॉर्म पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बीसीसीएल कर्मी सम्मानित




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मानव संसाधन विकास विभाग (एचआरडी), कल्याण भवन में बीसीसीएल द्वारा आज मिशन कर्मयोगी के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसके अंतर्गत आइजीओटी प्लेटफॉर्म पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बीसीसीएल कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्णा रमैया ने की। अवसर पर अनूप कुमार रॉय, महाप्रबंधक (एचआरडी) सहित मानव संसाधन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुरली कृष्णा रमैया ने कहा कि डिजिटल अधिगम और क्षमता निर्माण आज के तेजी से बदलते कार्य-संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग बन चुके है। मिशन कर्मयोगी जैसी पहलें न केवल कर्मचारियों के ज्ञान और दक्षता को समृद्ध करती हैं, बल्कि संगठनात्मक उत्कृष्टता के सशक्त आधार का भी निर्माण करती हैं। बीसीसीएल कर्मियों ने जिस उत्साह, समर्पण और आत्म-प्रेरणा के साथ आइजीओटी प्लेटफॉर्म को अपनाया है, वह वास्तव में सराहनीय है। यह पहल संगठन की कार्यक्षमता, नवाचार और सेवा-गुणवत्ता को एक नई दिशा प्रदान करेगी। हमें गर्व है कि बीसीसीएल का प्रत्येक कर्मचारी निरंतर सीखने की इस संस्कृति को अपने कार्य का अभिन्न हिस्सा मानकर कार्य कर रहा है। स्वागत संबोधन करते हुए महाप्रबंधक (एचआरडी) अनूप कुमार रॉय ने कहा कि मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आइजीओटी प्लेटफॉर्म पर बीसीसीएल कर्मियों की सक्रिय और निरंतर भागीदारी उत्साहवर्धक है, और यह देखकर हर्ष होता है कि हमारे कर्मचारी आत्म-विकास, नवाचार और ज्ञान-वृद्धि के इस डिजिटल अभियान में पूरे मनोयोग से जुड़ रहे हैं।

# बीएसएल के यातायात विभाग में यार्ड मास्टर कोऑर्डिनेशन पर कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के यातायात विभाग द्वारा रेल भवन स्थित सम्मेलन कक्ष में यार्ड मास्टर कोऑर्डिनेशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यातायात विभाग के महाप्रबंधक (यातायात) आरके पात्रो, महाप्रबंधक मोहम्मद शहाबुद्दीन, महाप्रबंधक एस. पात्रा, बीपीएससीएल के उप महाप्रबंधक टीके मंत्री, आर शर्मा सहित विभाग के अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत में कनीय प्रबंधक (यातायात) कपूर रंजन ने सभी का स्वागत किया एवं कार्यशाला के उद्देश्य और रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से यातायात विभाग की प्रमुख गतिविधियों, डैमरेज एवं डिटेंशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी।

इस अवसर पर महाप्रबंधक एस पात्रा ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ विभागीय समन्वय और कार्य दक्षता में वृद्धि के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्टेशनों पर कार्यरत यार्ड मास्टर के बीच बेहतर संवाद और सहयोग स्थापित करने, डिटेंशन समय को नियंत्रित करने तथा संयंत्र के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने में ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से सक्रिय सहभागिता और सीखने की भावना बनाये रखने का आह्वान किया। कार्यशाला में यातायात विभाग के विभिन्न स्टेशनों से कुल 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने संचालन संबंधी विचार-विमर्श किया और अपने सुझाव साझा किये।

कार्यालय कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।
(Email ID – eemidlat-cemr-jhr@nic.in)

पत्रांकः–744लातेहार/दिनांकः–15.10.2025

निविदा रद्द संबंधित सूचना

एत्द द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0–निविदा सूचना सं0– WRD/MID/Latehar/F2-13/25-26 यथा बंझाबहेर नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–हेरहंज, जिला–लातेहार विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, जिसका

PR No-359909 Water Resource (25-26)-D है, को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 364246 Water Resource(25-26)D

कार्यालय कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार
(Email ID – eemidlat-cemr-jhr@nic.in)

पत्रांक :– 745 लातेहार/दिनांक :– 15.10.2025

निविदा रद्द संबंधित सूचना

एत्द द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0–निविदा सूचना सं0– WRD/MID/Latehar/F2-16/25-26 यथा सेडे नदी पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–महुआड़ाड़, जिला–लातेहार विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, जिसका PR No-360802 (Water Resource) 25-26*D है, को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,
लातेहार

PR 364247 Water Resource (25-26)_D

कार्यालय कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार
(Email ID – eemidlat-cemr-jhr@nic.in)

पत्रांक :– 750 लातेहार/दिनांक :– 15.10.2025

निविदा रद्द संबंधित सूचना

एत्द द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0–निविदा सूचना सं0– WRD/MID/Latehar/F2-21/25-26 यथा दनदाहा मध्यम सिंचाई योजना का जिर्णोद्धार, प्रखण्ड–बरवाडीह, जिला–लातेहार विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, जिसका PR No-360813 Water Resource (25-26)#D है, को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,
लातेहार

PR 364256 Water Resource (25-26)_D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 17 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in
12

हृदयम हार्ट क्लिनिक
उपलब्ध सुविधाएँ -
• ईसीजी • इको-कार्डियोग्राफी
• टीएमटी • हॉस्पीटल मॉनिटरिंग
यहाँ हृदय संबंधित सभी रोगों का उचित परामर्श तथा उपचार उपलब्ध है जैसे :
• हार्ट फेलियर • हाई कॉलेस्ट्रॉल
• हार्ट अटैक • हार्ट एरिदमिया
• हार्ट ब्लॉक • पाल्पीटेशन
• हाइपरटेंशन • दिल का छेद,
डॉ साकेत कुमार
हृदय रोग विशेषज्ञ
सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ
पल्स हॉस्पिटल, रांची
हृदयम हार्ट क्लिनिक
डॉ. जे शरण लेन, रिम्स मेडिकल चौक के पास, बरियातू, झारखंड-834009
समय : सुबह 09:30 से सायं 06:00 बजे तक
8002882735, 8100360617, 8573987365

# 140 करोड़ हिंदुस्तानियों की होगी 21वीं सदी : मोदी

- आज दुनिया हमें मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के रूप में देख रही
- कुर्नूल में 13,430 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**नंदयाल/कुर्नूल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को आंध्रप्रदेश के कुर्नूल में 13,430 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि 2047 में जब आजादी के 100 साल होंगे तब भारत ह्यविकसित भारत' बन चुका होगा। मैं दावे से कहता हूं कि 21वीं सदी हिंदुस्तान की, 140 करोड़ हिंदुस्तानियों की सदी होने वाली है।

आज दुनिया, भारत को 21वीं सदी के नये मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के रूप में देख रही है। इस सफलता का सबसे बड़ा आधार है, आत्मनिर्भर भारत का विजन। हमारा आंध्र प्रदेश आत्मनिर्भर भारत का प्रमुख केंद्र बन रहा है। इसके पहले मोदी नांदयाल पहुंचे। मोदी ने यहां श्रीशैलम में भ्रामराम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में दर्शन,पूजा और ध्यान किया। ये मंदिर 12 ज्योतिलिंगों और 52 शक्तिपीठों में शामिल है। यह एकमात्र मंदिर है, जहां ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठ दोनों है। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीशैलम में श्री शिवाजी स्फूर्ति केंद्र पहुंचे और वहां पूजा-अर्चना की।



## मोदी ने शिवाजी स्फूर्ति केंद्र में पूजा-अर्चना की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीशैलम में श्री शिवाजी स्फूर्ति केंद्र भी पहुंचे। वहां पूजा-अर्चना की। यह एक मेमोरियल कॉम्प्लेक्स है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू भी साथ थे। यहां मेडिटेशन हॉल है, जिसके चारों कोनों पर चार मशहूर किलों, प्रतापगढ़, राजगढ़, रायगढ़ और शिवनेरी के मॉडल बने हैं। इसके बीच में छत्रपति शिवाजी महाराज की ध्यान की मुद्रा वाली मूर्ति भी है।

# धनतेरस पर श्री अलंकार ज्वेलर्स में ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** इस धनतेरस पर मालवीय मार्ग स्थित श्री अलंकार ज्वेलर्स ने ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की है। प्रतिष्ठान के संचालक राजेंद्र लाल ने बताया कि धनतेरस पर सोना, चांदी और रत्न जड़ित आभूषण पर फ्लैट 10 प्रतिशत मेकिंग चार्ज में छूट दी जा रही है। 1984 से यह प्रतिष्ठान विश्वसनीयता, शुद्धता और उत्कृष्ट डिजाइन के लिए जाना जाता है। यही कारण है कि ग्राहकों के लिए यह विश्वास का प्रतीक बना हुआ है। राजेंद्र लाल ने बताया कि प्रतिष्ठान में आइजीआइ प्रमाणित हीरे का विशेष कलेक्शन उपलब्ध है। दीपावली में नवरत्न और असली सोने-चांदी के सिक्के प्रतिष्ठान में उपलब्ध है।

# चंदन विकास समिति की रिपोर्ट जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** नयी दिल्ली में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में चंदन विकास समिति की रिपोर्ट जारी की गयी। भारतीय प्लाइवुड एवं पैनल उद्योग महासंघ (एफआइपीपीआइ) द्वारा रिपोर्ट जारी करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। भारत सरकार के पूर्व वित्त सचिव रतन पी. वाटल ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के प्रतिनिधियों के अलावा, ग्रीन प्लाई इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा एफआइपीपीआइ के अध्यक्ष राजेश मित्तल भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। चंदन विकास समिति की अध्यक्षता भारत सरकार के पूर्व वित्त सचिव रतन प्रकाश वाटल ने की। चंदन की खेती ग्रामीण रोजगार सृजन और चंदन तथा इसके विभिन्न उप-उत्पादों के निर्यात के माध्यम से महत्वपूर्ण विदेशी मुद्रा सृजन के लिए एक मंच के रूप में कार्य कर सकती है। देश में चंदन के विकास से संबंधित समस्याओं की पहचान करने और सिफारिशें करने के लिए श्री वाटल ने इस अंतर-मंत्रालयी चंदन विकास समिति के गठन की पहल की। समिति ने प्रमुख राज्य सरकारों के वन विभागों सहित विविध हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद अपनी रिपोर्ट में भारत में चंदन के विकास और इसके प्राचीन गौरव को पुनः प्राप्त करने के लिए कई उपायों की सिफारिश की।

## अबूझमाड़ नक्सल मुक्त : अमित शाह

**नयी दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ को नक्सल मुक्त घोषित करते हुए बताया कि दो दिन में 258 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने इसे मोदी सरकार की नीति की बड़ी सफलता बताया और कहा कि नक्सलवाद अब अपने अंत की ओर बढ़ रहा है।

शपथ पत्र



शपथ पत्र संख्या 12922, दिनांक 11.10.2025 के अनुसार, मैं इंद्रावती देवी पति, सुनेश्वर सिंह ग्राम-लक्ष्मीपुर, पोस्ट - गुलबझरी, थाना - नौडीहा बाजार , जिला - पलामू, राज्य - झारखंड निम्नलिखित शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ कि यह कि उपरोक्त पता का स्थाई निवासी हूँ यह कि मैं इंद्रावती देवी एवं चंद्रावती देवी दोनों नाम से जानी पहचानी जाती हूँ। यह कि बैंक खाता 31333536792 एवं पहचान पत्र CSN0692116 में मेरा नाम इंद्रावती देवी पति सुनेश्वर सिंह दर्ज है। यह की मेरे आधार कार्ड संख्या 858070358543 में मेरा नाम चंद्रावती देवी है। यह कि बैंक खाता में नाम सुधार हेतु अब मुझे आधार कार्ड में चंद्रावती देवी के जगह इंद्रावती देवी पति सुनेश्वर सिंह करने का सपथ कर रही हूं। मैं अब इंद्रावती देवी के नाम से जानी पहचानी जाऊंगी।

## गुजरात में भूपेंद्र सरकार के सभी 16 मंत्रियों का इस्तीफा, नयी कैबिनेट की शपथ आज

**गांधीनगर (आजाद सिपाही)।** गुजरात सरकार के सभी 16 मंत्रियों ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया है। सीएम भूपेंद्र पटेल कुछ देर में राज्यपाल को मंत्रियों का इस्तीफा सौंपेंगे। शुक्रवार को गांधीनगर में सुबह 11.30 बजे नयी कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह होगा। नयी कैबिनेट में 2 डिप्टी सीएम बनाये जा सकते हैं। मंत्रिमंडल में नये चेहरों को मौका मिलने की उम्मीद है। कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक भी मंत्री बन सकते हैं। गुजरात की मौजूदा कैबिनेट में सीएम पटेल समेत 17 मंत्री थे, जिसमें आठ कैबिनेट रैंक के मंत्री हैं, जबकि इतने ही राज्य मंत्री हैं। गुजरात विधानसभा में 182 विधायक हैं। इस लिहाज से गुजरात सरकार में सीएम समेत 27 मंत्री हो सकते हैं। जिन विधायकों को मंत्रिमंडल में जगह मिलनी है, उन्हें फोन कर सूचना दे दी गयी है। शपथ समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा उपस्थित रहेंगे।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

Ethics IVF and Fertility Centre
IVF टेस्ट ट्यूब बेबी
अब आपकी 'नन्ही सी खुशी' का इंतजार होगा खत्म
रजिस्ट्रेशन करने पर पाए IVF पैकेज पर 20% तक की छूट
आई.वी.एफ OPD मिलें अनुभवी IVF विशेषज्ञ से
प्रत्येक रविवार को IVF OPD & FREE | ULTRASOUND - FREE
SEMEN TEST - FREE
V.I.P. चौक, देवघर पैलेस V-MART के पिछे दूसरे तल्ला पर, झारखण्ड (814112)
+91 8866 86 5216
+91 7486 07 9830

पटाखें ही पटाखें...
ट्रेड फ्रेंड्स एंड कंपनी
पटाखों के थोक व खुदरा विक्रेता
कोरोनेशन के पटाखें
43 वर्षों का विश्वास ट्रेड फ्रेंड्स
खुशियाँ पटाखों से पटाखें हमसे...
मुर्गा छाप पटाखें
कोरोनेशन मुर्गा छाप आनंदा कोरो स्पार्कलर बालाजी चन्दामामा
दीवाली फैमली पैक (गिफ्ट बॉक्स)
Available In 9 Varieties
Rs. 810 से Rs. 9370
Free Gift Inside
• अपने पसंद के पटाखें चुन कर लें
• ट्रॉली से शॉपिंग का आनंद लें
• पटाखों का विशाल संग्रह
• नये नये पटाखें उचित मूल्य पर
• पटाखें जो बच्चों की कल्पनाओं में जान लाते हैं
और भी बहुत प्रकार के पटाखें...
Showroom-1 : NH-33 (Chakla Ormanjhi) Near BMW Showroom, Ranchi
Showroom-2 : Gonda Town Kanke Road, Ranchi
: 92049 51600 (ORMANJHI)
: 73600 27795 (KANKE ROAD)

Eye Care Eye Hospital Eye Wear
Nayan Sukh Opticians
Your EYES are precious Please Take Care of them
■ Screening for all types of Eye diseases
■ Hearing Aids ■ Machine
■ All Types of latest & Luxury branded Frame
■ Eye Glasses, Sun Glasses & Contact Lenses
H.B.Road, Beside Santovita Hospital, Ranchi
Tel.: 0651-2201795, Mob.: 9334424892

TEXMO Borewell Submersibles
AQUATEX Agricultural Monoblocks Open-well Submersibles Pumps Pressure Boosting Systems
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

Pankaj Kumar Prop.
Festival Offer 20% Off
PERFECT JEANS
All Men's Wear
Piska More, Ranchi,
6203505097/6203392926

VERMA PRESS वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

VACCINE HOUSE वैक्सीन हाउस
Vaccination Center
The Vaccination Experts Since 2007
वैक्सीनेशन की सुविधा घर पर
Vaccinations available for
Newborn
Adult
Pregnant Woman
Senior Citizen
Painless Vaccines | Varicella MMR | Influenza Hepatitis A | Typhoid (TCV) MCV
HYGIENIC ECONOMICAL TIME SAVING
● अन्य क्लिनिकों के मुकाबले टीके कम कीमत पर उपलब्ध
● 100% ओरिजिनल प्रोडक्टस ● 100% कोल्ड चेन मेंटेन्ड स्टोरेज
● प्रमाणित और प्रशिक्षित स्टाफ नर्स द्वारा टीकाकरण
www.vaccinehouse.com
Ranchi : Bariatu Road, Opp. Middle School, Karamtoli Chowk 9304342555
Patna : Vijay Aman Apt., 1st Floor, Nr. Gravity Mall, Main Road, Kankarbagh 8102526611

URBAN CLASSES
Scholarship Up To 100%
FACULTY - IIT/NIT
JEE/NEET
XI-XII FOUNDATION
IX-X PRE-FOUNDATION
Congratulations
95.8% 12th PCM in 3 month
DPS Ranchi Kumar Harsh
FREE ADMISSION
SPOKEN ENGLISH FOREIGN LANGUAGES
★ FRENCH ★ SPANISH ★ RUSSIAN ★ GERMAN ★ KOREAN ★ JAPANESE
8877441121
8877441124
Head Office-RS Tower 3rd Floor Lalpur Opp K.C Roy Memorial Hospital Ranchi-1

WIG HOUSE
OUR PRODUCTS & SERVICES
Non Surgical Hair Replacement
Hair Weaving
Hair Patch Servicing
Clip in hair Extensions
Tape in Hair Extensions
Pre Bonded Hair Extensions
Micro Bead Hair Extensions
Wefted Boundles
Closure
Frontal
360 Frontal
OUR PRODUCTS & SERVICES
Cancer Patient Wigs
Full Lace Wigs
Front Lace Wigs
Mono Silk Topper
2nd Floor, Beside Novelty Shop, GEL Church Complex, Main Road, Ranchi-834001
Call : 7250847497, 8210170843

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**